झारखंड बजट

₹1,28,900 करोड़ का बजट

2024 2025

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 28 फरवरी, 2024, बुधवार, वर्ष 09, अंक 129, फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत 2080, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती, झारखण्ड पर

## श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

भारत की माननीय राष्ट्रपति

## का हार्दिक अभिनंदन और

# जोहार



**श्री सी. पी. राधाकृष्णन**
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**
भारत की माननीय राष्ट्रपति

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

P.R. 320586 (IPRD) 23-24

झारखंड बजट

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

₹1,28,900 करोड़ का बजट

2024 2025

रांची 28 फरवरी, 2024, बुधवार, वर्ष 09, अंक 129, फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत 2080, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00



झारखंड बजट
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
₹1,28,900 करोड़ का बजट
2024 2025
रांची 28 फरवरी, 2024, बुधवार, वर्ष 09, अंक 129, फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत 2080, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

# चंपाई सरकार के बजट में किसानों की बल्ले-बल्ले



- 1.28 लाख करोड़ का बजट पेश
- किसानों का दो लाख का कर्ज होगा माफ
- गरीबों के आंसू पोछने की योजनाएं
- राज्य के नौनिहालों पर विशेष फोकस
- विकास को मिलेगी गति
- 2030 तक 10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चंपाई सरकार ने पहली बार मंगलवार को बजट पेश किया। बजट में किसानों को बड़ी राहत दी गयी है। गरीबों का आंसू पोछने के लिए कई योजनाओं का प्रवाधान किया गया है, तो अलग से बाल बजट बना कर राज्य के नौनिहालों पर विशेष ध्यान दिया गया है। बजट से विकास को गति मिलेगी। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक लाख 28 हजार 900 करोड़ का बजट पेश किया है। सरकार ने किसानों के लिए बड़ी घोषणा की है। बजट में किसानों की ऋण माफी को 50 हजार से बढ़ाकर दो लाख कर दिया है। इस योजना में एनपीए खाता धारक किसानों को भी शामिल करने का ऐलान किया है। रामेश्वर उरांव लगातार पांचवीं बार विधानसभा में बजट पेश किया। इस बार के बजट में पिछले साल से 3.7 फीसदी का इजाफा हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष का बजट एक लाख 16 हजार 418 करोड़ रुपये था। चुनावी साल होने के कारण इस बार योजनाओं पर सरकार का फोकस है। आर्थिक विकास दर 7.7 फीसदी रहने का अनुमान है।

सदन में वित्त मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ राजस्व आय के 53 हजार 500 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। इसे वर्ष 2023-24 से 2030 के बीच हर साल 14.2 प्रतिशत की औसत वृद्धि सुनिश्चित करके हासिल किया जा सकता है। चंपाई सरकार ने झारखंड को 2030 तक 10 ट्रिलियन (10 लाख करोड़ रुपये) की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।

## राजस्व खर्च में 8.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी

पिछले वित्तीय वर्ष से 3.7 प्रतिशत अधिक का बजट है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व व्यय के लिए 91 हजार 832 करोड़ रखे गये जो पिछले साल से 8.5 प्रतिशत अधिक है। राजस्व आय 53 हजार 500 करोड़ रहने का अनुमान है, जिसमें कर राजस्व से 34 हजार 200 करोड़ गैर राजस्व से 19 हजार 301 करोड़ केंद्रीय सहायता से 16 हजार 961 करोड़ केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी के रूप में 40 हजार 338 करोड़ रुपये लोक ऋण में 18 हजार करोड़ रुपये विभाग और अग्रिम वसूली में 100 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। राजकोषीय घाटा 24-25 में 9 हजार 500 करोड़ रुपये का अनुमान है।

## हर गरीब को मिलेगा आवास



सरकार ने अबुआ आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2 लाख, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3.50 लाख, वर्ष 2025-26 में 2.50 लाख परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ देने का निर्णय किया था। बड़ी संख्या में आये आवेदनों को देखते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2027-28 तक इसे बढ़ाकर प्रतिवर्ष 4.5 लाख परिवार कर दिया गया है। इससे लगभग 20 लाख परिवारों को योजना का लाभ मिलेगा। योजना के लिए सरकार ने 4,831 करोड़ 93 लाख रुपये का बजट में प्रावधान किया है। सर्वजन पेंशन योजना में उम्र सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दी गयी है। आर्थिक रूप से कमजोर सभी महिलाओं एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों को भी इस पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए सरकार ने बजट में कुल 3,107 करोड़ 40 लाख रुपये का प्रावधान किया है।

## शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया



स्कूली शिक्षा में 325 प्रखंडस्तरीय लीडर स्कूल के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। 4036 पंचायत स्तरीय स्कूलों को अगले दो वर्षों में आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। डिप्लोमा स्तर पर पढ़ाई करने वाली छात्राओं को मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के तहत डिप्लोमा स्तर पर 15 हजार प्रति वर्ष और डिग्री स्तर के लिए 30 हजार रुपये प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता दी जायेगी। राज्य सरकार मेसर्स कॉमन सर्विस सेंटर पीवी के साथ साझेदारी कर एक राज्यव्यापी लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम विकसित करेगी। बीआइटी सिंदरी में स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है। राज्य सरकार राज्य में 19 नये महाविद्यालय, जिसमें 15 डिग्री महाविद्यालय और 4 महिला महाविद्यालय की स्थापना करेगी। राज्य सरकार आगामी वर्षों में राजधानी रांची में मेडिकल कॉलेज की स्थापना करेगी। छात्रों के लिए नि:शुल्क आवासन की सुविधा के लिए बहुमंजिला मॉडल छात्रावास का निर्माण चरणबद्ध तरीके से कराया जायेगा।

## इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिया गया है ध्यान



वर्ष 2024-25 में पथ घनत्व बढ़ाने एवं कोर रूट नेटवर्क कनेक्टिविटी विकसित करने के निर्धारित लक्ष्य के तहत नये पथों को शामिल करने का प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2500 किलोमीटर पथ और 200 पुल के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। पीरटांड़ मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना एवं पटमदा लिफ्ट सिंचाई योजना के कार्यान्वयन करवाया जायेगा। इसके अलावा पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना के लिए 456 करोड़ 63 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। महिला एवं बाल विकास के तहत 2500 आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया जायेगा।

# बाल बजट पेश, 8,866.69 करोड़ खर्च करेगी सरकार

**80 योजनाओं के दायरे में झारखंड के नौनिहाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** चंपाई सरकार ने बाल बजट पेश किया है। 80 योजनाओं के दायरे में झारखंड के नौनिहालों को रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आउटकम बजट से संबंधित विभागों की योजनाओं के आधार पर बाल बजट तैयार किया गया है। बाल बजट तैयार करने का उद्देश्य राज्य में बच्चों के समुचित विकास के लिए समेकित प्रयास करना है। राज्य में बच्यों से संबंधित संचालित होने बाली योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करना है। इस वर्ष आउटकम बजट की कुल 216 योजनाओं में से बच्चों से संबंधित लगभग 80 योजनाओं के आधार पर बाल बजट तैयार किया गया है, जिसमें कुल 8,866.69 करोड़ की राशि उपबंधित की गयी है। यह राशि आउटकम बजट के अंतर्गत लिए गये योजनाओं के कुल उपबंधित राशि का लगभग 18 प्रतिशत है। राज्य के कुल योजना आकार का लगभग 11 प्रतिशत है। इसमें बच्चों के कल्याण के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है।

बाल बजट बच्चों की जरूरतों और कल्याण के लिए सरकार द्वारा वित्तीय संसाधनों को आवंटित करने और व्यय की योजना बनाने की प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य सरकारी व्यय के प्रभाव का मूल्यांकन करना भी है। इस बजट के माध्यम से बच्चों के विकास से संबंधित सभी योजनाओं की सही मॉनिटरिंग हो सकेगी। बच्चों के विकास पर कितना काम हुआए इसकी सही-सही जानकारी मिल सकेगी। इस बजट के माध्यम से ही बच्चों के विकास को सुनिश्चित करने कते लिए स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण और शिक्षा जैसे कार्यक्रमों के लिए संसाधनों को आवंटित किया जाता है।



झारखंड बजट 2024
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
₹1,28,900 करोड़ का बजट 2025
रांची 28 फरवरी, 2024, बुधवार, वर्ष 09, अंक 129, फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत 2080, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00



झारखंड बजट

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

₹1,28,900 करोड़ का बजट

रांची 28 फरवरी, 2024, बुधवार, वर्ष 09, अंक 129, फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत 2080, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

## बजट की प्रमुख घोषणाएं

1. दो लाख रुपये तक का कृषि कर्ज माफ
2. अबुआ आवास योजना के तहत 3.50 लाख घर बनाने की योजना
3. 15,00 रुपये का मातृ किट देगी सरकार
4. खाद्य सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ा कर 25 लाख करने का प्रस्ताव
5. मुखिया का मानदेय बढ़ाया
6. 125 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी
7. कृषि क्षेत्र के लिए 4606 करोड़ का बजट
8. पेंशन मद में 8021 करोड़ रुपये का बजट
9. एससी-एसटी और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए 3523.55 करोड़
10. महिलाओं और बच्चियों के कल्याण के लिए बजट
11. 21 जिलों में चलंत ग्राम क्लीनिक का संचालन किया जायेगा।
12. रिम्स का सुदृढ़ीकरण एवं रिनपास के कैंपस में एक मेडिको सिटी की स्थापना
13. राजधानी रांची में एक और मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जायेगी।
14. अब झारखंड के गरीब परिवारों को चावल-दाल के साथ सोयाबीन बड़ी भी मिलेगा.
15. पीरटांड मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना और पटमदा लिफ्ट सिंचाई योजना की स्वीकृति दी गयी है.
16. पलामू पाइप लाइन सिंचाई योजना के लिए 4 सौ 56 करोड़ 63 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं.
17. राज्य में 2 हजार 5 सौ आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण होना है।

# यह बजट आत्मनिर्भर झारखंड की परिकल्पना को पूरा करेगा: सीएम

**गरीब कल्याण, सर्वसमावेशी तथा जन आकांक्षा के अनुरूप है बजट 2024-25**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि यह जन आकांक्षाओं का बजट है। राज्य सरकार ने जनता के विश्वास एवं उम्मीद के अनुरूप बजट बनाने का कार्य किया है। राज्य सरकार ने आज 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपए का बजट पेश किया है। हमारी सरकार ने राज्य के किसानों को राहत देने का कार्य किया है। बजट में किसानों की ऋण माफी को 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया गया है। इस ऋण माफी योजना के अंतर्गत एनपीए हुए खाता धारक किसानों को भी शामिल करने का प्रावधान किया गया है। अबुआ आवास के तहत 20 लाख पात्र गरीब परिवारों को तीन कमरे का पक्का मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कई मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना जैसे पटमदा, पीरटाड़ और पलामू इत्यादि कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री विधानसभा में पेश बजट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना में उम्र सीमा बदलाव किये गये हैं। एसटी-एससी और महिला के लिए उम्र सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दी गयी है। 2500 नये आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आत्मनिर्भर झारखंड की परिकल्पना को पूरा करने वाला बजट है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योग विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। राज्य में निवेशकों को पूरी सुविधाएं एवं बेहतर माहौल प्रदान की जा रही है, ताकि औद्योगिक प्रतिष्ठानों का अधिष्ठापन सुगमता पूर्वक की जा सके।



## शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट 2024-25 में 19 नये महाविद्यालय स्थापित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। 4 महिला महाविद्यालय का निर्माण किये जायेंगे। रांची में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जायेगी। रिनपास की जमीन पर एक मेडिको सिटी की स्थापना भी की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में 90 हजार परिवारों को ग्रामीण महिला उद्यमिता से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीन कार्ड में 5 लाख की वृद्धि की गयी है। अब कुल 25 लाख ग्रीन कार्ड होंगे। घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को आप 100 यूनिट की जगह 125 मिनट निःशुल्क बिजली उपलब्ध करायी जायेगी। चंपाई ने कहा कि शिक्षा, खेल, कौशल विकास सहित कई सेक्टर में विशेष प्रावधान किए गए हैं जिससे राज्य के युवा निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।



चंपाई सोरेन सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के इस बजट में कोई नयी चीज नहीं मिली। बेरोजगारी भत्ता देने की बात इस सरकार ने बड़ी जोर-शोर से किया था, उसका क्या हुआ? यह सरकार सिर्फ जुमलेबाजी करती है। जनता से तमाम लोकलुभावन वादे करती है और बाद में जब सदन में बजट आता है, तो उन वादों से दूरी बना लेती है।

-बाबूलाल मरांडी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



दिशाहीन व निराशाजनक झारखंड बजट है। ना नीति, ना नियत और ना नेतृत्व क्षमता। यह निराशाजनक बजट झारखंड को पीछे ले जाने वाला है। खुद सत्ता पक्ष उदासीन है, क्योंकि उन्हें भी पता है कि यह झामुमो-कांग्रेस-राज्य सरकार का आखिरी बजट साबित होगा और विदाई तय है।

- अमर कुमार बाउरी, नेता प्रतिपक्ष

### प्रेस कांफ्रेंस

## 20 लाख परिवारों को अबुआ आवास: डॉ रामेश्वर

रांची (आजाद सिपाही)। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने विधानसभा के सभागार में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस बजट में कई नयी घोषणाएं शामिल हैं। इनकी संख्या दो दर्जन से अधिक है। वित्तीय वर्ष 24-25 में ऋण माफी की सीमा 50 हजार रुपये से बढाकर 2 लाख रुपये किया जायेगा। एनपीए खाताधारक किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। वित्तीय वर्ष 27-28 की अवधि तक 20 लाख परिवारों को इसका लाभ दिया जायेगा। रामेश्वर उरांव ने बताया कि सरकार 2025 तक भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में से 2500 भवनों का निर्माण करायेगी। सत्र 2024-25 से सरकार द्वारा 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूल का संचालन किये जाने का लक्ष्य है। इसके अलावा 4036 पंचायत स्तरीय स्कूलों को अगले दो सालों में आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने की योजना है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में पहली बार राज्य के 259 स्कूलों में मातृभाषा आधारित शिक्षण प्रक्रिया प्रायोगिक तौर पर आरंभ की गयी थी। अब 24-25 में इसे राज्य के 7 जिलों के 1000 प्राइमरी स्कूल में लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। झारखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में पथ घनत्व बढ़ाने एवं रोड नेटवर्क कनेक्टिविटी विकसित करने के निर्धारित लक्ष्य के तहत नये रोड को शामिल करने का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसका विकास कम से कम इंटरमीडिएट लेन के रूप में किया जायेगाण इसके अंतर्गत ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट एवं इंपॉर्टेंट कॉरिडोर का भी निर्माण होगा। रांची शहर के लिए इनर रिंग रोड एवं फीडर रोड के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। डॉ रामेश्वर उरांव ने जानकारी दी कि राज्य में कुल 19 नये कॉलेज खोले जायेंगे। इनमें 15 डिग्री कॉलेज और 4 महिला महाविद्यालय होंगे। मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के तहत तकनीकी शिक्षण संस्थान में स्नातक और डिप्लोमा प्रोग्राम वाले स्टूडेंट्स को वित्तीय मदद दी जायेगी। डिप्लोमा स्तर पर 15 हजार रुपये प्रतिवर्ष और डिग्री स्तर के लिए 30 हजार रुपये प्रति वर्ष दिये जायेंगे। वर्ष 24-25 में इसे लागू किया जायेगा।

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास : बजट-1053.27 करोड़**

## प्रशिक्षण प्राप्त बेरोजगार को रोजगार प्रोत्साहन भत्ता

रांची (आजाद सिपाही)। वर्ष 2023-24 में क्रियान्वित मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत युवक-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण दिये जाने के लक्ष्य 1,40,000 के विरुद्ध लगभग 75,000 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त ऐसे युवक-युवतियों, जिन्हें रोजगार उपलब्ध नहीं हो सका है, को रोजगार प्रोत्साहन भत्ता के रूप में डीबीटी के माध्यम से 2.45 करोड़ का प्रोत्साहन भत्ता निर्गत किया गया है।

**अनुसूचित जनजाति-जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण : बजट-1371.39 करोड़**

## बनेगा बहुमंजिला मॉडल छात्रावास अखड़ा गांव को पारंपरिक वाद्य यंत्र

छात्रावासों का निर्माण योजनांतर्गत उच्च शिक्षा ग्रहण को लेकर अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ निःशुल्क आवासन की सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए प्रमुख शहरों में बहुमंजिला मॉडल छात्रावासों का निर्माण चरणबद्ध तरीके से कराया जायेगा। जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से युनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड नॉर्दन आयरलैंड में स्थित चयनित विश्वविद्यालयों / संस्थानों में चयनित कोर्स में उच्च स्तरीय शिक्षा यथा मास्टर्स/एमफिल डिग्री ग्रहण करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। राज्य के सरकारी विद्यालयों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग के वर्ग 8



में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में शैक्षणिक निरंतरता को प्रोत्साहित करने और ड्रॉप आउट रेट रोकने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण किया जायेगा। अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए धार्मिक स्थल, श्मशान और मसना की घेराबंदी का कार्य किया जायेगा। जनजातीय संस्कृति एवं उनकी समृद्ध विरासत के संरक्षण के उद्देश्य से जनजातीय गांवों में अखड़ा का निर्माण और उनके पारंपरिक वाद्य यंत्रों की आपूर्ति का प्रस्ताव है।

**योजना एवं विकास : बजट-415.43 करोड़**

## सरकार ने चौथी बार पेश किया आउटकम बजट

रांची। झारखंड देश का पहला राज्य है, जिसने न केवल आउटकम बजट के सूत्रण की प्रक्रिया में सतत विकास लक्ष्यों को केंद्र में रखा है। ऑनलाइन डैशबोर्ड के माध्यम से वित्तीय वर्षवार आउटकम बजट के विरुद्ध प्रगति प्रतिवेदन को भी सदन के पटल पर प्रस्तुत करता रहा है। योजना एवं विकास विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 से आउटकम बजट का सूत्रण किया जा रहा है। आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 13 विभागों का आउटकम बजट इस सदन के पटल पर लगातार चौथी बार प्रस्तुत किया जा रहा है।

## बजट भाषण का बहिष्कार कर विपक्ष का वॉक आउट



**रांची (आजाद सिपाही)।** सदन में वित्त मंत्री के बजट पढ़ने के दौरान विपक्ष ने बजट भाषण का बहिष्कार किया और सदन से निकल गये। इस पर वित्त मंत्री ने कहा कि इनमें बजट भाषण सुनने की ताकत ही नहीं है। ये गरीबों को माड़ भात खिलाते थे। हेमंत सरकार ने चावल के साथ दाल भी खिलायी। अब चंपई सरकार दाल भात के साथ सब्जी भी खिलायेगी।

**पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य : बजट-336.16 करोड़**

## नेतरहाट बनेगा टूरिस्ट डेस्टिनेशन स्पॉट

**पर्यटन उद्योग स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में भी काफी उपयोगी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बजट में कहा गया है कि झारखंड में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। पर्यटन उद्योग स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में भी काफी उपयोगी है। इसलिए राज्य सरकार ने राज्य में पर्यटन को उद्योग का दर्जा देते हुए अलग से एक पर्यटन नीति का गठन किया है। नेतरहाट को एक टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए नेतरहाट टूरिस्ट डेवलपमेंट ऑथोरिटी का गठन किया गया है। अर्जुन अवार्ड, द्रोणाचार्य अवार्ड, ध्यानचंद आवार्ड प्राप्त खिलाडी, ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाडी कॉमन वेल्थ खेल, एशियन गेम के पदक विजेता खिलाड़ी जो अब व्यवहारिक तौर पर खेल में नहीं है, ऐसे झारखंड राज्य के खिलाड़ियों को मासिक पेंशन प्रदान करने के लिए पेंशन योजना प्रारंभ की गयी है। खिलाड़ियों को खेल प्रतियोगिता के लिए उचित मंच प्रदान करने के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन का प्रस्ताव है, जिसमें मुख्यतः दो प्रतियोगिताएं शामिल हैं। खेल-कूद को बढ़ावा देने के लिए सिदो-कान्हू युवा क्लब स्थापित किया गया है। सिदो कान्हू युवा खेल क्लब गठन और संचालन मार्गदर्शिका की अधिसूचना के बाद नवंबर, 2023 तक ग्राम स्तर पर कुल 27,433 और प्रखंड स्तर पर 130 सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया जा चुका है।

## बजट 2024-25: चुनावी नहीं, जनहित बजट

# बीते वर्ष के मुकाबले थोड़ा बढ़ा, लेकिन दिख रहा बड़ा विकास

प्रशांत झा

**रांची।** गठबंधन सरकार (झामुमो, कांग्रेस और राजद) की तरफ से वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने मंगलवार को विधानसभा में पांचवीं बार बजट पेश किया। अगले कुछ महीनों में लोकसभा चुनाव होना है और इसके बाद इस वर्ष के अंत तक विधानसभा चुनाव होंगे। इसके बावजूद बजट को लोक लुभावन या चुनावी बजट नहीं कहा जा सकता है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में यह पहला बजट है। बीते वर्ष के मुकाबले बजट को थोड़ा ही बढ़ाया गया है, लेकिन विकास का बड़ा प्रावधान दिख रहा। योजनाएं धरातल पर उतरेंगी, तो किसान,



महिला, बच्चे, युवा, आदिवासी हर वर्ग को लाभ मिलता दिख रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में जो प्रावधान किये गये हैं, उससे रांची राजधानी से लेकर दूर देहात तक की तस्वीर बदलनी तय है।

पेट भरने के लिए भोजन की बात हो, या गरीबों के सिर पर छत की व्यवस्था। किसानों के ऋण से मुक्ति की बात हो, या गरीबों को पेंशन दे कर राहत देने का प्रयास। बजट में इस तरह के सभी प्रावधान दिख रहे हैं। लोगों को 125 यूनिट बिजली मुफ्त मुहैया कराने के लिए बजट में राशि है, तो राशनकार्ड धारियों को सोयाबीन मुहैया कराने का ध्यान रखा गया है। शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल से लेकर कॉलेज तक की चर्चा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में रांची के रिम्स में सुधार की बात है, तो अन्य क्षेत्र के स्वास्थ्य व्यवस्था पर ध्यान दिया गया है। सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई, खेल, स्वास्थ्य समेत शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जिसमें विकास के लिए बजट का प्रावधान नहीं किया गया है। सरकार ने अच्छा वित्तीय प्रबंधन दिखाया है। सरकार लोगों तक सुविधा मुहैया कराने के लिए राजस्व बढ़ोत्तरी पर ध्यान दिया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 53 हजार पांच सौ करोड़ 43 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। राजकोषीय घाटा को नियंत्रण में रखने का प्रयास किया गया है। अगले वित्तीय वर्ष में राजकोषीय घाटा का अनुमान 2.02 है, जो एफआरबीएम की निर्धारित सीमा तीन फीसदी से कम है। बजट में बेहतर ऋण प्रबंधन किया गया है। ये सारी बातें इस बात की पुष्टि करती हैं कि बजट आकार भले ही कम बढ़ा हो, लेकिन जनहित के लिए बहुत ही अच्छा है।

अष्टम् पुण्यतिथि



स्व० कौशल किशोर सिंह
(15.01.1940 - 28.02.2016)

आपकी स्मृतियां सदैव हम सभी के मानस पटल पर अंकित रहेगी। अष्टम् पुण्यतिथि पर हम सभी की ओर से आपको हार्दिक श्रद्धांजलि।

आपकी यादों में :
अमरेन्द्र कुमार (पुत्र) – रूबी देवी
इन्दु देवी – विजय कुमार
रमेन्द्र कुमार – अनिता देवी
शशांकराज, सृष्टिराज, सुर्याशराज, सारांशराज (दर्श)
संस्था : लिटिल विंग्स स्कूल, बुटी मोड़, राँची।
संस्था : आर एस ग्रुप ऑफ कंपनी, माँ शांति देवी फाउंडेशन।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 की नयी घोषणाएं

- आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऋण माफी की सीमा 50,000 रुपये से बढ़ाकर 2,00,000 रुपये करने तथा एनपीए खाता धारक किसानों को भी इस योजना के तहत सम्मिलित करने का प्रस्ताव है।
- सरकार की महत्त्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से अनाच्छादित राज्य के गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए की गई है, जिसमें लाभार्थियों को पाँच किस्त में 2,00,000 (दो लाख) रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2 लाख, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3 लाख 50 हजार एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2 लाख 50 हजार परिवारों को इसका लाभ देने का निर्णय लिया गया था, परन्तु आवेदनों की संख्या को ध्यान में रखते हुए सरकार अब इस योजना के आकार को बड़ा करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2027-28 तक प्रतिवर्ष लगभग 4 लाख 50 हजार परिवारों, यानि लगभग 20 लाख परिवारों को इसका लाभ दिये जाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4,831.83 करोड़) रुपये का बजट प्रस्तावित है।
- राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीरटांड मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना एवं पटमदा लिफ्ट सिंचाई योजना का कार्यान्वयन कराया जायेगा। पीरटांड प्रखंड में बराकर नदी पर वीयर का निर्माण कर भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से जल उद्वह कर पीरटांड प्रखंड में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इसी प्रकार पूर्वी सिंहभूम के पटमदा आदि क्षेत्रों में भूमिगत पाईप लाईन से जल उद्वह सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है।
- पलामू जिलांतर्गत भूमिगत पाईपलाइन के माध्यम से विभिन्न जलाशयों / जल निकायों में आवश्यकतानुसार पेयजल एवं सिंचाई जल उपलब्ध कराने के निमित्त पलामू पाईपलाइन सिंचाई योजना हेतु लगभग 456.63 करोड़ (4 सौ 56 करोड़ 63 लाख) रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस योजना से पलामू जिलांतर्गत चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, मोहम्मदगंज आदि क्षेत्र के कृषक मुख्य रूप से लाभांवित होंगे। प्रस्तावित पाईपलाइन के दोनों तरफ 2 किमी के दायरे में अवस्थित जलाशयों में आवश्यकतानुसार जल भरा जा सकेगा।
- निर्वाचित जन प्रतिनिधियों यथा जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रमुख, उपप्रमुख, मुखिया, उपमुखिया, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं ग्राम पंचायत सदस्यों का मानदेय में बारह वर्षों के बाद पहली बार वृद्धि की गयी है।
- मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत 60 वर्ष की उम्र के व्यक्ति आच्छादित किये गये हैं, किन्तु निःशक्त व्यक्तियों, आदिम जनजाति के व्यक्तियों, निराश्रित महिलाओं, एचआइवी/एड्स से ग्रसित व्यक्तियों एवं ट्रान्सजेंडरो / तृतीय लिंग व्यक्तियों के साथ-साथ 50 वर्ष की आयु पूरी करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर सभी महिलाओं तथा अनुसूचित जनजाति/जाति के सभी व्यक्तियों को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है, जिसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 3,107.40 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत लगभग 23,50,000 (23 लाख 50 हजार) लाभार्थी आच्छादित होंगे।
- सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का अपना भवन हो, इसे राज्य सरकार सुनिश्चित करा रही है। इसी क्रम में सरकार वर्ष 2025 तक भवनहीन केन्द्रों में से 2,500 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण करायेगी। वर्तमान में 38,432 केंद्र संचालित है। कुल 7,687 आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए टेबुल, कुर्सी के मद में कुल 280.17 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जा रहा है।
- राज्य सरकार द्वारा 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूल का संचालन आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 से प्रारंभ करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार द्वारा सभी 325 प्रखंड स्तरीय विद्यालयों का संचालन शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रारंभ करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही 4,036 पंचायत स्तरीय विद्यालयों को अगले 02 वर्षों में आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 में पहली बार राज्य के 259 विद्यालयों में मातृभाषा आधारित शिक्षण प्रक्रिया प्रायोगिक तौर पर प्रारंभ की गयी थी। इसके सकारात्मक फलाफल को देखते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में इसे राज्य के 07 जिलों के एक हजार प्रारंभिक विद्यालयों में लागू करने का लक्ष्य रखा गया है।
- उच्च शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा संस्थानों में छात्राओं के नामांकन में सुधार करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने राज्य के तकनीकी शिक्षण संस्थान में स्नातक और डिप्लोमा कार्यक्रमों में नामांकित छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मानकी मुंडा छात्रवृति योजना की पहल की है, जिसमें डिप्लोमा स्तर पर 15,000 रुपये प्रतिवर्ष एवं डिग्री स्तर के लिए 30,000 (तीस हजार) रुपये प्रतिवर्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। इसे वित्तीय वर्ष 2024-25 में लागू किया जायेगा।
- राज्य सरकार के द्वारा मेसर्स कॉमन सर्विस सेंटर एसपीवी के साथ साझेदारी में विद्यार्थियों की ऑनलाइन शिक्षण को सक्षम बनाने के लिए एक राज्य-व्यापी लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) विकसित किया जा रहा है। एलएमएस में छात्रों की ऑनलाइन कक्षाओं, मूल्यांकन, प्रॉक्टरिंग और ग्रेडिंग की सुविधा होगी। यह छात्रों के ज्ञान में वृद्धि के लिए यूजीसी और एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों को ऑनलाइन भी संचालित करेगा।
- विद्यार्थियों को बाजार प्रासंगिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित करने और उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि के लिए उभरती प्रौद्योगिकी क्षेत्रों यथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, एआर-वीआर आदि और बाजार मांग वाले सेवा यथा खुदरा, सत्कार, वित्तीय सेवाओं आदि पर एसपीवी (स्पेशल परपस व्हीकल) के माध्यम से बीआइटी सिंदरी में स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना का प्रस्ताव है।
- राज्य सरकार ने राज्य में उन्नीस नये महाविद्यालयों (15 डिग्री महाविद्यालय तथा 04 महिला महाविद्यालय) स्थापित करने का निर्णय लिया है। 04 नये महिला महाविद्यालय बनाने से राज्य में प्रत्येक जिला सरकारी महिला महाविद्यालय से अच्छादित हो जायेगा।

### बजट भाषण की कविता के जरिये गिनायी उपलब्धियां

# सरकार आपके द्वार खुशियां लायी...

## वित्त मंत्री ने पढ़ा 41 पेज का बजट भाषण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 2024-25 का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने सरकार की चार साल की उपलब्धियों का बखान किया। कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार विकास के रास्ते पर दृढ़ता से आगे बढ़ने की चुनौती को स्वीकार किया। अथक प्रयास से झारखंड के वित्तीय प्रबंधन को उत्कृष्ट बनाने में सफलता हासिल की है। हम जनआकांक्षाओं की कसौटी पर खरे उतरे हैं। इसके बाद उन्होंने एक कविता पढ़ी, जो इस प्रकार है -

*हर विघ्न को हमने पार किया,*
*कांटों का झुरमुट साफ किया,*
*जब घटा कोरोना की छाई,*
*सुखाड़ उदासी भर लाई।*
*जब लगा सिमटने केंद्रीय अनुदान,*
*वित्तीय प्रबंधन बना समाधान।*
*हुआ अग्रसर तब अबुआ राज,*
*कुशल, बेहतर कर काम-काज।*
*विकास की गाड़ी घर-घर आयी,*
*सरकार आपके द्वार खुशियां लायी।*

वित्त मंत्री ने 41 पन्ने के अपने बजट भाषण के 8वें और 9वें पन्ने में जाकर इसके बारे में विस्तार से चर्चा की। तीसरे पन्ने की कविता का विस्तृत वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच झारखंड की मौजूदा कीमतों पर जीएसडीपी 9.1 फीसदी की औसत वार्षिक दर से बढ़ी। इस दौरान वर्ष 2015-16 में कमजोर मानसून, वर्ष 2019-20 में आर्थिक मंदी और वर्ष 2020-21 में कोविड महामारी की वजह से विकास दर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इन 11 वर्षों में से 5 वर्ष आर्थिक विकास दर 14.2 प्रतिशत से अधिक रही।

**भाषण का अंत कविता से :** उन्होंने बजट भाषण का अंत भी एक कविता से ही किया। कहा कि काल की शाश्वतता में आज का यह कालखंड हमारे आने वाले भविष्य की नींव है। इसलिए आज हमने सदन के पटल पर केवल आय-व्यय का दस्तावेज ही नहीं रखा है, बल्कि यह समस्त झारखंडवासियों के आज और कल की आशाओं और उम्मीदों की मूक अभिव्यक्ति को वाणी भी दी है। डॉ उरांव ने कहा कि कठिनाइयां और विषम परिस्थितियां मंजिल के लिए बाधा नहीं, बल्कि वे और ज्यादा दृढ़ प्रयास करने को प्रेरित और संकल्पित हैं। चंद्रोदय से पूरनमासी के सफर से आगे हमारी गठबंधन सरकार झारखंड के लोगों को विश्वास दिलाना चाहती है कि हम प्रगति और खुशहाली के उस रास्ते पर अग्रसर हैं, जहां विकास का सूरज कभी अस्त नहीं होता। इसके बाद उन्होंने एक कविता पढ़ी।

*मैं दृष्टि श्रेष्ठ प्रबंधन का*
*जल, जमीन और जंगल का*
*हर हाथ को मिले जब रोजगार*
*अबुआ आवास की छत-दीवार।*
*कर संपदा का सही इस्तेमाल*
*बने झारखंड समृद्ध-खुशहाल*
*गूंजे स्वर मीठे हर कौम से*
*खुशियां बरसेंगी तब व्योम से।*
*लें प्रण, सब मिलकर करें प्रयास*
*हर सोमरा-मंगरा का हो विकास।*

### टैक्स से सरकार ने कमाये 34,200 करोड़

वित्त मंत्री ने झारखंड सरकार की कमाई के स्रोतों के बारे में भी विधानसभा को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार को टैक्स से 34,200 करोड़ रुपये की कमाई हुई, जबकि 19,301 करोड़ रुपये नॉन टैक्स से मिले। केंद्रीय सहायता के रूप में उन्हें 16,961 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई। सेंट्रल टैक्सेज में राज्य की हिस्सेदारी के रूप में झारखंड सरकार को 40,338 करोड़ रुपये मिले। उन्होंने कहा है कि लोक ऋण से 18 हजार करोड़ रुपये और उधार एवं अग्रिम वसूली से 100 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है।

### राजकोषीय घाटा 9500 करोड़ रहने का अनुमान

डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा 9500 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो अनुमानित जीएसडीपी का 2.02 फीसदी है। उन्होंने कहा कि राज्य की आर्थिक विकास दर 9.8 फीसदी रहने का अनुमान है। इतना ही नहीं, वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2030 तक झारखंड को 10 ट्रिलियन रुपये की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। वर्ष 2022-23 में झारखंड का जीएसडीपी 4 ट्रिलियन रहा।

# हमारी सरकार ने किया बेहतर वित्त प्रबंधन: डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के वित्त मंत्री ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने बेहतर वित्तीय प्रबंधन किया है। यही वजह है कि कोरोना संकट के दौरान लॉकडाउन की वजह से जो विपरीत परिस्थितियां उत्पन्न हुई थीं, उससे हम उबर चुके हैं। आज हमारी सरकार जनहित में योजनाएं बना रही हैं। उन्हें लागू भी कर रही है। डॉ उरांव ने कहा कि हमारा यह बजट गरीबों पर केंद्रित बजट है। आम लोगों पर केंद्रित बजट है। इसमें आम लोगों की सहूलियत का पूरा ख्याल रखा गया है।

**झारखंड में विकास ने पकड़ी रफ्तार :** डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण से स्पष्ट हो गया कि झारखंड की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट आयी है। विकास की रफ्तार तेज हुई है। आम लोगों की आमदनी भी बढ़ी है। प्रति व्यक्ति आय 91 हजार रुपये से अधिक हो चुकी है। अगले वर्ष इसके एक लाख रुपये से अधिक हो जाने का अनुमान है।

**आर्थिक विकास दर 7.7 फीसदी रहने का अनुमान :** आर्थिक विकास दर 7.7 फीसदी रहने का अनुमान है। भविष्य में किसी विपरीत आर्थिक स्थिति का सामना न करना पड़े, इसके लिए सिंकिंग फंड में 1600 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इसका इस्तेमाल ऋण भुगतान के लिए ही किया जायेगा। 2024-25 में 500 करोड़ से अधिक निवेश करने का लक्ष्य है।

### सुनने, सीखने की क्षमता नहीं: डॉ रामेश्वर

डॉ रामेश्वर उरांव ने विपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि इनमें सुनने और सीखने की क्षमता नहीं है। ये लोग 20 साल तक बच्चों को मांड़ भात खिला रहे थे। हमारी सरकार ने दाल-भात खिलाना शुरू किया। अब चंपाई सोरेन के नेतृत्व में हमारी सरकार बच्चों को दाल-भात के साथ सब्जी भी खिलायेगी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इनमें सुनने की क्षमता नहीं है। सीखने की क्षमता नहीं है। जब सुनेंगे नहीं, सीखेंगे



नहीं, तो बेहतर कैसे करेंगे। आगे कैसे बढ़ेंगे।

# कृषि एवं संबद्ध प्रक्षेत्र: बजट- 4,606.57 करोड़

# ऋण माफी से लेकर खेती-किसानी में बड़ी राहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृषि एवं संबद्ध प्रक्षेत्र में चंपाई सरकार ने 4606.57 करोड़ का बजट प्रावधान किया है। इससे ऋण माफी से लेकर खेती-किसानी में बड़ी राहत मिलेगी। सूखा से राहत दिलाना और किसानों के आय में वृद्धि सरकर का लक्ष्य है। कृषि ऋण माफी योजना के माध्यम से 4.62 लाख से अधिक किसानों के बीच 1,858 करोड़ की ऋण माफी की गयी। आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऋण माफी की सीमा 50,000 रुपये से बढ़ाकर दो लाख करने का लक्ष्य है। बिरसा बीज उत्पादन, विनिमय वितरण, फसल विस्तार योजना को वित्तीय वर्ष 2023-24 में लागू कर लगभग 2 लाख 10 हजार किसानों को आच्छादित करते हुए अनुदान पर बीज वितरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजनांतर्गत 80 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। खेती में कृषि यंत्रों के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि यंत्र वितरण योजना अंतर्गत मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर पंप सेंट रीपर ट्रॉसप्लांटर आदि का वितरण किया जा रहा है, जिसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 200 करोड़ का बजट प्रस्तावित है। खेती में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एकीकृत जल प्रबंधन के माध्यम से आधुनिक सिंचाई की व्यवस्था करने के लिए कृषकों के निजी भूमि पर शत-प्रतिशत सरकारी अनुदान दिये जाने का प्रस्ताव है, जिसके लिए 10 करोड़ का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है। किसानों को कृषि उत्पादन में आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को पुनः प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत प्रतिकूल मौसम के कारण फसलों के उत्पादन में क्षति होने की स्थिति में फसलों की क्षति का आकलन कर किसानों को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जायेगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 50 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। वनोपज के व्यापार से ठेकेदारी प्रथा को समाप्त कर अनुसूचित जनजाति, ग्रामीणों को उनके द्वारा उत्पादित-संग्रहित उत्पादों का उचित पारिश्रमिक दिलाने, उचित मूल्य दिलाने आदि के उद्देश्य से सिदो कान्हू कृषि-वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड, जिला स्तरीय सहकारी संघ लिमिटेड का गठन किया गया है। 2024-25 में ग्रामीण, शहरी इच्छुक युवा को मछली पालन की विभिन्न विधाओं में सहायता प्रदान कर स्वरोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित करने के लिए 3,50 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन कराने की योजना है।

### वनोपज में ठेकेदारी प्रथा को खत्म करने की पहल



## वित्तीय वर्ष 2024-25 की नयी घोषणाएं

- राज्य सरकार टेर्टियरी हेल्थ केयर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आगामी वर्षों में राजधानी रांची में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना, रिम्स का सुदृढ़ीकरण तथा रितपास के कैंपस में उपलब्ध भूमि पर एक मेडिको सिटी की स्थापना करेगी।
- झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना का सुगम संचालन एवं किसानों को ससमय उनके धान का मूल्य प्राप्ति को ध्यान में रखते हुए धान अधिप्राप्ति योजना अंतर्गत क्रय किये गए धान से प्राप्त चावल से झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना को संचालित किये जाने के संबंध में कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) का उपयोग प्रथम बार किया जा रहा है।
- झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजनांतर्गत लाभुकों को आच्छादित किये जाने का वर्तमान में निर्धारित लक्ष्य 20 लाख है, जिसे बढ़ाकर 25 लाख करने का प्रस्ताव है, ताकि किसी परिस्थिति में पात्र लाभुकों को खाद्यान्न के लाभ से वंचित न रहना पड़े।
- जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के कमीशन में वृद्धि हेतु विगत वर्षों से महंगाई दरों में हुए वृद्धि तथा जनवितरण प्रणाली संघो द्वारा किये गये अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुए जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजनांतर्गत देय डीलर कमीशन की राशि 100 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 150 रुपये प्रति क्विंटल किये जाने का प्रस्ताव है।
- 4जी नेटवर्क आधारित इपॉस मशीनों के अधिष्ठापन हेतु राज्य अंतर्गत आधार आधारित बायोमीट्रिक सत्यापन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में वर्तमान में कार्यरत 2जी नेटवर्क आधारित इपॉस मशीनों के स्थान पर 4जी नेटवर्क आधारित इपॉस मशीनों के अधिष्ठापन की कार्रवाई की जा रही है।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के प्रत्येक राशन कार्डधारी परिवार को सोयबीन-बड़ी का वितरण किये जाने का प्रस्ताव है।
- छात्रावासों का निर्माण योजनांतर्गत उच्च शिक्षा ग्रहण करने के क्रम में अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ निःशुल्क आवासन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रमुख शहरों में बहुमंजिला मॉडल छात्रावासों का निर्माण चरणबद्ध तरीके से कराया जायेगा।
- मराड. गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से युनाईटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एण्ड नॉर्दन आयरलैंड में अवस्थित चयनित विश्वविद्यालयों / संस्थानों में चयनित कोर्स में उच्च स्तरीय शिक्षा यथा मास्टर्स / एम0फिल0 डिग्री ग्रहण करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी।
- जनजातीय संस्कृति एवं उनकी समृद्ध विरासत के संरक्षण के उद्देश्य से जनजातीय गाँवों में अखड़ा का निर्माण एवं उनके पारम्परिक वाद्य यंत्रों की आपूर्ति का प्रस्ताव है।
- वर्ष 2024-25 में पथ, घनत्व बढ़ाने एवं कोर रोड नेटवर्क कनेक्टिविटी विकसित करने के निर्धारित लक्ष्य के तहत नये पथों को शामिल करने का प्रस्ताव है, जिनका उन्नयन न्यूनतम इमीडिएट लेन कनफिगरेशन के रूप में किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट एवं महत्वपूर्ण गलियारे का निर्माण तथा राँची शहर के लिए इनर रिंग रोड एवं अन्य आर्टेरियल-फीडर पथों के निर्माण का लक्ष्य है।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2,500 कि0मी0 पथ एवं 200 पुलों के निर्माण का लक्ष्य है।
- राज्य सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट के स्थान पर 125 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली प्रदान करने पर स्वीकृति दी गयी है।
- पतरातु में चार हजार मेगावाट के सुपर थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है।
- कोडरमा, चांडिल, बलियापुर, गोमिया एवं देवीपुर में ग्रिड सबस्टेशन के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, जबकि सिमरीया, बड़कागांव, गोला, दुग्धा, महुदा, निरसा, गांवा, पुटकी, रामगढ़, विष्णुगढ़, पेटरवार एवं हंटरगंज में ग्रिड सबस्टेशन तथा संबंधित संचरण लाईन का निर्माण कराया जायेगा।
- अमृत 20 मिशन अंतर्गत 8 जलापूर्ति योजनाओं यथा कपाली, जामताड़ा, गुमला, बरहरवा, हरिहरगंज, छत्तरपुर, श्रीवंशीधरनगर एवं लोहरदगा का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जायेगा।
- राज्य के उभरते हुए खिलाड़ियों को खेल प्रतियोगिता हेतु उचित मंच प्रदान करने के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन का प्रस्ताव है, जिसमें मुख्यतः स्पोर्ट्स एक्शन टुवार्ड्स हारनेसिंग एस्पाइरेशन ऑफ यूथ तथा मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल क्लब प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।
- जेसैक (झारखंड स्टेट एप्लीकेशन सेंटर) द्वारा एक ड्रोन सर्वेक्षण इकाई स्थापित करने की योजना बनायी गयी है। यह इकाई राज्य में ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगी। यह इकाई ड्रोन निगरानी एवं प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में काम करेगी, जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के साथ-साथ निजी संस्थाओं को सेवाएं देने के अलावा ड्रोन प्रौद्योगिकी की नवीनतम प्रगति पर शिक्षण एवं अनुसंधान भी किया जायेगा।
- आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आउटकम बजट से संबंधित विभागों की योजनाओं के आधार पर बाल बजट भी तैयार किया गया है। बाल बजट तैयार करने का उद्देश्य राज्य में बच्चों के समुचित विकास के लिए समेकित प्रयास करना है तथा राज्य में बच्चों से संबंधित संचालित होने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करना है। इस वर्ष आउटकम बजट की कुल 216 योजनाओं में से बच्चों से संबंधित लगभग 80 योजनाओं के आधार पर बाल बजट तैयार किया गया है जिसमें कुल 8,866.69 करोड़ (8 हजार 8 सौ 66 करोड़ 69 लाख) रुपये की राशि उपबंधित की गई है। यह राशि आउटकम बजट के अंतर्गत लिए गये योजनाओं के कुल उपबंधित राशि का लगभग 18 प्रतिशत है तथा राज्य के कुल योजना आकार का लगभग 11 प्रतिशत है।
- झारखण्ड राज्य में परिवर्तन के लिए राजकीय संस्था की स्थापना की जायेगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य समग्र विकास हेतु विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर समेकित एवं समावेशी विकास को कार्य रूप दिया जायेगा।

# बेहतर ऋण प्रबंधन की झलक दिखी

## प्रावधान

| | |
|---|---|
| सामान्य प्रक्षेत्र | 37.124 करोड़ |
| सामाजिक प्रक्षेत्र | 45,377 करोड़ |
| आर्थिक प्रक्षेत्र | 46,399 करोड़ |



## प्राप्ति

| | |
|---|---|
| राज्य को अपने कर राजस्व | 34,200 करोड़ |
| केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी | 40,338 करोड़ |
| गैर कर राजस्व | 19,301 करोड़ |
| लोक ऋण | 18,000 करोड़ |
| केंद्रीय सहायता | 16,961 करोड़ |
| अग्रिम की वसूली | 100 करोड़ प्राप्त |

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चंपाई सरकार के बजट में बेहतर ऋण प्रबंधन की झलक भी दिखायी पड़ी। इसमें कहा कि राज्य की आधारभूत संरचना के विकास के लिए ऋण लेना राज्य सरकार की बाध्यता है और सरकारें ऋण लेती हैं। पूर्व में लिये गये ऋणों के भुगतान में भविष्य में संभावित किसी विपरीत आर्थिक स्थिति का सामना करने के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 से वर्तमान राज्य सरकार द्वारा सिंकिंग फंड में लगातार निवेश किया जा रहा है। इस उद्देश्य से अबतक इसमें लगभग 1600 करोड़ का निवेश किया गया है, जिसका उपयोग केवल ऋण भुगतान के लिए ही किया जायेगा। इससे स्वस्थ आर्थिक हित के साथ-साथ राज्य की साख भी बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 592 करोड़ रुपये का पुनः निवेश करने का प्रस्ताव किया गया है। कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर आर्थिक जोखिमों से दूर कर उन्हें एक सुरक्षित आर्थिक स्रोत सुनिश्चित कराने के लिए पुनः लागू पुरानी पेंशन योजना का वित्तीय भार कम करने के दृष्टिकोण से पेंशन कोष का गठन किया गया है। इसके लिए वर्ष 2023-24 में 700 करोड़ रुपये पेंशन कोष में निवेश किया गया। वर्ष 2024-25 में भी 780 करोड़ रुपये का निवेश के लिए बजट प्रस्तावित है।

### वित्तीय संकल्पना: 2024-25 में राजकोषीय घाटा 9,500 करोड़ का अनुमान

बजट पेश करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारे पांव जमीन पर मजबूती से टिके हैं और विकास के आसमान को छूने का हौसला भी हम रखते हैं। इसी विश्वास के साथ में 1.28,900 करोड़ का सकल बजट लाया गया है। यह बीते वर्ष से 10.7 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2024-25 में राजस्व व्यय को लिए 91,832 करोड़ रुपये प्रस्तावित है, जो गत वर्ष से 85 प्रतिशत अधिक है। बजट में प्रावधानित सकल राशि को यदि प्रक्षेत्र के दृष्टिकोण से देखा जाये तो सामान्य प्रक्षेत्र के लिए 37.124 करोड़, सामाजिक प्रक्षेत्र के लिए 45,377 करोड़, आर्थिक प्रक्षेत्र के लिए 46,399 करोड़ उपबंधित किये गये हैं। राज्य को अपने कर राजस्व से 34,200 करोड़ रुपये और गैर कर राजस्व से 19,301 करोड़, केंद्रीय सहायता से 16,961 करोड़ और केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी के रूप में 40,338 करोड़, लोक ऋण से 18,000 करोड़ (18 हजार करोड) रुपये, अग्रिम की वसूली से 100 करोड प्राप्त होंगे। वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा 9,500 करोड़ होने का अनुमान है।

**ग्रामीण विकास: बजट-11316.07 करोड़**

## गांवों की पगडंडियोंसे निकलेगी विकास की राह




**रांची (आजाद सिपाही)।** बजट में ग्रामीण क्षेत्रों में आय के स्रोतों को बढ़ाने पर बल दिया गया है। रोजगार सृजन और जीवन स्तर को ऊंचा करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। वर्ष 2023-24 में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 9 करोड़ अनुमोदित मानव दिवस के विरुद्ध अब तक कुल 9.39 करोड़ मानव दिवस का सृजन किया गया। वर्ष 2024-25 में 9 करोड मानवदिवस सृजित करने का लक्ष्य है। अबुआ आवास के तहत लाभुकों को पांच किस्त में दो लाख रुपये देने का प्रावधान है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3 लाख 50 हजार और वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2 लाख 50 हजार को हजार परिवारों को इसका लाम दिया जायेगा। 90 हजार परिवारों को ग्रामीण महिला उद्यमिता से जोड़ने का लक्ष्य है। फुलो-झानो आशीर्वाद अभियान को तहत 32676 महिलाएं हडिया दारू बिक्री छोड़कर सम्मानजनक वैकल्पिक आजीविका से जुड़ रही हैं। सखी मंडली के उत्पादों को उचित मूल्य और आर्थिक सहायता देने के लिए यश-ब्रांस के तहत विपणन लक्ष्य 10 करोड़ रखा गया है। राज्य में 6 बड़े शहरों में पलाश मार्ट निर्माण का प्रस्ताव है।

**महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा : बजट-8021.93 करोड़**

## महिला और बाल विकास पर सरकार की विशेष नजर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बजट में वृद्ध, महिलाओं, बच्चों, किशोरियों, दिव्यांगजनों और समाज के अन्य अभिवंचित वर्गों का कल्याण, सामाजिक सुरक्षा के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत 60 वर्ष की उम्र के व्यक्ति आच्छादित किया गया है, लेकिन निःशक्त, आदिम जनजाति, निराश्रित महिलाओं, ट्रांसजेंडरों के साथ-साथ 50 वर्ष की आयु पूरी करने वाले आर्थिक रुप से कमजोर सभी महिलाओं, अनुसूचित जनजाति/जाति के सभी व्यक्तियों को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 3,107.40 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत लगभग 23 लाख 50 हजार लाभार्थी आच्छादित होंगे। सभी आंगनबाडी केंद्रों का अपना भवन हो, इसे राज्य सरकार सुनिश्चित करा रही है। इसी क्रम में सरकार वर्ष 2025 तक भवनहीन केंद्रों में से 2,500 केंद्र भवन का निर्माण करायेगी। वर्तमान में 38.432 केंद्र संचालित है। यहां बच्चों के लिए टेबुल, कुर्सी भी मिलेगी। गर्भवती महिलाओं एवं नवजात के लिए आवश्यक सामग्री के लिए 1,500 रुपये के मातृ किट् को 6 लाख लाभार्थियों के बीच वितरण कराया जायेगा। कामकाजी गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में समुचित आराम, देखभाल के लिए आर्थिक मदद प्रति लाभुक 5,000 की योजना मद में 92 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे लगभग 1 लाख 90 हजार कामकाजी महिलाएं लाभान्वित होंगी।

**शिक्षा प्रक्षेत्र : बजट-2411.77 करोड़**

## 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूल का होगा संचालन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रारंभिक शिक्षा का सर्वव्यापीकरण की सुनिश्चितता राज्य सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव पहल की गयी है। 80 उत्कृष्ट विद्यालय का संचालन शैक्षणिक सत्र 2023-24 से प्रारंभ किया गया है। 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूल का संचालन आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 से प्रारंभ करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार द्वारा सभी 325 प्रखंड स्तरीय विद्यालयों का संचालन शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रारंभ करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही 4,036 पंचायत स्तरीय विद्यालयों को अगले दो वर्षों में आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक हजार विद्यालयों के किचिन-सह-स्टोर की मरम्मति का कार्य किया जायेगा। 2024-25 में सात जिलों के एक हजार प्रारंभिक विद्यालयों में मातृभाषा आधारित शिक्षण व्यवस्था लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। तकनीकी शिक्षण संस्थान में स्नातक और डिप्लोमा कार्यक्रमों में नामांकित छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना की पहल की गयी है, जिसमें डिप्लोमा स्तर पर 15 हजार रुपये प्रतिवर्ष-डिग्री स्तर के लिए 30 हजार रुपये प्रतिवर्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। इसे वित्तीय वर्ष 2024-25 में लागू किया जायेगा।



**पेयजल एवं स्वच्छता बजट-2860.27 करोड़**

### 62 लाख ग्रामीण परिवार को नल से शुद्ध जल

**रांची (आजाद सिपाही)।** 2024 तक जल जीवन मिशन के तहत राज्य के 62 लाख ग्रामीण परिवारों को कार्यरत घरेलू नल संयोजन के द्वारा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने का लक्ष्य है। इसके विरुद्ध अबतक 31 लाख परिवारों को इस योजना से आच्छादित किया जा चुका है।

**स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण : बजट-7223 करोड़**

## रांची को मेडिकल कॉलेज, रिनपास में मेडिको सिटी की मिली सौगात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यवासियों को सुलम, सस्ते और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रयासरत है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना, नये नर्सिंग फार्मेसी, मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही है। इस क्रम में पलामू, चाइबासा, दुमका में मनोचिकित्सा केंद्र की स्थापना कर ली गयी है।

21 जिलों में चलंत ग्राम क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है।

आगामी वर्षों में राजधानी रांची में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना, रिम्स का सुदृढीकरण और रिनपास के कैंपस में उपलब्ध भूमि पर एक मेडिको सिटी की स्थापना करेगी।

**जल संसाधन: बजट 2238.06 करोड़**

## पीरटांड और पटमदा को लिफ्ट सिंचाई योजना का तोहफा



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची। राज्य सरकार के अनुसार कृषि योग्य भू-भाग अपेक्षाकृत अधिक ऊंचाई पर होने के कारण सिंचाई की सुविधा भू-भाग में उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण है। राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीरटांड मेगा लिफ्ट सिचाई योजना और पटमवा लिफ्ट सिंचाई योजना का कार्यान्वयन कराया जायेगा। पीरटाड प्रखंड में बराकर नदी पर बीयर का निर्माण कर भूमिगत पाइप लाईन के माध्यम से जल की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इसी प्रकार पूर्वी सिंहभूम के पटमदा आदि क्षेत्रों में भूमिगत पाइप लाइन से सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है। पलामू जिलांतर्गत भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से विभिन्न जलाशायों/जल निकायों में आवश्यकतानुसार पेयजल एवं सिंचाई जल उपलब्ध कराने के लिए पाइपलाइन सिंचाई योजना के लिए लगभग 456.63 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है।

**खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले : बजट-2,860.27 करोड़**

## राशन कार्डधारी परिवार को सोयबीन-बरी भी मिलेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत मुफ्त में खाद्यान्न वितरित किये जाने को दृष्टिगत रखते हुए दाल वितरण योजनांतर्गत प्रतिमाह एक किलोग्राम चना दाल, नमक वितरण योजनांतर्गत एक किलोग्राम नमक और प्रति लाभुक 5 किलोग्राम चावल मुफ्त में वितरित किये जाने का प्रस्ताव है। वर्तमान में निर्धारित लक्ष्य 20 लाख है, जिसे बढ़ाकर 25 लाख करने का प्रस्ताव है, ताकि किसी परिस्थिति में पात्र लाभुकों को खाद्यान्न के लान से वंचित न रहना पड़े। जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के कमीशन में वृद्धि की गयी है। कमीशन की राशि 100 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 150 रुपये प्रति क्विंटल किये जाने का प्रस्ताव है। प्रत्येक राशन कार्डधारी परिवार को सोयबीन-बरी का वितरण किये जाने का प्रस्ताव है।



**ऊर्जा विभाग : बजट-9378.49 करोड़**

## गिरिडीह में मॉडल सोलर सिटी विकसित होगी

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में गुणवत्तापूर्ण निर्वाध बिजली आपूर्ति करना सरकार का लक्ष्य है। 100 यूनिट बिजली मुफ्त योजना के तहत राज्य के सभी घरेलू एवं शहरी उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली मुफ्त का लाभ अगस्त, 2022 से दिया जा रहा है। इस योजना का लाभ लगभग19 लाख 20 हजार उपभोक्ता उठा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट के स्थान पर 125 यूनिट प्रतिमाह मुक्त बिजली प्रदान करने पर स्वीकृति दी गयी है। झारखंड सपूर्ण बिजली आच्छादन योजना के क्रियानाथन से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत उपलब्धता में वृद्धि हुई है। साथ ही कृषि उपभोक्ताओं के लिए नये विद्युत संरचना का निर्माण भी किया गया है। पतरातु में चार हजार मेगावाट के सुपर थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। कोडरमा, चांडिल, बलियापुर, गोमिया, देवीपुर में ग्रिड सबस्टेशन से निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, जबकि सिमरिया, बड़कागांव, गोला, दुवा, महुदा, निरसा, गांवा, पुटकी, रामगढ़, विष्णुगढ़, पेटरवार, हंटरगंज में ग्रिड सबस्टेशन से संबंधित संचरण लाइन का निर्माण कराया जाना है। गिरिडीह को मॉडल सोलर सिटी विकसित किया जा रहा है, जिसका दायरा वित्तीय वर्ष 2024-25 में शहर से बढ़ाकर संपूर्ण जिला में करने का प्रस्ताव है।

**पंचायती राज: बजट-2066.08 करोड़**

## 12 साल में पहली बार जनप्रतिनिधियों को तोहफा



**रांची (आजाद सिपाही)।** बजट में जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रमुख, उपप्रमुख, मुखिया, उपमुखिया, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और ग्राम पंचायत सदस्यों के मानदेय में बारह वर्षों के बाद पहली बार वृद्धि की गयी है। इसमें मुखिया का मानदेय दो हजार से बढ़ाकर 2500 किया गया है। अध्यक्ष महोदय, 15वें वित्त आयोग द्वारा अनुदान मद में 1,385 करोड़ (1) हजार ३ सौ 85 करोड) रुपये की राशि प्राप्त होने की संभावना है। उक्त राशि से संबंधित सरथा 30 (तीस) प्रतिशत जलापूर्ति पर, ३० (तीस) प्रतिशत स्वच्छता पर एवं शेष 40 (चालीस) प्रतिशत का व्यय स्थानीय आवश्यकता की योजनाओं पर कर सकेगी। पंचायती व्यवस्था के सुदृढीकरण के लिए 2,066.08 करोड़ का बजट प्रस्तावित है।

**ग्रामीण कार्य : बजट-5114.03 करोड़**

## 2500 किमी पथ और 200 पुलों का होगा निर्माण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में एक हजार किमी पथ पूर्ण करने के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 887.04 किमी पथ 602.48 करोड़ खर्च कर पूर्ण की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,000 किमी पथों के निर्माण का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढीकरण योजना के तहत पांच वर्ष एवं उससे पूर्व निर्मित क्षतिग्रस्त लगभग 15,000 किमी ग्रामीण सड़कों का सुदृढीकरण कराते हुए ग्रामीण आबादी का सरकारी कार्यालय, स्कूल कॉलेज, स्वास्थ्य केन्द्र / अस्पताल, बाजार तक आवागमन सुगम बनाने का लक्ष्य है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में इसके तहहत 5,000 किमी पथों के सुदृढीकरण करने का लक्ष्य है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 70 पुलों के निर्माण का लक्ष्य है। 2500 किमी एथ और 200 पुलों के निर्माण का लक्ष्य है।

**नागर विमानन : बजट-112.93 करोड़**

## गिरिडीह एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण की मुआवजा राशि जल्द

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के विस्तारीकरण के लिए राज्य सरकार की ओर से 301.12 एकड़ भूमि का हस्तांतरण भारतीय विमानपत्तन प्राधिकारण के पक्ष में एक रुपये की टोकन राशि पर तीस साल के लिए किया गया है। दुमका-बोकारो स्थित हवाई अड्डों से उड़ान प्रारंभ करने का कार्य अंतिम चरण में है। केंद्र सरकार को लाइसेंस निर्गत करने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। आम जनता के लिए सस्ते दर पर एयर एंबुलेंस सेवा 24 घंटे संचालित की जा रही है। राज्य में नागर विमानन क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास के लिए झारखंड उड्डयन संस्थान नामक सोसाइटी का गठन किया गया है। गिरिडीह स्थित बोडी हवाई अड्डा के रनवे विस्तार के निमित भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजा राशि के भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ की जानी है।

**पथ निर्माण : बजट-6398.28 करोड़**

## सड़क के जरिये अर्थव्यवस्था को गति देने पर बल

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार का मानना है कि आधारभूत संरचना का विकास न केवल अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करता है, वरन यह सामाजिक विकास और सांस्कृतिक उन्नयन का भी वाहक है। राज्य गठन के समय राज्य में पथों की कुल लंबाई 5.400 किमी थी, जो अब बढ़कर 14.131 किमी हो गयी है। पथों का घनत्व वर्ष 2023-24 के प्रारंभ में 173 किमी प्रति 1,000 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर वर्तमान में 177 किमी प्रति 1,000 वर्ग किलोमीटर हो गया है। राजधानी में ट्रैफिक को सुगम बनाने के उद्देश्य से पिछले तीन वर्षों में कई नयी योजनाएं प्रारंभ की गयी हैं। इनमें से रांची के सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक तक पलाइओवर, कांटाटोली फ्लाइओवर, सहजानंद चौक से जज कॉलोनी तक फ्लाइओवर, मोरहाबादी पथ पर करमटोली साइंस सिटी फ्लाइओवर, विकास विद्यालय से नामकोम तक फोरलेन पथ निर्माण योजना प्रमुख है।

## माता शबरी जयंती समारोह मनाया गया



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय भुईंया समाज कल्याण समिति की ओर से मंगलवार को छोटा डहरभंगा में माता शबरी जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में टाटीझरिया, मायापुर, झरपो, डहरभंगा, बेरहो, मंगरपट्टा, होलंग, डुमर, धरमपुर, बेड़म, खंभवा सहित प्रखंड के कई गांव से भुईंया समाज के लोग जुटे। कार्यक्रम की शुरूआत माता शबरी की तस्वीर की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डहरभंगा मुखिया प्रतिनिधि रवींद्र यादव, पंसस प्रतिनिधि परमेश्वर प्रसाद यादव, समिति के जिलाध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, महासचिव रंजीत कुमार, सचिव हीराराम, उपाध्यक्ष अशोक राम शामिल हुए। मौके पर अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि माता शबरी का निश्चल प्रेम ने भगवान श्री राम को माता शबरी के कुटिया में आने पर विवश कर दिया था। उन्होंने कहा कि भुईंया समाज के लोगो को यह संकल्प लेना होगा कि वह अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ेंगे तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को जड से मिटाने का संकल्प लें। मौके पर समाज के प्रखंड अध्यक्ष बद्री भुईंया, वासुदेव भुईंया, झमन राम भुईंया, झरी भुईंया, रामेश्वर भुईंया, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## चित्रगुप्त मंदिर जीर्णोद्धार समिति करवा रही अनोखा मंदिर का निर्माण

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग शहर के अतिव्यस्तम इलाके छठ तालाब, नवाबगंज में हजारीबाग के चित्रांस परिवार का एक समूह चित्रगुप्त मंदिर जीर्णोद्धार समिति द्वारा एक अनोखा मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। जहां समाज के हित में इसका उपयोग किया जायेगा। इस मंदिर की अनोखी बात यह होगी की यहां चित्रांस परिवार के अराध्य भगवान चित्रगुप्त के साथ उनके पुरे परिवार की प्रतिमा स्थापित की जायेगा। ऐसे में संभवत: यह मंदिर भारत वर्ष का एकलौता ऐसा मंदिर होगा जहां भगवान चित्रगुप्त सपरिवार प्रतिमा के स्वरूप में स्थापित होंगे। हजारीबाग के छठ तालाब, नवाबगंज में इस मंदिर की स्थापना सन 1987 में हुई थी। फिलहाल यहां भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित है। यहां चित्रगुप्त पूजनोत्सव के मौके पर प्रतिवर्ष भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। लेकिन साल 2023 से इस मंदिर की भव्यता, हॉल का निर्माण और भगवान चित्रगुप्त के सपरिवार प्रतिमा स्थापित करने का कार्य जोर पकड़ा और चित्रगुप्त मंदिर जीर्णोद्धार समिति ने वर्तमान वर्ष 2024 के अंत तक इसके निर्माण कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारण किया है। आने वाले समय में हजारीबाग का यह चित्रगुप्त मंदिर अनोखा और अद्भुत होगा। जहां चित्रांस परिवार के साथ अन्य समाज के लोग भी भगवान चित्रगुप्त और उनके परिवार से परिचित हो सकेंगे। शहर के व्यस्तम स्थान में इस मंदिर परिसर में एक शानदार हॉल के निर्माण होने से यहां कई सामाजिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी और यह स्थल धर्म, आस्था और सामाजिक एकता और समारता का केंद्र बनकर उभरेगा।

## समस्या से अवगत कराते ही मिल रही है सकारात्मक प्रतिक्रिया : संजय महतो



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** तलसवार पंचायत के कोयलंग परेवातरी में मुख्य पथ से फुलेश्वर महतो के घर तक होगा पीसीसी पथ का निर्माण बहुत जल्द शुरू होगा। उक्त पीसीसी पथ का निर्माण विधायक अंबा प्रसाद के विधायक निधि से होना है। दिन सोमवार को देर शाम विधायक अंबा प्रसाद के भाई इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज ने कोयलंग परेवातरी पहुंचकर अनुशंसा पत्र ग्रामीणों को प्रदान किया। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष संजय महतो ने कहा कि समस्या से अवगत कराते ही विधायक अंबा प्रसाद की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही हैं। मौके पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता,मुखिया प्रतिनिधि सह तलशवार पंचायत अध्यक्ष संजय महतो, उपाध्यक्ष संजय साव,मीडिया प्रभारी आनंद प्रसाद कुशवाहा, पंचायत समिति प्रतिनिधि मिथिलेश साव, सुरेंद्र साव, सहित कई लोग मौजूद थे।

## ब्रह्मकुमारी ने रैली निकाल कर किया जागरूक



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा 88 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के अवसर पर मंगलवार को पचड़ा,सिझवा व नयाखाप में स्वर्णिम प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को व्यसनों और बुराई से मुक्त होने का संदेश दिया गयो इस कार्यक्रम की संचालिका ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने परमात्म अवतरण का खुशखबरी बताते हुए कहा कि आज संसार में चारों ओर दु:ख,हिंसा,बुराई और अधर्म का बोलबाला है ऐसे समय गीता में दिए गए वायदों के अनुसार परमात्मा इस धरती पर अवतरित होकर भारत को फिर से सोने की चिड़ियां बनाने के लिए सहज राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आज इंसान अज्ञान अंधकार में अपने जिह्वा के वशीभूत होकर बेजुबानों जीवों की हत्या करके आहार बना चुका है आज के कई युवा भाई बहने भी व्यसनों के अधीन होते जा रहे हैं यदि भारत का भविष्य राम राज्य की परिकल्पना करते हैं तो इन व्यसनों और बुराइयों से अपने समाज को मुक्त करना होगा। इस रैली में ब्रह्माकुमारीज संस्थान से जुड़े संचालिका बीके सरिता बहन सहित बीके यशोदा माता, बीके धनीनाथ, बीके सुभाष सहित कई भाई बहनें उपस्थित थे।

## बच्चों को दी गयी नि:शुल्क अध्ययन सामग्री



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बाजार रोड स्थित साई कॉम्प्लेक्स में संचालित जन जन कम्प्यूटर साक्षरता अभियान संस्था के नये बैच के 120 छात्र छात्राओं को नि:शुल्क अध्यन कीट सामग्री वितरण किया गया। मौके पर निदेशक दिलीप कुमार नायक ने बताया कि 1 मार्च से नये बैच की शुरूआत हो रही है। और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण कम्प्यूटर ज्ञान देने के लिए संस्था बचनबद्ध है। मौके पर मौजूद संस्था के निदेशक दिलीप कुमार नायक, प्रधानाध्यापिका रानी कुमारी, कंप्यूटर शिक्षिका मिस स्नेहा बर्नवाल, संस्था के मीडिया प्रभारी ईश्वर यादव, विनोद कुमार यादव,सपना कुमारी, सुलचोना, बॉबी कुमारी, रूबी कुमारी, दीपिका कुमारी, प्रीति कुमारी, अनु, सोनाली, तनु, गुंजन कुमारी, सौम्या कुमारी, जयंती कुमारी, कृष कुमार, आर्यन कुमार, रानी कुमारी समेत आदि लोग शामिल थे।

# सहायक शिक्षक प्रतिनिधि मंडल सीएम से मिला

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** बड़का गांव के विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में अंतर जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिला। विधायक ने मुख्यमंत्री श्री सोरेन को विस्तार से बातों को रखा। बताया कि अंतर जिला स्थानांतरण नहीं होने से दूसरे जिले में रहकर महिला एवं शिक्षक पढ़ा रहे हैं, जिससे आए दिन घटना घटती रहती है और मानसिक प्रताड़न होता रहता है। मुख्यमंत्री से उन्होंने रिक्वेस्ट किया कि आचार संहिता लगने से पहले राज्य के तमाम सहायक शिक्षक जो अंतर जिला स्थानांतरण चाह रहे हैं उन्हें किया जाए। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल एवं विधायक को आश्वस्त किया।

मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने इसके लिए शिक्षा सचिव और निदेशक को बुलाकर प्राथमिक शिक्षकों का भी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों के जैसा अंतरजिला ट्रांसफर करने की बात कहा। जिससे प्राथमिक शिक्षकों में खुशी है।

साथ ही साथ विधायक ने कहा की सरकार के द्वारा एक ही पोर्टल लॉन्च किया गया था इस पोर्टल के माध्यम से प्राथमिक शिक्षक, हाई स्कूल के शिक्षक और माध्यमिक शिक्षक ऑनलाइन फॉर्म भरे और उच्च विद्यालय और माध्यमिक शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण हो गया परंतु प्राथमिक शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं होना यह बहुत ही दुख की बात है। प्रतिनिधि मंडल में विधायक अंबा प्रसाद के अलावा संजय मेहता, सिकंदर कुमार, नरेश कुमार, संजय कुमार, चंद्रिका महतो, संतोष पासवान आदि शामिल थे।

## अखाड़ा प्रबंध समिति के अध्यक्ष बने सुरेश

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड स्थित ऐतिहासिक छोटा अखाड़ा प्रबन्ध समिति का गठन किया गया है। झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने पत्रांक संख्या 1454 /2024 दिनांक 26 फरवरी 2024 को पत्र जारी कर प्रबंध समिति का गठन करते हुए मान्यता दी है। जिसमें सुरेश केशरी को अध्यक्ष, शशी मोहन सिंह को उपाध्यक्ष, प्रेमचंद देव को सचिव, उदय भगत को कोषाध्यक्ष, शत्रुध्न राम, राजेश पाण्डेय, दिनेश मेहता, अशोक कपरदार, मनोहर राम, अशोक ठाकुर और लखन कुमार मेहता को सदस्य बनाया गया है। बतला दें की प्रखंड के ऐतिहासिक छोटा अखाड़ा नामक धार्मिक न्यास का निबंधन बिहार राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा वर्ष 1974 में किया गया था। जिसका निबंधन संख्या - 688 अभिलेखित है।

# जमीन मापी करने आये एडमिनिस्ट्रेटर जेनरल ऑफ वेस्ट बंगाल और लीजधारक हुए आमने-सामने

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** एनएच 33 स्थित निर्मल महतो पार्क के सामने खास महाल की जमीन पर मंगलवार को दो पक्ष आमने-सामने हो गए। जिसमें खूनी रंजिश का माहौल बनते बनते रह गया। बताते चले की एडमिनिस्ट्रेटर जनरल ऑफ वेस्ट बंगाल खास महल भूमि के मौजा सारले, होल्डिंग संख्या 144, प्लॉट नं 433/614 कुल रकवा एक एकड़ भूमि मापी करने दल बल के साथ पहुंचे थे। इसी बीच वर्षो से खुद को दखलकर बताने वाले रैयत मो रफीक अपने सहयोगियों के साथ स्थल पर मापी कार्य को रुकवाना चाहा। इसी विरोध के संदर्भ में दोनो पक्ष आमने सामने हो गये।

इधर बंगाल से आए एडमिनिस्ट्रेटर जेनरल ऑफ वेस्ट बंगाल हाथो में कार्यालय उपायुक्त, हजारीबाग (झारखंड) (खास महल सेल) के पत्र क्रमांक 74 के आलोक में जारी पत्र लेकर मापी के लिए अड़े रहे। जिसमे खासमहल ग्राम-सारलें, थाना संख्या-159, होल्डिंग संख्या-144, प्लॉट संख्या-433/614 रकबा 1.00 एकड़ भूमि के सीमांकन के संबंध में पत्र जारी है। जो खास महाल पदाधिकारी हजारीबाग द्वारा पश्चिम बंगाल के प्रशासक जनरल, नया सचिवालय भवन (10वीं मंजिल),1, किरण शंकर रॉय रोड, कोलकाता-700001 को प्रेषित किया गया है।

**लीजधारक ने मापी रुकवाने को लेकर डीसी से लगाया न्याय की गुहार :** उक्त खाते के लीजधारक मोहम्मद अजीजुल हक के वंशज मोहम्मद रफीक ने मापी कार्य रुकवाने को लेकर उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारीयो के पास न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि वर्ष 1937 में उनके पूर्वजों के नाम से लिज दिया गया था, जबकि कुछ लोगों के द्वारा बिना नोटिस जारी किए जमीन की मापी कर दखल कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। हमलोगों का वंशावली विधिवत खास महाल प्रकोष्ठ में दर्ज है।

# झामुमो संकल्प सभा में शामिल हुए संजीव बेदिया और कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया एवं बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता रांची पुराना विधानसभा भवन में संकल्प सभा रैली का में शामिल हुए। श्री बेदिया ने कहा झारखंड झारखंडियों का कुबार्नी का देन है तभी झारखंड हम लोगों को मिला है। झारखंड में आदिवासी मूल निवासी झारखंड अलग राज्य प्राप्त हुआ है ।इस राज्य को प्राप्त करने में हमारे कितने माता बहनों का मांग सिंदूर ऊजड़ गया है ।तभी हम लोगों को झारखंड राज्य मिला है और हेमंत सोरेन के सरकार में यहां के आदिवासी मूल निवासी का सीधे तौर पर विकास हुआ है। इसलिए बीजेपी का पेट में दर्द हो रहा है। हमारे नेता हेमंत सोरेन को बार-बार बीजेपी के इशारे पर केंद्र एजेंसियां प्रताड़ित कर रही है इसको हम झारखंड वासी चलने नहीं देंगे। संजय सिंह ने कहा हेमंत सोरेन के सरकार में गरीब से गरीब लोगों को सीधा लाभ मिला है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से अधिक से अधिक लोगों को लाभ प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां सचिव सरोज मेहता, झामुमो ज़िला शोशल मिडिया प्रभारी संजय भुईयां, शंकर साव, नईम राही, मो कुरैशी, लखनलाल महतो ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, मोहन सोरेन, नंदकीशोर भुईयां, प्रखंड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम समेत सैकड़ो जेएमएम कार्यकर्ता शामिल थे।

# इंटक के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के नव नियुक्त कार्यकारी जिला अध्यक्ष आशुतोष आनंद के द्वारा जिला कार्यकारिणी की बैठक की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेंद्र चंद्रवंशी उपाध्यक्ष, नवीन कुमार सिंह उपाध्यक्ष, जीवाधन शाह उपाध्यक्ष, उदय सिंह उर्फ मंटू सिंह उपाध्यक्ष, उदय कुमार सचिव, रामकुमार गुप्ता सचिव, सुनील चंद्रवंशी सचिव, किशोर साव सचिव, अमित कुमार दुबे महासचिव, रविंद्र पांडे महासचिव, असगरी अंजूम महासचिव, जगदीश साव जिला संगठन सचिव, संजय कुमार जिला संगठन सचिव, देवंती सिंह जिला संगठन सचिव, समेत आदि को जिला पदाधिकारी बनाया गया। इसके उपरांत प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हजारीबाग जिला में कोल खनन परियोजना के द्वारा मनमानी को मिडिया के समक्ष रखा गया। इंटक के प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने कहा की कोल खनन परियोजना के द्वारा भू रैयत की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चंद्रशेखर मिश्रा ने कहा की मजदूरो के हित में एक बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी। मनोज गुप्ता ने कहा की कोल खनन परियोजना मजदूरों के साथ धोखाधड़ी करना बंद करें।

बीजीआर माइनिंग में स्थानीय मजदूर को 504 रूपया दिया जा रहा है जिसमें कुशल अकुशल और अर्ध कुशल सभी तरह के लोगों को समान राशि मात्र 504 रुपया दिया जा रहा है जो गलत है, माइनिंग में मजदूरों का वेतन 504 से बढ़कर उसकी क्षमता के अनुरूप किया जाये।

मजदूर को प्रत्येक सप्ताह में एक दिन छुट्टी अनिवार्य रूप से प्रबंधन की द्वारा दी जाती है। साथ ही साथ इस 1 दिन का छुट्टी का पैसा भी काटा जाता है प्रत्येक कार्यस्थल निजी एवं सरकारी संस्थानों में एक दिन की छुट्टी स्वघोषित होती है और बदले में पैसा नहीं काटा जाता है परंतु आपके यहां ऐसा नहीं है। जिनका जमीन का अधिकरण हुआ है बदले में उन्हें प्रोजेक्ट में नौकरी दी गयी है। जमीन के बदले में दी गई नौकरी को स्थाई बहाल नहीं करना बिल्कुल ही गलत बात है। भारी वाहनों के लिए नो एंट्री विशेष रूप से लागू करने की मांग की गयी।

## लखन महतो से 1.40 लाख रुपये ले उड़े चोर

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के बालिका उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज के प्राचार्य लखन महतो के बैग को दो बाइक सवार झपटकर एक लाख, चालीस हजार रुपये ले उड़े। 200 मीटर तक ग्रामीणों ने उसका पीछा किया। लेकिन वह भाग निकला। इस मामले में लखन महतो के ब्यान पर बड़कागांव थाना में मामला दर्ज किया गया है। लखन महतो ने बताया कि वह बड़कागांव बैंक आफ इंडिया में 11:00 बजे पूर्वाह्न पैसा निकालने के लिए गया था। काउंटर से स्कूल के खाते से एक लाख चालीस हजार रुपये स्कूल के खाते से निकला और अपना घर गौरव बाजार चला गया। अपने घर के दरवाजा के पास बैग निकाल कर कंधा में रखा और डिक्की को लॉक करने लगा उसी दरमियान दो बाइक सवार आया और उसके कंधे से बैग छीन कर ले भागे। उन्होंने बताया कि यह पैसा स्कूल के खाते में अनुदान की राशि था। स्कूल के विकास कार्यों के लिए यह पैसा निकाला था

## मेहराब शाह रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स पर चादरपोशी

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ के लक्ष्मण बागी के समीप मजार शरीफ में हजरत दाता मेहराब शाह रहम्तुल्लाह अलैह का 99वा सालाना उर्स मुबारक मंगलवार से शुरू हो गया है,। अकीदमंद हर साल की भांति इस वर्ष भी चेडरा से जुलूस की शक्ल में निकले अखाड़ा चौक होते हुए मजार शरीफ पहुंचे व चादरपोशी की गयी। यहां पर दूर-दूर से लोग आकर दाता के चौखट पर सिर अपनी मुरादे पाते हैं। जिनकी मुरादे पूरी होती है, वह आकर मजार शरीफ पर चादरपोशी करते हैं हैं। जिसमें हर साल की तरह इस साल भी मदरसा आयाजुल वारसिया विष्णुगढ़ और चेडरा दोनो कमिटी से गागर गशती का नूरानी काफिला सुबह दस बजे से रवाना होकर साढे ग्यारह बजे आस्ताना हजरत दाता मेहराब शाह के बारगाह में बड़े ही अकीदत के साथ चादरपोशी की गयी।

## ओएनजीसी बोकारो ने 188 आंगनबाड़ी केंद्रों को दिया बर्तन का सेट



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** ओएनजीसी बोकारो के सौजन्य से सी.एस.आर मद से विष्णुगढ़ एवं टाटीझरिया प्रखंड के 188 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बर्तन किट का वितरण किया गया। उपायुक्त सभागार में उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा उक्त प्रखंड के188 केन्द्रों के लिए ओ.एन.जी.सी परिसम्पति बोकारो के सौजन्य से सी.एस.आर.मद से बर्तन किट का वितरण किया गया। इस मौके पर सभागार में सांकेतिक रुप से पांच आंगनबाड़ी केंद्रो की सेविका को मौके पर बर्तन देकर वितरण कार्य प्रारम्भ किया गया। मौके पर उपायुक्त ने सभी सेविका सहायिकाओं को बर्तनों का समुचित सदुपयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत 188 केंद्रो से लगभग 4000 बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। इस परियोजना का संचालन जन सहयोग केन्द्र द्वारा किया गया। इस मौके पर ओएनजीसी के पदाधिकारी मुख्यमहाप्रबंधक मानव संसाधन, ओएनजीसी प्रबंधक, इंदु प्रभा खालखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,अभिषेक कुमार जिला समाज कल्याण कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

## चंपाई सोरेन सरकार ने गरीबी मिटाने वाला बजट पेश किया : रामधन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में चल रही गठबंधन सरकार की पहली बजट की सराहना की है। श्री यादव ने कहा की राजद-जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने प्रगतिशील बजट पेश किया है। सरकार ने झारखंड के दलित, पिछड़े, आदिवासी और समाज के अंतिम व्यक्ति को आर्थिक रूप से आगे बढ़ाने वाला बजट में प्रावधान किया है। कृषि कर्ज माफी योजना में अब 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख किया गया है, जो क्रांतिकारी कदम है। सरकार ने झारखंड को आगे बढ़ाने वाला बजट पेश किया है। चंपई सोरेन सरकार ने हर क्षेत्र में विकास को गति देने के लिए बजट में प्रावधान किया है। इस बजट से झारखण्ड आनेवाले दिनों में विकास के लिए जाना जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल ने बजट का स्वागत किया है।

## जनहित का बजट पेश हुआ: भागीरथ

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव जी के द्वारा 1 लाख 28 हजार 900 करोड का बजट पेश किया गया। इस बजट की सराहना कोडरमा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने की है। श्री पासवान ने कहा की यह बजट जनहित का बजट है, किसानों का 2 लाख तक ऋण माफ और सभी जरूरत मंद लोगों को ध्यान मे रखकर अबुआ आवास का लक्ष्य भी बढ़ाया गया 20 लाख अबुआ आवास बनेगा। झारखण्ड का यह बजट गरीब लोगों, किसानों, आदिवासियों और महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करेगा और राज्य के समग्र विकास को गति मिलेगी।

## उत्कृष्ट विद्यालय झुमरी तिलैया में बढ़ी सीटें




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शैक्षणिक सत्र 2024 25 में नामांकन को लेकर सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसी के तहत कोडरमा जिले के तीन उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 11 मार्च को ली जाएगी । 20 मार्च को परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं की मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। 21 से 31 मार्च तक 2024 तक नामांकन का कार्य किया जाएगा। 1अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र 2024 – –25 की शुरूआत की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष के लिए झुमरीतिलैया के सीडी बालिका स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में वर्ग 9 के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वर्ष 80 सीटें बढ़ाई गयी है। विद्यालय की प्राचार्य रीना सिंह ने बताया कि वर्ग 11वीं में कॉमर्स में 60 विज्ञान में 60 तथा कला में 120 सीट पर नामांकन किया जाएगा। जबकि वर्ग 9 वीं छात्राओं का नामांकन प्रवेश परीक्षा के आधार पर मेरिट लिस्ट के अनुसार लिया जाएगा। वहीं सीएम हाई स्कूल डोमचांच में भी नामांकन के लिए 120 सीटें बढ़ाई गई है। गत वर्ष 106 छात्र और 83 छात्राओं ने नामांकन लिया था। इधर 23 फरवरी तक नामांकन के लिए 125 फार्म बिके हैं जिसमें 50 छात्रों ने नामांकन पत्र खरीदा है। प्राचार्य विनोद मिश्रा ने बताया कि वर्ग 11वीं में कॉमर्स में 60, विज्ञान में 60 तथा कला में 120 सीट पर नामांकन लिया जाएगा। जयनगर कस्तूरबा की वार्डन सुनीता कुमारी ने बताया कि इस वर्ष वर्ग 6 के लिए 25 नामांकन परीक्षा के उपरांत लिए जायेंगे।

## नेशनल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव संपन्न



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के परसाबाद स्टेशन रोड में सीबीएसई से संचालित नेशनल पब्लिक स्कूल में 14वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पासवा के जिला अध्यक्ष डॉ. बीएनपी बर्णवाल व संचालन विद्यालय के शिक्षक सदफ खान, साजिया खान ने संयुक्त रूप से किया। 14 वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद समायल अहमद, पासवा जिला अध्यक्ष डॉ बीएनपी बर्णवाल, प्रमुख अंजू देवी, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के निदेशक मोहम्मद मुस्ताक खान, प्राचार्य तामसी प्रमाणिक एवं शिक्षकों ने फूल माला, गुलदस्ता देकर किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत, गणपति नृत्य, कव्वाली, एकांकी, नागपुरी नृत्य, झांकी वाद विवाद सहित कई कार्यक्रम एक से बढकर एक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य तापसी प्रमाणिक ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि जिसके पास शिक्षा नाम की पूंजी है, वह हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकता है। आज निजी विद्यालयों की बदौलत जयनगर प्रखंड शिक्षा का हब बन गया है। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि नेशनल पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई विद्यालय के रूप में शिक्षा का अलख जगाया है। इस विद्यालय के कई छात्र आज विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी में उच्च पदों पर आसीन हैं। कार्यक्रम को जिप सदस्य केदारनाथ यादव, प्रमुख अंजू देवी, मुखिया राजकुमार यादव, कौशर खान समाजसेवी अरमान खान ने संबोधित किया। मौके पर नेशनल पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष कैशर बानो समेत अन्य लोगों की अहम भूमिका रही।

## रांची बनारस इंटरसिटी के ठहराव से लोगों में खुशी



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू रेलवे स्टेशन पर वैश्विक कोरोना महामारी के दो वर्ष बाद रांची बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस ठराव होने पर पतरातू क्षेत्र वासियों के बीच खुशी की लहर है। सोमवार देर रात करीब 11:15 रांची से चलकर बनारस जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव पतरातू स्टेशन पर रुकी। इस मौके पर सहायक अभियंता बरकाकाना परमानंद प्रसाद, एटीएम बरकाकाना राज हंस कुमार सिंह, स्टेशन प्रबंधक पतरातु एसके सांगा, वरीय अनुभाग अभियंता (कार्य ) विनय कुमार, कमर्शियल सुपरवाइजर एके प्रजापति, वरीय अनुभाग अभियंता (बिद्युत ) पी. के. मुखोपाध्याय, एसएसई (बिद्युत )- गौरी शंकर सोये, वरीय अनुभाग अभियंता (टेली ) एल. सोरीन, हेल्थ इंस्पेक्टर- अमित कुमार सिंह, आरपीएफ इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, कुश कुमार चौधरी, सोमेन सरकार, विनोद, श्रीराम पासवान के स्टेशन में उपस्थित रेलवे का अधिकारियों और सुपरवाइजर ने ट्रेन के चालक, सहायक चालक और गार्ड को बुके देकर,माला पहनाकर स्वागत किया। और सभी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। ट्रेन की ठहराव पतरातू स्टेशन होने से पतरातू के आसपास के लोगों को काफी खुशी का माहौल है।

## अनिकेत की मौत की सीबीआइ जांच हो : सांसद




रामगढ़ (आजाद सिपाही)। पुलिस हाजत में दलित युवक अनिकेत की मौत की दोषी पुलिस पदाधिकारी ही हैं। इस मामले की अब सीबीआई जांच होनी चाहिए, ताकि उसके परिवार को न्याय मिले। यह बातें मंगलवार को सांसद जयंत सिन्हा ने सुभाष चौक पर धरना में कही। सासंद ने प्रशासन पर प्रश्न चिह्न खड़ा करते हुए प्रशासन को दोषी माना। उन्होंने कहा कि इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम हैं। उन्होंने प्रशासन से 15 लाख की मांग की। इस दौरान उन्होंने मृतक के परिजनों को बतौर सहायता राशि 25000 रुपये उनके खाते में ट्रांसफर किया। धरना में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, राजेश ठाकुर, विनोद राम, राजू चतुर्वेदी, शीतल सिंह, सत्यजीत सिंह, रुदल प्रताप, रंजीत पांडे, भीमसेन, शीतल सिंह, प्रकाश मिश्रा, चंद्रशेखर चौधरी, रणजीत राम आदि मौजूद थे।

## बूढ़ाखुखरा में सूचना पेनियोर सेंटर का उद्घाटन



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के बूढ़ाखुखरा गांव में डिजिटल इंपावरमेंट फाउंडेशन के द्वारा स्पेन प्रोजेक्ट के सौजन्य से सूचना पेनियोर सेंटर उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उप प्रमुख पुनिता कुमारी ने फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के गांव कस्बों में खुलने से स्थानीय लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। अब ग्रामीणों को कोसो दूर नही जाना पड़ेगा ऑनलाइन डिजिटल सेवाएं के लिए। वहीं जिला समन्वयक सुरेश राम ने कहा कि आज के दौर में झारखड़ में सैकडो महिलाएं ऑनलाइल डिजिटल सेवाएं प्रदान कर स्थानीय लोगों को लाभावनित कर रहे है साथ-साथ सरकारी योजनाओं किए जागरूक कर योजनाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके अलावा जामसिंग में मुखिया परमेश्वर पटेल, लोलो में वार्ड सदस्य के द्वारा भी सेंटर का उद्घाटन फीता काट कर किया गया। मौके पर सेंटर संचालिका सबिता कुमारी मोनिका कुमारी, तरुण, सुमित्रा देवी, क्रांति देवी, प्रमिला, सहित कई शामिल थे।

## भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का आगमन



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जोरी मंडल में मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा युवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता युवा मोर्चा के जोरी मंडल अध्यक्ष राजेश यादव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, विशिष्ट अतिथि के रूप में पलामू प्रमंडल के प्रभारी श्रीनिवास सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की लोकसभा चुनाव को लेकर सभी युवा कमर कस तैयार हो जायें। इस मौके पर अमित साव, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद चौरसिया, मंडल के महामंत्री परमानंद सरस, रौनक सिंह, जितेंद्र पांडे, जितेंद्र रजक, जितेंद्र यादव, रंजन यादव चतरा जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभिषेक केशरी, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अमित साहू, आईटी सेल प्रदेश संयोजक सुमन सौरभ, जिला महामंत्री दीपक शर्मा, विकास मालाकार भी उपस्थित थे।

## टंडवा में निकली मतदाता जागरूकता रैली



प्रतापपुर / चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के टन्डवा प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक व बच्चों ने मंगलवार को मतदाता जागरुकता रैली निकाल कर लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील किया है। प्लस टू उच्च विद्यालय का शिक्षक मनीष कुमार की अध्यक्षता में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गयी। जिसमें विद्यालय के बच्चों के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित हुए। इस संदर्भ में बीडीओ अजय कुमार दास ने कहा कि शत-प्रतिशत मतदान करने के प्रति लोगों को जागरुक लाने -करने के लिए मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई है। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भी मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। और सभी से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। रामगढ़ पतरातु मुख्य मार्ग सीआईसी बस्ती मुंडा ढाबा बरकाकाना के समीप सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल संख्या जेएच 02 डब्लू 2963 तेज गति से रामगढ़ की ओर जाने के क्रम में सड़क पार कर रहे 62 वर्षीय विनय बेदिया को जोरदार टक्कर मार दी। मौत की खबर से परिजनों में शोक की लहर है। परिजनों ने प्रशासन से सरकारी सुविधाओं का लाभ और मुआवजे की मांग की है। घटना को लेकर बरकाकाना ओपी प्रभारी मो अख्तर अली ने बताया कि घटना की जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

# ससुराल में फांसी के फंदे से लटकी नवविवाहिता, मिला सुसाइड नोट

**मृतका के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, ससुराल वाले बोले की खुदकुशी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के बिजुलिया स्थित आदर्श नगर मोहल्ले में एक नवविवाहिता ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। मंगलवार को भी इस वारदात ने पूरे परिवार को झकझोर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कमरे से विवाहिता के शव को जब्त कर तफ्तीश में जुट गई। पुलिस को घटना स्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने बताया कि मृतका करीब 26 वर्षीय रेखा कुमारी की 8 महीने पहले ही उसकी शादी विवेक पाठक के साथ हुई थी। शादी के बाद उनके संबंध को लेकर मृतका के मायके वालों ने कई तरह के आरोप लगाए हैं। जिस वक्त रेखा कुमारी की मौत हुई उस वक्त घर में उसकी सास शकुंतला देवी और दो छोटे



भतीजे मौजूद थे।

**सास, ससुर और गोतनी के साथ रहती थी रेखा :** आदर्श नगर में ससुर शिववचन पाठक, सास शकुंतला देवी, गोतनी और 2 भतीजे के साथ रेखा रहती थी। उसका पति विवेक दिल्ली में रहकर जिओ साइंटिस्ट की तैयारी कर रहा है और उसका भैसुर भी किसी दूसरे राज्य में ही काम करता है। यहां उसकी गोतनी भी एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका का काम करती है। मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे ससुर शिव वचन पाठक नाश्ता करने के बाद घर से निकल गए थे। उसकी गोतनी भी स्कूल चली गई थी। सास शकुंतला देवी ने बताया कि रेखा ने उन्हें नाश्ता दिया और नहाने के लिए कहा। इसी बीच वह अपने कमरे में चली गई और फिर बाहर नहीं निकली। जब बच्चों ने दरवाजा खुलवाने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं आया। सास ने भी घबरा कर दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। बाद में आसपास के लोगों को बुलाकर इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। जब लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो रेखा की लाश पंखे से झूलती हुई मिली।

**मायके वालों ने कहा प्रताड़ित होती थी रेखा :** घटना की सूचना पाकर मृतका रेखा के परिजन भी रांची से रामगढ़ पहुंचे। रेखा के भाई पवन शुक्ला ने बताया कि 1 जून 2023 को उसने अपनी बहन की शादी की थी। शादी के बाद ससुराल में अक्सर खाना बनाने और खाने को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। कई बार उसे बच्चे को लेकर भी ताना दिया जाता था। इन सभी मुद्दों पर रेखा अपनी मां से बात भी करती थी।

**मैं नहीं एडजस्ट कर पाई, मां मुझे माफ कर दोः** जिस कमरे में रेखा ने अपनी जीवन लीला समाप्त की वहां से एक सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला है। जिसमें रेखा ने यह लिखा है कि वह अपने ससुराल में एडजस्ट नहीं कर पा रही है। उसने एडजस्ट करने की काफी कोशिश की, लेकिन वह नाकाम रही। इस सुसाइड नोट में उसने अपनी मां से माफी भी मांगी है। यह सुसाइड नोट दंडाधिकारी को दे दिया गया है और इसकी पूरी जांच होगी।

# लिखित आश्वासन के बाद भी मांग पर नहीं हुई पहल, विरोध को हुए विवश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** झारखंड राज्य आजीविका पीआरपी, बीएपी संघ के बैनर तले जेएसएलपीएस विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को लेकर झारखंड के सभी पीआरपी, बीएपी आक्रोशित हुए। इस संबंध में संघ के राज्य अध्यक्ष मुन्ना कापरी ने बताया कि जनवरी माह में किये गए विरोध प्रदर्शन के बाद संघ द्वारा 18 जनवरी 2024 को पत्रांक 133 द्वारा अतिशीघ्र उचित सकारात्मक पहल का लिखित आश्वासन दिया। परन्तु विभाग से संपर्क करने पर किसी प्रकार का कोई प्रतिक्रिया नहीं दिया



गया। जिससे विवश होकर राज्य के सभी पीआरपी बीएपी 27 फरवरी को काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया गया। साथ ही 28 फरवरी को कलम बंद विरोध प्रदर्शन और 29 फरवरी को राज्य के सभी पीआरपी, बीएपी सामूहिक अवकाश में रहेंगें। इसके बावजूद विभाग द्वारा कोई पहल नहीं किया जाता है तो मार्च माह से सभी राज्य कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने को बाध्य होंगे। राज्य के कार्यकारिणी अध्यक्ष नारायण महतो ने बताया कि हमारी चार सूत्री मांग को लेकर जेएस एलपीएस, विभाग के मंत्री के साथ सैकड़ो बार पत्राचार के बाद भी आज तक हमें अधिकारों से वंचित रखा गया है। सभी पीआरपी, बीएपी के जीवन के साथ जेएसएलपीएस खिलवाड़ कर रहा है। और तमाम अधिकारी , मंत्री तानाशाह होकर लोकतंत्र को खतरे में डाल रहे है। यदि हमारी मांग को पूर्ण नही किया जाता है तो संघ मजबूर होकर उग्र आंदोलन की तैयारी कर लिया है।

# विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति ने पीओ को बारह सूत्री मांग सौंप समाधान करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति के बारह सुत्री मांगो को लेकर भुरकुंडा परियोजना कार्यालय में प्रबंधन के साथ वार्ता हुई। वार्ता में समिति के प्रतिनिधियों ने पीओ से कहा कि पिछले दस वर्षों से भुरकुंडा कोलियरी से विस्थापित-प्रभावित गांव के रैयत बेरोजगारी और जनसमस्याओं के समाधान के लिये संघर्षरत है। समिति के तत्वावधान में कोलियरी से प्रभावित गांव कुरसे, देवरिया बरगवां, दुंदुआ, बलकुदरा के ग्रामीण आमसभा के माध्यम से अनेकों बार मांग-पत्र सौंप कर सीसीएल प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट करा चुके है। लेकिन प्रबंधन रैयतो को सिर्फ झुठा आश्वासन ही देते आ रही है। जिसके कारण रैयत और प्रभावित ग्रामीणो में आक्रोश व्याप्त है। बैठक में समिति ने पीओ



को बारह सुत्री मांगो से अवगत कराते हुये समाधान करने की मांग की। जिसमें भुरकुंडा कोलियरी अंतर्गत बलकुदरा खुली खदान से उत्पादित कोयले का 75 प्रतिशत आवंटन रोड सेल में देने, भुरकुंडा कोलियरी में रोड सेल अविलंब चालू करने ताकि विस्थापित-प्रभावित गांव के रैयत, ग्रामीण और स्थानीय बेरोजगारी को वैकल्पिक रोजगार मिल सके, बलकुदरा खुली खदान में खनन कार्य कर रही कम्पनी पीएसएमई में समिति द्वारा सौंपे गये सूची के अनुसार बीस लोगों को अविलम्ब रोजगार देने, भुरकुंडा कोलियरी अन्तर्गत खाली भूमि, अनुपयोगी भूमि को प्राथमिकता के आधार पर स्वरोजगार, वैकल्पिक रोजगार के साधन के लिये रैयतों को आवंटित करने, भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल में पेलोडर लोडिंग के जगह मैनुअल लोडिंग की व्यवस्था करने, प्रभावित गांव में प्रबंधन द्वारा निःशुल्क पेयजल और विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, रैयत व ग्रामीणों को भुरकुंडा आर्दश क्षेत्रीय अस्पताल में निःशुल्क समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने सहित बारह सुत्री मांग शामिल हैं। समिति के मांगो पर पीओ मनोज पाठक ने कहा की भुरकुंडा रोडसेल मे बलकुदरा खदान से उत्पादित 20 प्रतिशत कोयला देने का प्रस्ताव मार्च माह मे भेज दिया जायेगा। भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल के ओपीडी मे रैयतों का इलाज किया जायेगा। साथ ही प्रभावित गांव मे स्वास्थ्य शिविर लगाया जायेगा। उन्होंने कहा अन्य सवालो पर अप्रैल माह में समिति और प्रबंधन के बीच वार्ता होगी। वार्ता में पीओ मनोज कुमार पाठक, मैनेजर आरके वर्णवाल, अविनाश चंद्रा, कार्मिक प्रबंधक नीना होरो, जॉन सिंह, समिति के गिरधारी, जयदेव सिंह, मनोज मांझी आदि शामिल थें।

# दंतोपंत ठेंगडी रोजगार मेला का आयोजन, डीसी ने किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय रामगढ़ द्वारा दंतोपंत ठेंगडी रोजगार मेला का आयोजन मंगलवार शहर के छावनी फुटबॉल मैदान में किया गया है। मेले का उद्घाटन डीसी चन्दन कुमार, जिप अध्यक्ष सुधा देवी, श्रम अधीक्षक अभीषेक वर्मा, और जिला नियोजन पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर डीसी ने रोजगार मेले में आए बेरोजगार युवक-युवतियों का प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रामगढ़ जिले के स्थानीय नियोजको और देश के अन्य भाग



से आए नियोजकों से प्राप्त रिक्तियों में से अपनी योग्यता और रूची के अनुरूप कार्य का चयन कर आवेदन करे और सरकार के द्वारा चलाये जा रहे इस आयोजन का लाभ प्राप्त करें। साथ ही झारखण्ड सरकार के द्वारा लागू नियोजन अधिनियम 2021 का अनुपालन करते हुए जिले के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का ज्यादा से ज्यादा चयन किया जाये।

**14 नियोजको ने लिया भाग, 125 युवक-युवतियों का चयन**

तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला 2024 का सफल आयोजन जिला नियोजन पदाधिकारी देव कुमार प्रसाद के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेला में राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजन प्रदान करने के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुल 14 नियोजको ने भाग लिया। जिसमें 12 नियोजक स्थानीय थे। सभी नियोजक करीब 500 रिक्तियों के साथ मेला में उपस्थित हुए एवं उनके द्वारा कुल 125 युवक-युवतियों का चयन किया गया एवं 258 युवक-युवतियों को अगले चरण के लिए सूचीबद्ध किया गया। डीसी और जिप अध्यक्ष के द्वारा मेला स्थल में कुल 32 युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस रोजगार मेले का सफल आयोजन में बिनोद कुमार सिंह, वंदना कुमारी, अर्चना डुगडुग, एजंलीना कुजूर, शेख अमजद ईमाम, जितेन्द्र कुमार, बबलु नायक, नरेश कुमार महतो, खुर्शीद आलम आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश महतो के आगमन को लेकर एसडीओ सन्नी कुमार से मिले आजसू कार्यकर्ता



टंडवा (आजाद सिपाही)। आजसु सुप्रीमो सुदेश महतो ने आगामी 9 मार्च को टंडवा प्रखंड में महासभा आयोजित करने की दिशा निर्देश जारी किया है। उनके आगमन की तैयारी को लेकर जिला भर के आजसू कार्यकर्ताओ ने मंगलवार को सिमरिया एसडीओ सन्नी कुमार से मुलाकात की। विधि संधारण, सुरक्षा के दृष्टिकोण को लेकर ज्ञापन सौंपी गयी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष महेश महतो, केंद्रीय सदस्य नंदा थापा, रंजीत गुप्ता, धनेश्वर विश्वकर्मा, सरोज गुप्ता, सुरेंद्र सोनी उपस्तिथ थे।

## ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंची पूर्व विधायक ममता देवी



गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के पंचायतों से आ रही जनसमस्याओं को लेकर पूर्व विधायक ममता देवी मंगलवार को गोला बीडीओ संजय कुमार सांडिल्य ,सीओ समरेश भंडारी से मिली। पूर्व विधायक को अबूआ आवास योजना, झारखंड आंदोलनकारियों का पेंशन, राशन कार्ड, जमीन से संबंधित रशीद निर्गत, मोटेशन, छात्रों का छात्रवृत्ति सहित तरह-तरह के शिकायत मिल रही थी। झारखंड आंदोलनकारी में हुप्पू पंचायत के पुर्व सरपंच जितवाहन महतो का पेंशन लिस्ट में नाम होने के बावजूद पेंशन नही मिल रहा था। जिसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को पूर्व विधायक ने अवगत कराया। जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की जल्द ही इन सारी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष राम विनय महतो ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज कोटवार, कमलेश कुमार महतो, सुभानी अंसारी, कौसर राजा, जिलेबी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्रामीण प्रतिभागियों को मिला सीसीएल एथलेटिक्स का मंच : नीरज सिन्हा



कुजू (आजाद सिपाही)। खेल प्रतिभागियों को सीसीएल पहली बार ग्रामीण स्तर पर सीएसआर के तहत एथलेटिक्स मंच सौंपा है। जिसमें प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन कर अपना भविष्य को संवार सकते हैं। सीसीएल परिवार कोयला उत्पादन के साथ-2 सामाजिक कार्यों को भी प्राथमिकता दिया है। इसी कड़ी में सीसीएल कुजू ने एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया है। उक्त बातें सीसीएल कुजू प्रक्षेत्र के जीएम नीरज कुमार सिन्हा ने सीसीएल कुजू क्षेत्र द्वारा सीएसआर के तहत जुबली स्टेडियम आरा कोलियरी में आयोजित एथलेटिक्स मीट 2024 के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि आयोजित मीट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य सरकार और सीसीएल द्वारा खेलगांव, रांची में संचालित केंद्र में प्रशिक्षण दिया जायेगा। तत्पश्चात सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। जिसमें कुजू आरा, सारूबेड़ा, बड़गांव, सोनडीहा, ओरला, मांडू, हेसागढ़ा, पुंडी आदि क्षेत्र की 24 पंचायतों के कुल 217 प्रतिभागी शामिल रहे। मौके पर एसओपी गिरीशचंद्र, वरीय कार्मिक प्रबंधक प्रताप रंजन, संतोष कुमार, भूषण यादव, सीडी अधिकारी तबरेज आलम, मुखिया राकेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार, श्रमिक प्रतिनिधि जगदीश महतो, मो. अल्लाउद्दीन, हाजी वाहिद अंसारी, रामभजन लाल महतो, इस्त्राइल खान, जयराम प्रजापति मौजूद रहे।

## उप मुखिया संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



मांडू (आजाद सिपाही)। मांडूडीह स्थित शांति सरोवर होटल में उप मुखिया संघ की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मांडू डीह पंचायत के उप मुखिया सीता देवी ने किया। बैठक में प्रखंड से संचालित सभी योजनाओं के बारे में जानकारी देने की बात कही गयी। साथ ही बैठक के पश्चात सभी उप मुखिया ने एक लिखित ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा। सौंपे गये आवेदन में लिखा है कि प्रखंड के सभी पंचायतो में हो रही विकास योजनाओं 1415वें वित्त आयोग, मनरेगा योजना समेत अन्य योजना की जानकारी उप मुखिया को देने की बात कही गयी है। ताकि पंचायत का विकास का कार्य संतोषजनक रूप से किया जाय। मौके पर मांडू चट्टी पंचायत के उप मुखिया पंकज कुमार, मंझला चुंबा उप मुखिया अशोक मुंडा, बड़गांव उप मुखिया महेश प्रसाद, गोपाल महतो, मनोज, संजय मुर्मू, बालमती, अंजली आदि मौजूद थी।

## पथ निर्माण में गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं होने पर ड़टमा के लोगों ने किया विरोध



कुजू (आजाद सिपाही)। पीसीसी पथ निर्माण में गुणवत्ता पूर्ण कार्य नही होने का आरोप लगाते हुए ड़टमा के ग्रामवासियों ने विरोध जताया। वही, संबंधित शिलापट्ट कार्य स्थल पर नही लगाने का संवेदक पर आरोप लगाये। मंगलवार की सुबह ग्रामवासी कार्य स्थल पहुंचकर संवेदक पर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने का भी आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक द्वारा मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है, जो सही नहीं है। संवेदक चंद्रदेव महतो ने बताया कि मेरे द्वारा पीसीसी पथ निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने हमारे ऊपर जो आरोप लगाया गया है। जो सरासर गलत है। इसकी जांच कराने में खुलकर समर्थन करता हूं। मालूम हो कि पीसीसी पथ निर्माण कार्य ड़टमा हरिजन टोला से ड़टमाबस्ती होते हुए पिंडरा परियोजना कार्यालय तक किया जा रहा है। जो पीएचइडी विभाग द्वारा करीब 45 लाख रुपये की लागत से होना है। विरोध करने वालों में शंकर प्रसाद, जीतन प्रसाद साहू, राजकुमार साहू, रविंद्र प्रसाद, भागवत साव, कामता प्रसाद, जगदीश प्रसाद, लक्ष्मी साव, कृष्णकांत साहू, बाढ़ो साव, उमेश प्रसाद, छत्रधारी प्रसाद, किस्टू साव, अर्जुन प्रसाद समेत कई लोग शामिल रहे।

## पतरातू में मतदाता जागरूकता अभियान

पतरातू (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा निर्वाचन में नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने और उनके अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूकता करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पालू महिला संकुल संगठन के द्वारा महिला मतदाता चुनाव का पर्व देश का गौरव नारे साथ पंचायत सचिवालय पतरातू से भगत सिंह में रोड होते हुए जगरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर पतरातू पंचायत के मुखिया गिरजेश कुमार, सुखदेव प्रसाद परमानंद राजीव आजीविका महिला संकुल संगठन के सैकड़ों महिला शामिल थे।

## बहुजन समाज पार्टी का भविष्य

बहुजन समाज पार्टी सांसद रितेश पांडेय ने रविवार को पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। बड़ी बात यह है कि वह अकेले नहीं हैं। पार्टी के कई सांसदों के बारे में ऐसी खबरें आ रही हैं कि उनकी निष्ठा बदल चुकी है। हालांकि जब तक औपचारिक घोषणा न हो जाये, तब तक ऐसी अटकलों को ज्यादा अहमियत नहीं दी जाती। मगर बसपा चीफ मायावती ने खुद यह कह कर इन खबरों को कुछ हद तक प्रामाणिकता दे दी है कि अपना हित साधने में लगे ऐसे सांसदों को पार्टी टिकट दे भी तो क्यों।

**गिरता ग्राफ :** हाल के चुनावों में बसपा का प्रदर्शन काफी कमजोर रहा है। इसने पार्टी के भविष्य से जुड़ी चिंताओं को मजबूती दी है। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन में उसने 10 सीटें जीतीं, लेकिन नतीजे आने के ठीक बाद पार्टी ने गठबंधन तोड़ने की घोषणा कर दी। 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में पार्टी अकेले लड़ी और सिर्फ एक सीट पर जीत हासिल कर पायी। उसका वोट शेयर भी गिरकर 12 फीसदी पर आ गया, जबकि 2014 में एक भी सीट हासिल नहीं करने के बावजूद उसे 19.77 फीसदी वोट मिले थे। चुनावी राजनीति में इस तरह का प्रदर्शन आम तौर पर किसी भी राजनीतिक दल के लिए उसकी समाप्ति का संकेत ही माना जाता है।

**बहुजन समाज पार्टी सांसद रितेश पांडेय ने पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने की घोषणा की है। उन्होंने पार्टी टिकट देने की अपेक्षा भी जतायी है। बसपा का चुनावों में प्रदर्शन कमजोर रहा है और गठबंधन तोड़ने के बाद वोट शेयर भी गिरकर 12 प्रतिशत हो गया है।**

**गठबंधन से दूरी :** बसपा समर्थकों में सबसे ज्यादा चिंता पार्टी नेतृत्व की गठबंधनों से दूरी रखने की घोषणा से है। गौर करने की बात है कि बसपा हमेशा किसी न किसी गठबंधन के जरिये ही सत्ता तक पहुंची है। एकमात्र अपवाद 2007 के विधानसभा चुनाव रहे, जिसमें पार्टी ने 'बहुजन हिताय' की जगह 'सर्वजन हिताय' को चुनावी मंत्र बनाया था। अपने मुख्य समर्थक वर्ग के साथ ही किसी और तबके को साथ लेकर ही वह चुनावी जीत को साध पाती है। ऐसे में मौजूदा पॉलिसी पार्टी के बाहर ही नहीं, अंदर भी कई तरह के सवाल और संदेह पैदा कर रही है। पार्टी समर्थकों को इस बात की भी चिंता है कि यदि पार्टी जल्दी किसी फैसले पर नहीं पहुंची, तो 2024 के चुनाव में भी उसके लिए बहुत कुछ शेष नहीं रह जायेगा। किसी भी दल के लिए 15 साल का वनवास बहुत मायने रखता है।

**उत्तराधिकार का सवाल :** बसपा चीफ ने औपचारिक तौर पर ऐसी घोषणा भले न की हो, पार्टी में यह साफ कर दिया है कि उनके भतीजे आकाश आनंद ही उनके उत्तराधिकारी होंगे। बहुजन समाज के हितों को समर्पित मानी जाने वाली इस पार्टी के समर्थकों के लिए यह कथित परिवारवादी रुझान एक नयी चीज है और कहा जा रहा है कि उनके लिए इसे पचाना आसान नहीं होगा। बसपा के लोग अभी से इस पर भौहें सिकोड़ने लगे हैं।

**चुनाव नतीजों का इंतजार :** वैसे किसी नेता या राजनीतिक दल की भूमिका या उसके सफर का भविष्य एकाध फैसलों या कुछेक चुनाव परिणामों से नहीं तय किया जा सकता। आज भी बसपा कुछ राज्यों में दलित समूहों के बीच सबसे प्रभावी उपस्थिति रखती है। यही नहीं, अपने लंबे राजनीतिक करियर में मायावती अपने समर्थकों को ही नहीं, विरोधियों को भी चौंकाती रही हैं। लेकिन इस बार वह ऐसा कुछ कर पाती हैं या नहीं, इसका जवाब पाने के लिए लोकसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार करना होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**सीजीटीएमएसइ ने एमओएमएसएमइ के साथ मिलकर उद्योग जगत और ऋण देने वाले संस्थानों के बीच जागरूकता पैदा की है। सीजीटीएमएसइ फंडिंग की मंजूरी के बाद के वर्षों में लाभार्थियों ने अपने कारोबार के साथ-साथ रोजगार सृजन में भी वृद्धि का अनुभव किया है। इसका एमएसइ क्षेत्र के छह प्रमुख क्षेत्रों यानी प्रौद्योगिकी उन्नयन, कौशल उन्नयन, बाजार विकास, योजना की स्थिरता, आर्थिक प्रभाव और सामाजिक प्रभाव पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।**

# समृद्धि की राह: एमएसएमइ के लिए ऋण की सरल प्रक्रिया

**डॉ इ विजया**





**सूक्ष्म,** लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमइ) भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, क्योंकि वे देश के सतत विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस क्षेत्र की जीवंतता घरेलू और वैश्विक, दोनों बाजारों के लिए तैयार किये गये उत्पादों/सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला में निहित है, जो सरकारों/हितधारकों के नीतिगत समर्थन से लैस है। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ होने के बावजूद एमएसएमइ क्षेत्र को ऋण की सहज उपलब्धता को लेकर महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ये चुनौतियां धन उधार लेने में अपनायी जाने वाली पारंपरिक कार्य प्रणालियों, तीव्र प्रतिस्पर्धा, ग्राहकों की कठिन प्राथमिकताओं और डिजिटल सुविधाओं की कमी के कारण पैदा होती हैं और इस क्षेत्र के विकास की राह में अतिरिक्त समस्याएं पेश करती हैं।

भारत सरकार का सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमओएमएसएमइ) पिछले एक दशक से ऋण सहायता, तकनीकी सहायता, बुनियादी ढांचे के विकास, कौशल विकास और बाजार संबंधी सहायता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के जरिये एमएसएमइ क्षेत्र को समर्थन प्रदान करने और उन्हें विकसित करने हेतु सक्रिय रूप से विभिन्न नीतिगत उपायों को लागू कर रहा है। ये पहल भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एमएसएमइ क्षेत्र की वृद्धि और स्थिरता की दृष्टि से अहम हैं।

**पिछले साल की 1.04 लाख करोड़ रुपये की गारंटी की मंजूरी की तुलना में यह सीजीटीएमएसइ के संचालन में निरंतर व महत्वपूर्ण तेजी का संकेत देता है।**

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमइजीपी) योजना का उद्देश्य नये स्व-रोजगार उद्यमों/परियोजनाओं/सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के जरिये देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना है। शुरुआत के बाद से पीएमइजीपी के तहत महिला उद्यमियों की कुल दो लाख 59 हजार 339 परियोजनाओं को सहायता प्रदान की गयी है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के एनएसएस 73वें दौर के अनुसार देश में अनुमानित रूप से कुल एक करोड़ 23 लाख 90 हजार 523 महिला स्वामित्व वाले एमएसएमइ हैं।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड योजना (सीजीटीएमएसइ) एमएसएमइ को दिये गये पांच सौ लाख रुपये तक के गारंटी मुक्त ऋण के लिए गारंटी कवर प्रदान करती है, जिससे वित्तीय संस्थानों के लिए जोखिम कम हो जाता है। अब तक सीजीटीएमएसइ ने 82.28 लाख इकाइयों को 5.75 लाख करोड़ रुपये की राशि की गारंटी दी है, जिससे 2.14 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने में मदद मिली है।

सीजीटीएमएसइ ने एमओएमएसएमइ के साथ मिलकर उद्योग जगत और ऋण देने वाले संस्थानों के बीच जागरूकता पैदा की है। सीजीटीएमएसइ फंडिंग की मंजूरी के बाद के वर्षों में लाभार्थियों ने अपने कारोबार के साथ-साथ रोजगार सृजन में भी वृद्धि का अनुभव किया है। इसका एमएसइ क्षेत्र के छह प्रमुख क्षेत्रों यानी प्रौद्योगिकी उन्नयन, कौशल उन्नयन, बाजार विकास, योजना की स्थिरता, आर्थिक प्रभाव और सामाजिक प्रभाव पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। यह इस बात से स्पष्ट है कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान सीजीटीएमएसइ ने 30 जनवरी 2024 को 10 महीने की अवधि में 1.5 लाख करोड़ रुपये की गारंटी की एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पिछले साल की 1.04 लाख करोड़ रुपये की गारंटी की मंजूरी की तुलना में यह सीजीटीएमएसइ के संचालन में निरंतर व महत्वपूर्ण तेजी का संकेत देता है।

क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी और प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना (सीएलसीएस-टीयूएस) को लीन मैन्यूफैक्चरिंग के जरिये अपशिष्ट में कमी लाकर, बेहतर डिजाइन के लिए समर्थन प्रदान कर, बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाकर, शून्य दोष शून्य प्रभाव (जेडइडी) योजना को अपनाकर, डिजिटल एमएसएमइ के जरिये एमएसएमइ का डिजिटल सशक्तिकरण कर और देश भर में इनक्यूबेशन के जरिये विनिर्माण के साथ-साथ ज्ञान आधारित नवाचार एमएसएमइ में नवीनतम प्रौद्योगिकियों को अपनाकर और व्यक्ति विशेष की अप्रयुक्त रचनात्मकता को बढ़ावा और समर्थन देकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमइ) के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने हेतु कार्यान्वित किया जा रहा है।

**टिकाऊ उद्यमों के लिए वित्तीय अनुसंधान एवं नवाचार को 24 जनवरी 2024 को नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एमएसएमइ (एनआइ-एमएसएमइ) में सिडबी और सीजीटीएमएसइ के संयुक्त वित्तीय समर्थन के साथ लांच किया गया था, ताकि एमएसइ की ऋण संबंधी साख को बढ़ाने और वित्तीय ज्ञान एवं सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को लोकतांत्रिक बनाकर, एमएसइ इकोसिस्टम में वित्तीय अनुशासन एवं विवेक को विकसित कर एमएसइ के बीच प्रशासन एवं वित्तीय प्रबंधन को बढ़ावा देने से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य किया जा सके।**

**फिनराइज:** टिकाऊ उद्यमों के लिए वित्तीय अनुसंधान एवं नवाचार को 24 जनवरी 2024 को नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एमएसएमइ (एनआइ-एमएसएमइ) में सिडबी और सीजीटीएमएसइ के संयुक्त वित्तीय समर्थन के साथ लांच किया गया था, ताकि एमएसइ की ऋण संबंधी साख को बढ़ाने और वित्तीय ज्ञान एवं सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को लोकतांत्रिक बनाकर, एमएसइ इकोसिस्टम में वित्तीय अनुशासन एवं विवेक को विकसित कर एमएसइ के बीच प्रशासन एवं वित्तीय प्रबंधन को बढ़ावा देने से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य किया जा सके।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट द्वारा संचालित अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों के लिए एक विशेष योजना भारत सरकार के एमएसएमइ मंत्री नारायण राणे द्वारा 14 फरवरी, 2024 को उत्तर प्रदेश में चार प्रौद्योगिकी केंद्रों के उद्घाटन के दौरान शुरू की गयी। यह योजना सूक्ष्म/नैनो उद्यमों को 20.0 लाख रुपये तक के ऋण प्रदान करेगी और इसका उद्देश्य क्रेडिट जोखिम धारणा को कम करना है और ऋण देने वाले संस्थानों को आइएमइ को ऋण देने के लिए प्रेरित करना है। जैसे-जैसे यह पहल आगे बढ़ेगी, इससे न सिर्फ व्यक्तिगत उद्यमियों को सशक्त बनाने की उम्मीद है, बल्कि एक समावेशी, गतिशील और सुदृढ़ आर्थिक इकोसिस्टम भी तैयार होगा।

इसके अलावा सरकार ने देश में एमएसएमइ के लिए ऋण की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाने हेतु वर्तमान में जारी योजनाओं सहित कई उपाय किये हैं। उनमें से कुछ उपाय निम्नलिखित हैं:

- ■ प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आइएमइ) को एमएसएमइ के औपचारिक दायरे में लाने हेतु 11 जनवरी 2023 को उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म का शुभारंभ।
- ■ प्राथमिकता क्षेत्र ऋण लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से खुदरा और थोक व्यापारियों को 02 जुलाई 2021 से एमएसएमइ के रूप में शामिल करना।
- ■ एमएसएमइ की हैसियत में ऊपर की ओर बदलाव होने की स्थिति में गैर-कर लाभों को तीन साल के लिए बढ़ाया गया।
- ■ इलेक्ट्रॉनिक रूप से विविध फाइनेंसरों के जरिये सरकारी विभागों एवं पीएसयू सहित कॉरपोरेट तथा अन्य खरीदारों से एमएसएमइ के व्यापार प्राप्तियों के वित्तपोषण को सुविधाजनक बनाने हेतु ट्रेड रिसीवेबल डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरइडीएस)।
- ■ आत्मनिर्भर भारत कोष के जरिये 50 हजार करोड़ रुपये का इक्विटी निवेश। इस योजना में भारत सरकार की ओर से 10 हजार करोड़ रुपये के कोष का प्रावधान है।
- ■ पांच वर्षों में छह हजार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एमएसएमइ के प्रदर्शन को बढ़ाने और तेज करने (आरएएमपी) की योजना का शुभारंभ।

भारत सरकार का एमएसएमइ मंत्रालय गारंटी मुक्त ऋण की सहायता प्रदान करने जैसी रचनात्मक योजनाएं शुरू करके एमएसइ की विकास यात्रा में उनका साथ देने के प्रति दृढ़प्रतिज्ञ है और साथ ही अनगिनत उद्यमियों के सपनों को सशक्त बनाने एवं उनके प्रयासों का समर्थन करने की आकांक्षा रखने वाली विभिन्न रणनीतियों व क्षमताओं को बढ़ावा देने के प्रति समर्पित है।

**(लेखिका नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एमएसएमइ (एनआइ-एमएसएमइ), हैदराबाद की संकाय सदस्य हैं। लेख में व्यक्त विचार निजी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

## विधायक ने सरकार से दो वेंटिलेटर एंबुलेंस एमजीएम में उपलब्ध कराने की रखी मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र में मंगलवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कोल्हान के सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल एमजीएम में दो बेंटिलेटर एम्बुलेंस उपलब्ध करवाने की सरकार से मांग की। विधायक ने कहा एमजीएम अस्पताल में कोल्हान के पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला -खरसावां और पूर्वी सिंहभूम के मरीज ईलाज के लिए आते हैं। जिससे अस्पताल प्रबंधन पर दवाब बनी रहती है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल, हार्ट अटैक और अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों का ईलाज नही होने की स्थिति में एमजीएम से रांची के रिम्स रेफर करना पड़ता है। एमजीएम में एक बेंटिलेटर एम्बुलेंस होने पर मरीज के परिजनों को कई घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। बेंटिलेटर के अभाव में मरीजों का मृत्यु होने का खतरा बना रहता है। विधायक ने सरकार से कोल्हान की जनता के लिए आसन के माध्यम से दो बेंटिलेटर एम्बुलेंस उपलब्ध करवाने का आग्रह किया।

## युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**आदित्यपुर(आजाद सिपाही )। आरआईटी थाना अंतर्गत कृष्णापुर के बोनडीह स्थित डीएलडी कंपनी के समीप से एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से पूरे क्षेत्र में ससनसनी फैल गई। मंगलवार को सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान सोनाराम केराई के रूप में की। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया प्रथम दृष्ट्या यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।फिलहाल तफ्तीश शुरू कर दी गई है। मृतक मूल रूप से सोनुआ का राहनेवला था। बेल्डीह में रहकर मजदूरी का काम करता था। मृतक के पिता ने उसके दोस्तों पर हत्या की आशंका जताई है। अनुमान लगाया जारहा है मृतक ने अपने दोस्तों के संग शराब पार्टी में शामिल था। थाना प्रभारी ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।**

## नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सत्र में 18 विद्यार्थियों का चयन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट सत्र का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट सत्र में गुजरात की सुबरोज लिमिटेड कंपनी ने विश्वविद्यालय के 18 विद्यार्थियों को चयन किया। विद्यार्थियों में मैकेनिकल डिप्लोमा के अभिजीत मुडी, अभिषेक कुमार,अमन कुमार रजक, उमेश मंडल,एमडी हसन, संदीप प्रसाद, सूरज महतो, राजा कुमार, अरुण मारडी, फय्याज खान, गोवर्द्धन महतो, राकेश ज्योतिषी, प्रकाश मोदक, बुबाई महतो, हर्ष सैमुअल, एमडी सहबाज, मोहित प्रधान और एमडी कासिर रजा शामिल हैं। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि विद्यार्थियों को आरंभ में प्रशिक्षु डिप्लोमा इंजीनियर के पद पर चुना गया। विद्यार्थियों के आरंभिक वेतनमान 3 लाख सालाना होगा। प्रशिक्षण सत्र पूरा होने के पश्चात वेतन में वृद्धि की जायेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में तकनीक संपन्न और रोजगारपरक शिक्षा का वातावरण है। बाजार की मांग के अनुसार कार्य करने में सक्षम विद्यार्थियों की आवश्यकता होती है। इसके लिए विश्वविद्यालय में सकरात्मक वातावरण है। उम्मीद ही भविष्य में भी कंपनी को विश्वविद्यालय से सकरात्मक सहयोग प्राप्त होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विभिन्न विभागों के शिक्षक और प्लेसमेंट इकाई के सदस्य बधाई के पात्र हैं। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कई कंपनियां आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न विभागों में केंपस प्लेसमेंट लिए प्रस्ताव लेकर आ रही हैं। प्रयास है, विद्यार्थियों को उनके कौशल और दक्षता के अनुसार उपयुक्त कपंनी में रोजगार प्राप्त के लिए सहायता की जा सके। नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय का एकमात्र लक्ष्य छात्रों को पूरी तरह से प्रशिक्षित कर उन्हें कॉरपोरेट दुनिया में अच्छी जगह पर स्थापित करना है।

## वीमेंस यूनिवर्सिटी के युवाओं ने ली शपथ परिजनों को भी मतदान के लिए करेंगे प्रेरित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी कैंपस में कॉलेज के ई.एल.सी द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार ने युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही ई.एल.सी सदस्यों को आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम और स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित करने की बात कही। साथ ही कैंपस आईकन का चयन, स्लोगन, रंगोली, मेंहदी, हस्ताक्षर अभियान समेत अन्य गतिविधियां व्यापक स्तर पर आयोजित करने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा छात्राओं स्वयं और उनके सहपाठी मतदान करें यह सुनिश्चित करें। 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाये। सुनिश्चित करे नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो, नहीं होने पर बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म 6 अवश्य भरे या फिर कुछ सुधार करवाना हो फॉर्म 8 भरने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि चुनाव को छुट्टी का दिन नहीं बल्कि पर्व का दिन समझें,अपना प्रतिनिधि चुनने में अग्रणी भूमिका निभायें,सशक्त राष्ट्र के निर्माण में योगदान करें। मौके पर यूनिवर्सिटी के ईएलसी नोडल प्रोफेसर डॉ सोनाली सिंह, डॉ किश्वर आरा,अमित गुंजन सहित बड़ी संख्या क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने अधिग्रहित की गयी जमीन का मुआवजा मांगा

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में पटमदा के भादूडीह सातनाला माधवपुर से पश्चिम बंगाल सीमा तक सड़क चौड़ीकरण में अधिग्रहित जमीनों का 4 वर्ष बाद भी सरकार द्वारा मुआवजा नहीं मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त है। मंगलवार को ग्रामीणों ने डीसी कार्यालय में मांग पत्र सौप कर विरोध दर्ज कराया।ग्रामीणों के अनुसार खेती वाली जमीनों को सरकार सड़क चौड़ीकरण के लिए अधिकृत किया था, लेकिन वर्षों से भुकतान के लिए दफ्तरों का चक्कर लगा रहे। अभी तक कोई मुआवजा नही मिला। उन्होंने सरकार से सड़क चौड़ीकरण में अधिग्रहित की गई जमीनों का मुआवजा जल्द उपलब्ध कराने की मांग की। ताकि वे अपनी परिवार का भरण पोषण कर सके।**

# हर खेत को मिलेगा पानी, सिंचाई की समस्या होगी दूर : मिथिलेश

**छह करोड़, 32 लाख की लागत से होगा नौ चेक डैम का निर्माण, 405 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में छह करोड़, 32 लाख रुपए की लागत से नौ पक्का चेक डैम का निर्माण किया जाएएगा। इसके निर्माण से 405 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। जल संसाधन विभाग झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि लघु सिंचाई प्रमंडल गढ़वा के अंतर्गत गढ़वा, मेराल तथा चिनिया प्रखंड में एक-एक, भंडरिया में दो तथा रमकंडा प्रखंड में चार पक्का चेक डैम का निर्माण किया जायेगा। इसके तहत गढ़वा प्रखंड के गोरा नाला पर 85 लाख 21 हजार 900 रुपये, मेराल प्रखंड के भौराहा नाला पर 82 लाख 23 हजार 400 रुपये, चिनियां प्रखंड के ढेंगुरा नाला पर 65 लाख 53 हजार 200 रुपये, भंडरिया प्रखंड के कटकुआ नाला पर 58 लाख 97 हजार 100 रुपये, कनहा नाला पर 62 लाख 98 हजार 700 रुपये, रमकंडा प्रखंड के कनेवा पत्थर नाला पर 63 लाख 32 हजार 300 रुपये, दोबगढ़वा नाला पर 70 लाख 47 हजार 700 रुपये, पिपराही नाला पर 63 लाख 98 हजार 600 रुपये तथा जगती नाला पर 78 लाख 48 हजार 400 रुपये की लागत से पक्का चेक डैम का निर्माण किया जायेगा। इसके निर्माण से क्षेत्र में खरीफ और रबी फसल की 405 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड में बनी जन सरोकार की सरकार सभी क्षेत्रों में काफी बेहतर कार्य कर रही है। शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, सड़क के साथ-साथ सिंचाई आदि सभी क्षेत्रों में सरकार ने काफी बेहतर कार्य किया है। गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में अब तक काफी संख्या में चेक डैम का निर्माण किया जा चुका है। साथ ही आवश्यकतानुसार शेष बचे अन्य क्षेत्रों में भी चेक डैम का निर्माण किया जायेगा। ताकि किसानों को सिंचाई की समस्या नहीं झेलनी पड़े। झारखंड सरकार किसानों और सभी वर्गों के हित के लिए कई लाभकारी योजनायें चला रही है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिले के सभी किसानों के खेत में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। कोई भी गरीब किसान अपनी जमीन रहते हुए पलायन को मजबूर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ पूरी तरह से सौतेला व्यवहार कर रही है। राज्य को पूरा हक भी नहीं मिल रहा है। फिर भी झारखंड सरकार अपने बलबूते पर पूरे राज्य में सभी क्षेत्रों में विकास की लंबी लकीर खींच रही है।

# वार्ड सदस्य संघ ने बीडीओ को 5 सूत्री मांगपत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** वार्ड सदस्य संघ भवनाथपुर इकाई ने बीडीओ नंद जी राम को 5 सूत्री मांगपत्र सौंपा। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष वैस खान ने बताया कि बीडीओ को सौंपे गए मांगपत्र में बार्ड सदस्यों को पंचायत में हो रहे सभी कार्यों में सहभागिता सुनिचित करने, पाई सदस्यों को 500 से बढ़ाकर 10000 रूप्य प्रति माह करने, झारखण्ड के सभी निर्वतमान व पूर्व वार्ड सदस्यों को 5000 रूपये प्रति माह पेन्सन लागू करने, झारखंड सरकार के द्वरा दिने जा रहे अबुआ आवास का लाभ प्राथमिकता के आधार पर सभी गार्ड सदस्यों को तत्काल देने एवं पंचायत के सभी कार्य एवं भुगतान में वार्डसदस्यों का हस्ताक्षर सुनिचित करने का मांग शामिल है।

## सात दिवसीय योग शिविर का समापन

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। महिला पतंजलि योग समिति गढ़वा द्वारा आयोजित सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए 21 से 27 फरवरी तक भवनाथपुर ब्लॉक परिसर में चल रहे योग शिविर का आयोजन हुआ था। भागदौड़ के समय में खुद को शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ्य बनाएं रखने के लिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में योग,आयुर्वेद को अपनाना हीं होगा। अन्यथा हमारे शरीर का रोग प्रतिरोधक क्षमता नित्य घटता जायेगा।**

**कार्यालय , वन प्रमंडल पदाधिकारी,**
**हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल**

**सूचना**

एतद द्वारा माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची में दायर वाद WP(C) No. 5150/2023 अमित कुमार वनाम राज्य में माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड़ राँची द्वारा दिनांक 15.01.2024 को पारित आदेश के आलोक में अमित कुमार पिता डॉ0 कल्प नाथ पाण्डेय, निवास स्थान आनन्दपुरी पो0 हजारीबाग थाना हजारीबाग सदर जिला हजारीबाग को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.05.2015 को जोरदाग वन से जी0एफ0 वाद संख्या– 223/2015 में जप्त ट्रक निबंधन संख्या JH-02R-9666 को आप वाहन का ऑनर बुक / पहचान पत्र के साथ वन क्षेत्र पदाधिकारी, बडकागांव प्रक्षेत्र कार्यालय से सर्म्पक कर वाहन प्राप्त कर लें।

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR 320494 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D

# सीओ से शमशान और छठ घाट को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के पूवार्रा टोला के दर्जनों लोगों द्वारा मंगलवार को सीओ यशवंत नायक से शमशान और छठ घाट को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की गयी। मुखिया रामसागर महतो एवं भाजपा नेता संजय भगत के नेतृत्व में लोगों ने अंचल कार्यालय पहुंचकर सीओ से मुलाकात कर पुरवारा टोला स्थित स्मशान घाट तथा नेनुआ मोड़ स्थित छठ घाट से अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र सौंपा गया। मौके पर उपस्थित 20सूत्री अध्यक्ष शम्भू प्रसाद और सांसद प्रतिनिधि रूपु महतो ने भी सीओ से दोनों जगहों को अतिक्रमण मुक्त करने की बात कही। सीओ ने दोनों जगहों का बहुत जल्द मापी कराकर अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए आश्वासन दिया। मौके पर सनराइज फैंस क्लब के अध्यक्ष कमलेश कुमार, डॉ लाल मोहन, विजय प्रसाद, मोहम्मद हुसैन, रोहित, सुनील, बच्चू साव, सोबरन महतो, मथुरा बैठा, रामजी कुशवाहा, सुरेंद्र चंद्रवंशी, देवब्रत, सुरेश साव, अरविंद बैठा, अवधेश, सुकुल साव, सुधांशु, संत, राज, वाजुदीन, रमेश, नंदू, मुकेश सहित कई अन्य लोग थे।

## बाबू दिनेश सिंह विवि में कार्यशाला का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सेमिनार कक्षा में इंस्टीट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार और बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय था, इंटरप्रिमियोरशिप इनो वेशन कैरियर ऑपर्च्युनिटीज। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० (डॉ) एमके सिंह ने फामेर्सी कॉलेज केबी फार्मा और डी फार्मा के छात्राओं को उद्यमिता और नवाचार के प्रति जागरूक किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को कहा की नई शिक्षा नीति के अनुसार उद्यमिता और नवाचार विषय छात्र-छात्राओं को नये ज्ञान की ओर ले जायेगा, कुलपति ने बताया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय सरकार भारत सरकार ने सभी उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच नवाचार की संस्कृति को व्यवस्थित रूप से बढ़ावा देने के लिए एमएचआरडी के इनोवेशन सेल की स्थापना की है। बाबू दिनेश सिंह विवि के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने ऐसे ज्वलंत विषय पर कार्यशाला करने हेतु बधाई और शुभकामनाएं दी तथा कुल सचिव डॉक्टर लल्लन सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मनीष दुबे तथा दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता उपस्थित रहे तथा फामेर्सी कॉलेज के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**e- Procurement Cell**
**Office of The Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Ramgarh.**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– **BCD/EE/RAMGARH/ 24 /2023-24** दिनांकः– **27.02.2024**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | दुलमी प्रखण्ड के पंचायत सिरू में उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिरू में चाहरदिवारी निर्माण। | Rs. 60,78,100.00 | 6 (Six) Months |
| 2 | माण्डू प्रखण्ड के पंचायत हेसागढ़ा के ग्राम केरीबन्दा छापर टोला में छापर टोला मैडाय के पास दिनेष टुडू के घर तक गार्डवाल का निर्माण कार्य | Rs. 71,16,700.00 | 6 (Six) Months |
| 3 | पतरातू प्रखण्ड के पतरातू पंचायत के बाबाबुचा बांध का सुन्दरीकरण एवं सामुदायिक भवन निर्माण। | Rs. 99,82,900.00 | 6 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 02.03.2024 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 06-03-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 07-03-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Ramgarh. | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9110983022 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9340378587 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

**Nodal Officer**
**e- Procurement Cell**
**Office of The Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Ramgarh.**

PR 320582 Building(23-24).D

# तूफान के साथ बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

## घर के ऊपर गिरा भारी पेड़ परिवार हुआ बेघर

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत घघरी गांव में मंगलवार के दिन आये भारी तूफान के साथ बारिश ने लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। दर्जनों पेड़ धारा साई हो गया। वहीं खपड़ैल मकान छतिग्रस्त कर दिया है। इस क्रम में घघरी गांव में बिनय भुईया के घर के ऊपर बाबुल का भारी पड़ गिर गया। जिस कारण घर बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। घर गिरने के बाद बिनय भुईया की पत्नी राजपतिया देवी ने बताया कि मेरे पति दो माह पूर्व मजदूरी करने बाहर गए हुए है। घर पर मैं छोटे छोटे बच्चों के साथ रहती हूं। मुझे अभी तक प्रधानमंत्री आवास या अबूआ आवस नहीं मिला है, जबकि आवास के लिए मैन कईबार प्रखंड से लेकर जनता दरबार मे आवेदन दे चुकी हूं। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया बिनोद कुमार राम ने घटना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और रोते बिलखते राजपतिया देवी को आश्वासन दिया कि छती पूर्ति के लिए प्रखंड प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क कर छती पूर्ति दिलाने के साथ आवास दिलाने का काम करूंगा।



**तेज तूफान में गढ़वा व्यवहार न्यायालय के गेट के समीप गिरा विशाल पेड़, जिससे बिजली का तार टूटा, घंटों भर हुआ सड़क जाम**

## पेड़ गिरने से हाइवे पर आवागमन बाधित

**गढ़वा (आजाद सिपाही)। एनएच 75 नगर ऊंटरी मार्ग पर गढ़वा व्यवहार न्यायालय के पास मंगलवार को आए आंधी एवं बारिश में पेड़ गिरने से 11000 बिजली के तार सड़क पर पेड़ के नीचे दबा हुआ है, साथ ही यातायात बाधित हो गया। पेड़ गिरने के कारण बड़े वाहनों का आवागमन बंद होने के कारण सड़क पर लंबी कतार लगा हुआ है।**

## तूफान में पोल गिरने से बच्चे की मौत

**रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड में बेमौसम बरसात व आंधी तूफान में बहियार कला गांव के सैयद अंसारी के 12 वर्षीय पुत्र हुसैन राजा की मौत हो गयी। घटना के मुताबिक मगंलवार की दोपहर आयी भारी तूफान में पोल टूट कर गिर जाने से हो गयी। वहीं उपप्रमुख खदीजा बीबी भी अचानक आये आंधी-तूफान में छत के एलबेस्टर के चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गयी। जिनका इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है।**

# बाहरी प्रदूषण से भीतर का प्रदूषण ज्यादा खतरनाक है : शिखा चतुर्वेदी

आजाद सिपाही संवाददाता



कथा कहतीं देवी शिखा चतुर्वेदी

**कांडी।** मां सतबहिनी झरना तीर्थ और पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों द्वारा आयोजित 24वें मानस महायज्ञ का मंगलवार को दूसरे दिन के प्रवचन सत्र में मिजार्पुर से पधारे पं. धर्मराज शास्त्री ने कहा कि प्रतिकूल मौसम में भी आपने कथा का अनुकूल माहौल बनाकर भगवान की कथा सुन रहे हैं तो समय आयेगा जब परमात्मा आपकी किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति को पलक झपकते अनुकूल बना देगा। वृंदावन से पधारीं देवी शिखा चतुर्वेदी ने श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा कही। उन्होंने सामाजिक संदर्भ देते हुए मानस व भागवत की कथा कही। कहा कि समाज से बाहरी प्रदूषण को हटाने के लिए बड़े बड़े अभियान चलाये जाते हैं। लेकिन बाहरी प्रदूषण से भीतर का प्रदूषण ज्यादा खतरनाक है। भीतर के प्रदूषण को समाप्त करने लिए ही इस तरह की कथाओं का आयोजन किया जाता है। जो हमारे हृदय में ब्रह्म को, दया को, करुणा को स्थापित करदे उसे कथा कहते हैं। वहीं आचार्य सौरभ कुमार भारद्वाज व पं. मुन्ना पाठक जी ने भजन व प्रवचन कहा। उसके पश्चात मौषम को देखते हुए शीघ्रता से प्रवचन का कार्यक्रम परिसर में स्थित श्री बजरंगबली मंदिर के बड़े प्रांगण में कर दिया गया। श्रीधाम वृंदावन से पधारे श्री हित हरिवंश चंद्रो विजयते मानस व्यास पं. विनोद गौरव शास्त्री व उनकी टोली के द्वारा संगीतमय मानस पाठ किया जा रहा है। मानस के संगीतमय पाठ को सुनने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़**

**अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0–23/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय :– दिनांक 06/03/2024 को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 07/03/2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 07/03/2024 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड माण्डू में नव प्राथमिक विद्यालय जमुनिया टोला में जर्जर विद्यालय भवन का मरम्मती कार्य योजना। | 15,50,400/- | 31,500/- | 5,000/- | 3 माह |
| 2 | प्रखण्ड गोला के पंचायत उपरबरगा ग्राम अंवराडीह परस बेदिया के घर से बिलेश्वर मांझी के टांड तक गार्डवाल निर्माण। 500फीट | 6,15,200/- | 13,000/- | 1,250/- | 2 माह |
| 3 | प्रखण्ड गोला के पंचायत बेटुलकलां उप स्वास्थ्य केन्द्र के प्रांगण मे पेवर ब्लॉक निर्माण। | 7,28,650/- | 15,000/- | 1,250/- | 2 माह |
| 4 | Repairing & Renovation at DTC, Ramgarh | 7,83,600/- | 16,000/- | 1,250/- | 2 माह |
| 5 | रामगढ़ नगर परिषद् वार्ड संख्या 18 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय चैनगड़ा में चाहरदिवारी का निर्माण। | 19,68,200/- | 40,000/- | 5,000/- | 3 माह |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल ,रामगढ़।

PR.NO.320581 Building(23-24):D

# डंडई में सड़क के कल्वर्ट निर्माण में पड़ी बड़ी दरार, ग्रामीणों ने उठाया गुणवत्ता पर सवाल

उग्रामीणों के लगातार विरोध के बाद भी सड़क निर्माण के अधिकारी है मौन

**जितेंद्र यादव**



**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड के मुख्य सड़क से लवाही भाया पनघटवा डैम तक पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा निर्माण कराए जा रहे सड़क के पुल-पुलिया, नाली व कल्वर्ट निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों के लगातार विरोध के बाद भी सड़क निर्माण के संबंधित अधिकारी मौन साधी हुई है। सड़क निर्माण के रारो खेल मैदान के समीप बलराम सिंह के घर पास करीब एक माह पूर्व बनी कल्वर्ट में दरार पड़ गयी। जिससे लोगों को दुर्घटना होने की भय बनी हुई है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया से प्रतिदिन भारी वाहनों का आवागमन होते रहता है। महज एक माह पूर्व बनी पुलिया में दरार पड़ जाना सड़क व पुलिया निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर सवाल खड़ा कर रही है। संवेदक के द्वारा गांव के लोगों के द्वारा पुलिया, कन्वर्ट व नाली का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे लोग अपने मनमाने ढंग से निर्माण कार्य कर रहे हैं। जिसका नतीजा है कि एक माह पूर्व बनी पुलिया में दरार पड़ गई। जिससे ग्रामीणों को दुर्घटना होने की भय बनी हुई है। वहीं बताया कि सड़क के कई जगहों पर निर्माण कराये जा रहे नाली में भी भारी अनियमितता बरती जा रही है। संवेदक के द्वारा नाली निर्माण में मिट्टी मिला हुआ बालू व काफी कम सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे नाली ज्यादा दिन चलने वाला नही है। जिसका ताजा उदाहरण पुलिया में पड़ी दरार को देख सकते है। अगर उस पुलिया को समय रहते फिर से निर्माण नहीं कराया गया तो ध्वस्त होने के कगार पर है। रारो पंचायत के पूर्व उपमुखिया शिव प्रसाद यादव, पप्पू यादव, शिवधर यादव, बलराम सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने इसे जांच कर पुनः पुलिया का निर्माण कराने की मांग की।

**पक्ष में तर्क :** इस बाबत पूछे जाने पर संवेदक जितेंद्र कुमार ने बताया कि यदि कल्वर्ट निर्माण में दरार आ गयी है तो लगे भौव के ऊपर प्लास्टर हट गया होगा, उसको ठीक कराया जायेगा। इस बाबत पूछे जाने पर संवेदक जितेंद्र कुमार ने बताया कि यदि कल्वर्ट निर्माण में दरार आ गयी है तो लगे भौव के ऊपर प्लास्टर हट गया होगा, उसको ठीक कराया जायेगा।

## उवि स्कूल गरदाहा में सोमवार की रात चोरी

**कांडी(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के उवि गरदाहा में सोमवार की रात चोरी हो गयी। हाल में लगातार तीसरे प्रयास में चोर इस स्कूल में चोरी करने में सफल हो गये। इस घटना को लेकर थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया है। प्रधानाध्यापक सूर्यदीप पाल ने कहा है कि 24 से 26 तक की बंदी के बाद स्कूल खुलने पर देखा गया है शिक्षक सदन का ताला टूटा हुआ है। उसमें से बायोमेट्रिक हाजिरी बनाने वाला टैब व मंत्रा, फूटबाल 4, वॉलीबॉल 4, बैडमिंटन 4 सेट, नेट 2सेट, क्रिकेट बैट बॉल 4 सेट, विकेट 2 सेट, कैरम बोर्ड 2 सेट व चेस 5 सेट चोरी कर ले जाया गया। वहीं हाजिरी बही में लाल कलम से काट कूट कर दिया गया है। एक रूम की खिड़की भी तोड़ दी गयी है।**

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, राँची**
**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
**Email - dsoranchigov@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन आमंत्रण सूचना "इच्छा की अभिव्यक्ति"**
**Very Short Term Inviting Notice "Expression of Intrest"**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राँची जिलान्तर्गत संचालित आवासीय बैडमिंटन (बालक) क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इण्डोर स्टेडियम, खेलगाँव, होटवार, राँची में "फिट इण्डिया योजना" के तहत जिम अधिष्ठापन किया जाना है। इस निमित इच्छुक निर्माता/प्राधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्ता से "इच्छा की अभिव्यक्ति" अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/कम्पनी/संस्थान/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्रतिनिधि आदि से दिनांक 05/03/2024 के पूर्वा०/अप० 11:30 बजे तक "इच्छा की अभिव्यक्ति" अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

"इच्छा की अभिव्यक्ति" दिनांक– 05/03/2024 को पूर्वाह्नः– 11:30 बजे तक कचहरी रोड स्थित विकास भवन के प्रथम तल में उप विकास आयुक्त, राँची के कार्यालय में (जिला खेल शाखा) में मुहरबन्द "इच्छा की अभिव्यक्ति" स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक, स्वयं प्रस्तावक या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होकर निर्धारित तिथि व समय के अन्दर ऊपर दिये गए पते पर जमा किया जायेगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात किसी भी "इच्छा की अभिव्यक्ति" को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

निविदादाता द्वारा तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबन्द लिफाफे को एक बड़े सीलबन्द लिफाफे में तथा अलग से जिम से संबंधित सामग्रियों/उपकरणों के नमूनों (ढोने लायक) का एक सीलबंद पैकेट में समर्पित किया जायेगा तथा ऐसे नमूने जिसे ढोया नहीं जा सकता, वैसे नमूनों का विवरणिका Brochure (रंगीन फोटोग्राफ्स सहित) एवं विडियों हेतु 1 पेन ड्राईव समर्पित किया जायेगा।

सर्वप्रथम निविदा –सह– क्रय समिति द्वारा प्रस्तावकों के नमूनों की गुणवत्ता की जाँच प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक– 05/03/2024 को अपराह्नः– 04:00 बजे कचहरी रोड स्थित विकास भवन के प्रथम तल में उप विकास आयुक्त, राँची के समक्ष खोला/देखा जाएगा। जिन प्रस्तावकों द्वारा समर्पित जिम सामग्रियों/उपकरणों के नमूने उच्च गुणवत्ता (ब्रांडेड) वाली होगी उनका ही तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव निविदा –सह– क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। (केवल तकनीकी बीड के सफल प्रस्तावकों के वित्तीय बीड खोले जायेंगे)

नोटः– "इच्छा की अभिव्यक्ति" समर्पित करने से संबंधित विस्तृत शर्त्ते एवं दिशा–निर्देश राँची जिला के अधिकारिक बेवसाईट **www.ranchi.nic.in** पर देखा जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी, राँची
निदेशक, डी०आर०डी०,राँची
उप विकास आयुक्त, राँची

PR 320562 District(23-24).D

# झारखंड के बजट को भाजपा ने बताया जुमला

रूपेश अग्रवाल



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के द्वारा जो बजट पेश किया गया उसने युवाओं को निराश किया है सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मेहताब आलम ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस-राजद कुशासन के अंतिम बजट में विफल हेमन्त सरकार भाग-2 ने पूरे प्रदेश को निराश किया है। यह बजट कमजोर नेतृत्व, असमर्थ-असक्षम सरकार का आईना है। झारखंड राज्य को बेरोजगार राज्य और बीमारू राज्य की ओर ले जाता हुआ यह बजट युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जेपीएससी नियुक्ति की सीबीआई जांच एवं जे०एस०सी०सी का पेपर लीक मामले में सरकार ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की, झारखंड की खनिज संपदाओं को लूटा जा रहा है इसके रोकथाम के लिए बजट में किसी भी प्रकार बजट में घोषणा नहीं की गई है, महिलाओं के लिए इस बजट में किसी प्रकार की विशेष योजना नहीं की गई है जब के अन्य भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के लिए विशेष सुविधा हर बजट में दी जा रही है। अल्पसंख्यक समाज को इस बजट में पूरी तरह से ठगा है, किसी प्रकार की विशेष योजना अल्पसंख्यक समाज के लिए यह बजट में नहीं है, जबकि झोली भर भर के अल्पसंख्यक समाज नें वोट महागठबंधन को दिया है, निश्चित ही आने वाले चुनाव में अल्पसंख्यक समाज पूरी तरह से भाजपा का साथ देंगे और भारतीय जनता पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायेंगे

# बजट को किसी ने सराहा, तो किसी ने चुनावी कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राज्य सरकार के बजट प्रस्तुत करने के साथ ही बजट पर राय आने शुरू हो गए। जहां इंडिया गठबंधन से संबंधित पार्टियों के नेताओं ने इसे लाभकारी, किसानों का हितैषी और आमजनों को राहत पहुंचाने वाला बजट बताया वहीं भाजपा के लोगों ने इसे लोक लुभावन, और चुनावी बजट की संज्ञा दी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के जॉइंट स्टेट कोडिनेटर फिरोज आलम ने बजट के बारे में कहा कि वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा पेश किया गया राज्य का बजट संतुलित और सराहनीय है। वित्त मंत्री ने राज्य को कई बड़ी सौगातों की घोषणाएं की है जिससे राज्य का सर्वांगीण विकास होना तय है। सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी बजट बनाया है जो आगामी दिनों में झारखंड को विकास की ओर अग्रसर करेगा। वहीं कांग्रेस की अल्पसंख्यक



चैतु उरांव



कुमुदनी प्रभावती



फिरोज आलम



आनंद गुप्ता



कलीम अख्तर कल्लन



शिव प्रसाद साहू

विभाग की महासचिव कुमुदिनी प्रभावती ने कहा कि राज्य के गरीबों, वंचितों, शोषितों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों अल्पसंख्यकों, महिला, युवा, बुजुर्ग, मजदूर किसानों की गांव और अपेक्षाओं को पूरा करने वाला संतुलित बजट है। विशेष कर महिलाओं पर बजट में पूरा ध्यान दिया गया है। सरकार ने गर्भवती महिलाओं को मातृ किट देने की घोषणा कर महिला विकास व उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता साबित किया है। कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष चैतू उरांव ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने राज्य के किसानों का भी खास ख्याल रखा है और ऋण माफी को 50 हजार से बढ़ाकर दो लाख कर दिया गया है जो किसानों के लिए वरदान साबित होगा। सरकार ने 125 यूनिट फ्री बिजली प्रदान करने का ऐलान कर राज्य के नागरिकों को बड़ी राहत दी है। । इसके अतिरिक्त भी कई सारी योजनाओं की सौगात राज्य सरकार ने दी है जो सराहनीय है। झामुमो के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष कलीम अख़्तर कल्लन ने कहा है कि अत्यंत सुझबुझ के साथ बनाया गया बजट है। इस बजट में गरीबों के साथ-साथ आम लोगों को भी राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया है। मूलतः किसानो को कई प्रकार की राहते दी गई है। साथ ही महिलाओं का ख्याल रखा गया है। इधर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू का कहना है कि इस बजट से झारखंड का कल्याण नहीं होने वाला। इस इंडिया गठबंधन वाली चंपई सरकार महिलाओं को छलने का काम किया है। जहां रघुवर दास सरकार में महिलाओं की रजिस्ट्री 1 रुपए में की जाती थी उसे झामुमो वाली सरकार ने बंद करके महिला विरोधी कार्य किया है। अब बजट में हल्के-फुल्के प्रावधान करके महिलाओं को लुभाना चाहती है। वहीं किसानों को मिलने वाले भत्ते को खत्म करके किसानो की कर्ज माफी का वादा करने वाली सरकार खुद ही साबित कर रही है कि वह किसान विरोधी है। इस बजट से आम आदमी का कोई लेना देना नहीं। यह बजट चुनावी बजट है। वही आजसू जिला उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता कहते हैं कि यह बजट चुनाव के पूर्व किए जाने वाले कोरे वादों के जैसा है। इससे राज्य का उत्थान होने की उम्मीद करना फिजूल है।

# आरके मल्लिक मुख्यालय के एडीजीपी बने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 23 आइपीएस अधिकारियों का सरकार ने तबादला किया है और एक को अतिरिक्त प्रभार दिया है। इससे संबंधित अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार को जारी कर दी है।



## कौन कहां गये

1) एडीजी वायरलेस के पद पर पदस्थापित आरके मलिक को एडीजी मुख्यालय के पद पर पद पदस्थापित किया गया। आरके मल्लिक एडीजी वायरलेस के अतिरिक्त प्रभार पर भी रहेंगे।

2) आइजी प्रोविजन के पद पर पदस्थापित प्रभात कुमार को आइजी स्पेशल ब्रांच के पद पर पदस्थापित किया गया है।

3) आइजी एसीबी के पद पर पदस्थापित पंकज कंबोज को आइजी प्रोविजन के पद पर पदस्थापित किया गया है।

4) जोनल आइजी पलामू के पद पर पद स्थापित राजकुमार लकड़ा को जैप आइजी के पद पर पदस्थापित किया गया है।

5) नरेंद्र कुमार सिंह को पलामू जोनल आइजी के पद पर पदस्थापित किया गया। नरेंद्र कुमार सिंह रेल आइजी के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

6) कोल्हान डीआइजी के पद पर पदस्थापित अजय लिंडा को डीआइजी होमगार्ड के पद पर पदस्थापित किया गया।

7) डीआइजी स्पेशल ब्रांच के पद पर पदस्थापित मनोज रतन चौथे को डीआइजी कोल्हान के पद पर पदस्थापित किया गया।

8) डीआइजी रेल के पद पर पद पदस्थापित कार्तिक एस को डीआइजी स्पेशल ब्रांच के पद पर पदस्थापित किया गया।

9) डीआइजी एसआइबी के पद पर पदस्थापित शैलेंद्र प्रसाद बरनवाल को डीआइजी एसीबी के पद पर पदस्थापित किया गया।

10) डीआइजी होमगार्ड के पद पर पदस्थापित वाइएस रमेश को डीआइजी बजट के पद पर पदस्थापित किया गया।

11) सुमित कुमार अग्रवाल को रांची ट्रैफिक एसपी के पद पर स्थापित किया गया।

12) प्रवीन पुष्कर को जमशेदपुर रेल एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया।

13) शंभू कुमार सिंह को गुमला एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया।

14) गुमला एसपी के पद पर पदस्थापित हरविंदर सिंह को एसपी वायरलेस के पद पर पद पदस्थापित किया गया।

15) आनंद प्रकाश को जैप 6 जमशेदपुर का कमांडेंट बनाया गया।

16) मूमल राजपुरोहित को स्पेशल ब्रांच का एसपी बनाया गया।

17) रेल एसपी जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित ऋषभ झा को एटीएस एसपी के पद पर पद स्थापित किया गया।

18) लातेहार एसपी के पद पर पदस्थापित अंजनी अंजन को रांची ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया।

19) सरायकेला एसपी के पद पर पदस्थापित डॉक्टर विमल कुमार को रामगढ़ एसपी के पद पर पद स्थापित किया गया।

20) चतरा एसपी के पद पर पदस्थापित राकेश रंजन को जैप 1का कमांडेंट बनाया गया।

21) रांची ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित मनीष टोप्पो को सरायकेला एसपी बनाया गया।

22) रामगढ़ एसपी के पद पर पदस्थापित पीयूष पांडे को लातेहार का एसपी बनाया गया।

23) विकास कुमार पांडे को चतरा का एसपी बनाया गया।

24) जेएपीटी पदमा में पदस्थापित चंदन कुमार झा अपने कार्यों के अतिरिक्त निदेशक झारखंड पुलिस अकादमी का प्रभार में रहेंगे।

# जेट्रोफा का सूखा बीज खाने से दो छात्र की स्थिति बिगड़ी




**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के टोटो नवा टोली निवासी छात्र 9 वर्षीय विपिन उरांव पिता सुधीर उरांव और 12 वर्षीय मंगल उरांव पिता बिरसा उरांव सोमवार को विद्यालय छुट्टी होने के बाद मवेशी चराने जंगल की ओर गए थे। इसी क्रम में जेट्रोफा का सुखा बीज का चार-पांच दाना खा गए। इसके बाद दोनों को नशा हो गया। वही दोनों उल्टी भी करने लगे। आसपास मवेशी चरा रहे ग्रामीण दोनों को लेकर उनके घर पहुंचाया। इसके बाद दोनों को सोमवार की रात सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां विपिन उरांव की स्थिति खराब होने लगी। जबकि मंगल को इलाज के उपरांत उसे घर भेज दिया गया जबकि विपिन का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# झारखंड सरकार का बजट संतुलित और सराहनीय : विशाल डुंगडुंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा पांचवीं बार राज्य का बजट पेश किया गया और कई बड़ी जनकल्याणकारी घोषणाएं की गयी। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन वर्ष 2024 - 25 के लिए एक लाख 28 हजार 900 करोड़ का बजट पेश किया। इस पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी बजट बनाया है जो आगामी दिनों में झारखंड को विकास के पद पर अग्रसर करेगा, यह बजट राज्य के गरीबों, वंचितों, शोषितों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों अल्पसंख्यकों, महिला ,युवा बुजुर्ग, मजदूर किसानों की गांव और अपेक्षाओं को पूरा करने वाला संतुलित और बजट है,झारखंड सरकार ने राज?य के



किसानों का भी ख्याल रखा है और ऋण माफी को 50 हजार से बढ़ाकर दो लाख करने तथा एनपीए खाता धारक किसानों को भी इस योजना के तहत शामिल किए जाने का एलान किया गया। कृषि एवं पशुपालन के लिए 40606.57 करोड़ रुपये का प्रविधान रखा गया, साथी सरकार ने 125 मिनट फ्री बिजली प्रदान करने का ऐलान किया है, गरीबों का दाल चावल के साथ-साथ सोया बड़ी भी उपलब्ध कराया जाएगा, एवं मुखिया का मानदेय 2000 से 2500 वार्ड सदस्य का 200 से 500 प्रमुख का 3000 से 5000 किया गया है जिससे जनप्रतिनिधियों को बल मिलेगा, माता व शिशुओं के साथ बजट में शिक्षा पर जोर। वित्त मंत्री ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को मातृ किट मिलेगा। महिलाओं, बच्चों और सामाजिक सुरक्षा के लिए 8021.93 करोड़ का बजट पेश किया है। इसमें जच्चा बच्चा के लिए पोशाक, तेल, साबुन, बाल्टी, मग आदि होंगे। उन?होंने एलान किया कि अगले वित्तीय वर्ष में 325 प्रखंडों में लीडर स्कूल खुलेंगे। प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए 12 हजार तीन सौ 14 करोड़ 21 लाख रुपये तथा उच्च एवम तकनीकी शिक्षा के लिए 2411.77 करोड़ का बजट रखा गया है। उन?होंने बताया कि 4036 पंचायत स्तरीय विद्यालय अगले दो वर्षों में आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित होंगे। 117 विद्यालयों में व्यवसायिक शिक्षा हेतु लैब की स्थापना होगी।

# झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को रांची मे राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात कर जहाँ राज्य मे पत्रकार सुरक्षा कानून लागु करने की मांग की। वहीं राज्य के पत्रकारों की समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों की समस्याओं के समाधान की दिशा मे समुचित पहल करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमण्डल मे यूनियन के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, महासचिव राजीव नयनम, रांची महानगर अध्यक्ष जावेद, सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष सुधाकर झा, पश्चिमी सिंहभूम के



अध्यक्ष गौरीशंकर झा, उदय प्रताप सिंह, जगदीश सिंह, उदय सिंह जोगी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनंद प्रियदर्शी आदि शामिल थे। वहीं राज्य मे पत्रकार सुरक्षा कानून लागु करने की मांग तथा राज्य के पत्रकारों की समस्याओं से मुख्यमंत्री चमपई सोरेन को अवगत कराये जाने पर बालूमाथ प्रखंड के वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिन्हा, जावेद अख्तर, कौशर अल्ली, बारियातू प्रखंड के मो अरसद, मो कुतुबुद्दीन ने झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस के प्रतिनिधिमंडल मे शामिल अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, महासचिव राजीव नयनम, रांची महानगर अध्यक्ष जावेद, सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष सुधाकर झा, पश्चिमी सिंहभूम के अध्यक्ष गौरीशंकर झा, उदय प्रताप सिंह, जगदीश सिंह, उदय सिंह जोगी को हार्दिक बधाई दिया है।

# शांति नहीं, अब क्रांति से बनेगी बात: राजेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि आने वाले लोकसभा, विधानसभा चुनाव में हक के लिए आर-पार की लड़ाई के लिए मूलवासी सदान तैयार रहे। मोर्चा का राजभवन मार्च मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से निकला। राजभवन के समीप पुलिस ने रोक दिया। इसके बाद सभी लोग वहीं जम गये। कहा कि राज्य बने 23 वर्ष हो गये, लेकिन एक स्थानीय नीति सरकार नहीं बना पायी है। सदानों के शहादत से झारखंड राज्य मिला, लेकिन राज्य बनने के पश्चात मूलवासी सदानों के अधिकारों एक-एक कर छीना जा रहा है। इसे अब किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कहा कि नियोजन नीति और स्थानीय




नीति अंतिम सर्वे के आधार पर सरकार बनाये। राज्य में पिछड़ी जाति का आबादी 55 प्रतिशत है, लेकिन सिर्फ 14 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। सात जिलों में पिछड़ों का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़ों को 36 से 50 तक आरक्षण देने की राज्य सरकार से अनुशंसा की है। उन्होंने सदान आयोग बनाने की मांग की। कहा कि सत्ता की चाबी मूलवासी सदानों के पास है। 2024 के विधानसभा चुनाव में मूलवासी सदान सत्ता किसे देंगे, इसका निर्णय अक्टूबर माह में रांची में एक बड़ी रैली कर निर्णय लिया जायेगा। मार्च में शामिल लोग नारेबाजी भी कर रहे थे। जो मूलवासी सदानों की बात करेगा, वही झारखंड में राज करेगा, स्थानीय नीति-नियोजन नीति अंतिम सर्वे के आधार पर बनाना होगा...के नारे लगा रहे थे। मार्च अधिकार रैली को संबोधित करने वालों में धनंजय राय, विश्वनाथ गोप, आरती देवी, प्रभा देवी, कृष्ण सिंह आदि शामिल थे।

# 40 महिलाओं के बीच किया गया गैस चूल्हा का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** परमवीर अल्बर्ट एक्का परिसर में उज्ज्वला योजना के तहत गैस चूल्हा का निशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी,वर्तमान अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य शकुंतला उरांव, भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री पायल तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी गुड्डी नंदा रोमा, नगर अध्यक्ष बल्केश्वर सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह,दीप्ति कच्छप के द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित लाभुकों के बीच गैस चूल्हा का वितरण किया गया। मौके पर



उपस्थित अनूप चन्द अधिकारी ने कहा केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण व शहरी महिलाओं को निशुल्क गैस चूल्हा उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में माताएं व बहने लकड़ी से चूल्हा फुकते फूकते उनकी आंखें लाल हो जाती है। उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खासकर बरसात के दिनों में बड़ी मुश्किल होती है।

# जेसीबी मशीन ऑपरेटर को अपराधियों ने मारी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा ।** कुडू थाना क्षेत्र के ब्लॉक मोड़ कुडू से सुंदरू होते हुए बंदुवा मोड़ तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य मे लगी जेसीबी मशीन के ऑपरेटर को आज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया। घटना सुंदरू और सरना टोली केधोबकट नदी के समीप सोमवार की शाम करीब 6 बजे के आसपास की है। मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना बन रही सड़क निर्माण का काम करा रही एजेंसी चरण महादेव कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्य मे लगी जेसीबी मशीन के ऑपरेटर बिहार औरंगाबाद के नबीनगर निवासी



धीरज कुमार सिंह काम करने के बाद जेसीबी के सहायक ऑपरेटर उत्तर प्रदेश के चंदौली गांव निवासी रविरंजन कुमार के साथ वापस बड़की चांपी कैंप लौट रहा था, तभी तीन की संख्या में पैदल पहुंचे अज्ञात अपराधकर्मियों ने जेसीबी को धोबकट नदी के समीप रुकवाकर कर यह कहते हुए फायरिंग कर दी कि इसको मना करने के बाद भी काम बंद नही किया है। गोली धीरज के दाहिने हाथ मे लगी। घटना को अंजाम देकर तीनो पैदल जंगल की ओर चलते बने। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद, कुडू थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

गोली लगने के बाद ऑपरेटर जेसीबी लेकर भागने में सफल रहा, भाग रहे ऑपरेटर पर पीछे से भी फायरिंग किये जाने की सूचना है। ऑपरेटर धीरज और सहायक रवि जेसीबी लेकर किसी तरह बढकी चापी पुलिस पिकेट पहुंचे और घटना की जानकारी दी। जिसके बाद घायल को लोहरदगा सदर अस्पताल ले जाया गया है। जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

सूत्रों की माने तो मौकाए वारदात से पुलिस ने कोयल शंख जोनल कमिटी पीएलजीए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी के नाम से छोड़े गए चार - पांच पोस्टर भी बरामद किए हैं। जिसमे बिचौलिए-दलाल होश में आएं, घमंड में चूर पुलिस के साथ मिलकर गलत कार्य करने वांले खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहें, आदि बातें लिखी गयी हैं। प्रथम द्दष्टया घटना रंगदारी वसुसलने का प्रतीत हो रहा है। लेकिन माओवादी के नाम पर पोस्टर किसके द्वारा छोड़ा गया है। फिलहाल पुलिस इसकी गहन जांच में जुटी है।

# शराब बिक्री बंद कराने गयी पुलिस टीम पर हमला

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** जलड़ेगा प्रखंड के लोम्बोई में लगे साप्ताहिक बाजार में अवैध शराब बिक्री बंद कराने पहुंची जलड़ेगा थाने की पुलिस टीम पर शराब विक्रेताओं सहित कुछ गांव वालों ने हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोम्बोई मे साप्ताहिक बाजार लगा था जिसमें अवैध शराब बिक्री हो रही थी। जलड़ेगा थाने की टीम जब उसे बंद कराने पहुँची तब शराब विक्रेताओं ने पुलिस टीम को घेर कर हमला कर दिया। इस हमले में गांव वाले भी शामिल हो गये।

# झारखण्ड सरकार के द्वारा पेश की गयी बजट ऐतिहासिक: समीद अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो।** कैरो प्रखंड में झारखण्ड सरकार के द्वारा मंगलवार को प्रदेश का बजट पेश किया गया।इस बजट को झारखण्ड का अहम बजट बताते हुए जे एम एम कैरो प्रखण्ड कमिटी द्वारा झारखण्ड सरकार व सरकार के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को बधाई दी गई।झारखण्ड सरकार के द्वारा पेश की गई इस बजट को इतिहास बजट बताते हुए केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा कि झारखण्ड झारखण्ड के विकास के लिए जनकल्याणकारी बजट पेश की है इस बजट में गरीब,किसान,मजदूर के साथ साथ समाज के तमाम तबके के विकास के योजना बनाई है।बजट में किसानों के ऋण माफी का दायरा 50 हजार से बढ़कर 2 लाख कर दी गई है वहीं इस बार एन पी ए खाताधारकों के भी सामील किया गया है,निवार्चीत जनप्रतिनधियो का मानदेय बढ़ाने ,सर्वजन पेंशन योजना के तहत उम्र सीमा में कटौती करने, ग्रीन कार्ड की संख्या 20 लाख से बढ़कर 25 लाख करने,राशन डीलरों का कमीशन 100 रुपये प्रति क्विंटल से बढाकर 150 रुपये करने,घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट से बढ़ाकर 125 यूनिट फ्री करने,गरीबो को को दाल चावल के साथ साथ सब्जी भी देने की बात कही गई।इसके साथ साथ शिक्षा स्वास्थ्य सभी पर विशेष ध्यान दिया गया है।बधाई देने वालो में प्रखण्ड प्रमुख सह जे एम एम नेता श्रीराम उरांव,प्रखण्ड अध्यक्ष मो सजाद,प्रखण्ड सचिव धनपत उरांव, परवीन साहू,अख्तर अंसारी, समीरुदीन अंसारी, लक्ष्मण उरांव ,शिब उरांव,बजरंग उरांव आदि शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री से मिलकर बबलू सिंह ने जनसमस्याओं से अवगत कराया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह समाजसेवी वशिष्ट कुमार उर्फ बबलू सिंह ने मंगलवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता देकर अभिवादन किया। इस दौरान हुसैनाबाद क्षेत्र की सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व सिचाई समेत विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर चर्चा हुई। साथ ही राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और झामुमो की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही गई। झामुमो नेता बबलू सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हुसैनाबाद क्षेत्र में विकास योजनाओं को गति देने को लेकर आश्वस्त किया है। झामुमो की सरकार राज्य की समुचित विकास के लिए कृतसंकल्पित है।

## मरीज दिखाने के बहाने आये थे अपराधी, जबरन गाड़ी में बैठाकर ले भागे

# ग्रामीण चिकित्सक का अपहरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के ऊपरी कला गांव निवासी एक ग्रामीण चिकित्सक डॉ रहमान का सोमवार की शाम अपहरण कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण चिकित्सक डॉ रहमान जपला-छतरपुर मुख्य पथ के ऊपरी गांव के समीप अपने निजी क्लीनिक में मरीज की जांच कर रहे थे। तभी शाम करीब सात बजे तीन लोग चारपहिया वाहन से आए और कहा कि गाड़ी में गंभीर स्थिति में एक मरीज है। वे वहीं चलकर उसकी जांच कर लें। जब डॉ रहमान मरीज को देखने गाड़ी के



डॉ रहमान की फाइल फोटो।

पास आए तभी अपहरणकर्ताओं ने उन्हें जबरन गाड़ी में बिठा लिया और फरार हो गए।

### आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

उधर, चिकित्सक के अपहरण की जानकारी मिलते ही आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोगों ने मंगलवार को छतरपुर-जपला मुख्य मार्ग को एक घंटे तक जाम कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को भरोसा दिया कि पुलिस डॉ रहमान को सकुशल बरामद कर लेगी। साथ ही अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लेगी। इसके बाद आक्रोशित लोग शांत हुए और सड़क अवरोध खत्म किया। हालांकि खबर लिखे जाने तक अपराधियों की ओर से किसी तरह की फिरौती की मांग नहीं की गई है। वहीं, कंपाउंडर द्वारा अपराधियों के बारे में दी गयी जानकारी के आधार पर पुलिस उनकी तलाश कर रही है। जबकि पुलिस आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। अपराधियों की तलाश में कई जगहों पर छापामारी की जा रही है। उधर, हुसैनाबाद के एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो घटना के बाद मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। हालांकि अब तक अपहरण के कारणों का पता नहीं चल सका है। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि डॉ रहमान की पत्नी के आवेदन पर अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## औद्योगिक विकास का बजट छलावा : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि औद्योगिक विकास की बातें या बजट छलावा है। चार साल की अवधी में सरकार कई जिलों में अब तक इंडस्ट्रियल स्टेट नहीं बना पाई है। ना ही झारखंड में इंडस्ट्रियल पॉलिसी लागू कर पाई, जबकि हर वर्ष बजट में रुपय का प्रावधान होता। फिर कैसा औद्योगिक विकास। पलामू जिला जो प्रमंडल का मुख्यालय है कई वर्षों से इंडस्ट्रियल एस्टेट के लिए भूमि की बात कर रही है, जबकि आज तक इंडस्ट्रियल एस्टेट के लिए भूमि उपलब्ध नहीं हो पाया। फिर सरकार किस औद्योगिक विकास की बात कर रही है। लातेहार और चतरा सहित कई जिले ऐसे हैं जहां उद्योग के लिए एक इंच भूमि नहीं है। बजट खाने कमाने वाला है।


**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी (अभियंत्रण शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा ई–निविदा अन्तर्गत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 33/2023-24 PR No- 320334 (District) 23-24 (D) द्वारा निकाली गई खूँटी जिला अन्तर्गत कर्रा प्रखण्ड में ग्राम गोविन्दपुर में बहुउद्देशीय भवन का निर्माण कार्य क्रम संख्या 01 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 320530 District(23-24)#D


# पत्रकार को पितृ शोक, राजनीतिक दलों और समाजसेवियों ने व्यक्त किया शोक



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड के एक पत्रकार पिंटू मिश्रा (राजीव रंजन मिश्रा) के पिता सेवानिवृत रेलवे अभियंता विवेकानंद मिश्रा (65) का सोमवार को निधन हो गया। जिससे मृतक की पत्नी प्रभावती देवी सहित पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं पत्रकार के पिता के निधन की सूचना मिलने के बाद विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, राजद के संजय सिंह यादव, कमलेश कुमार यादव, बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह आदि ने पत्रकार को फोन कर शोक व्यक्त किया। जबकि भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह घर पहुंच कर ढांढस बंधाया। उनका अंतिम दाह संस्कार मंगलवार को घाघरा बटाने नदी तट हुआ। बड़े पुत्र दयानंद मिश्रा ने मुखाग्नि दी। दाह संस्कार में सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, मुखिया उमेश साव, भीम मिश्रा, विनय जायसवाल, शिक्षक बिगन प्रजापति, विजय मिश्रा, अनुज कुमार मिश्रा, पैक्स अध्यक्ष धनंजय सिंह, मिथिलेश कुमार पांडेय आदि मौजूद थे।

# हुसैनाबाद में ही होगी सेमेस्टर दो की परीक्षा : कमलेश सिंह



- विधायक ने कहा- वीसी ने दिया है आश्वासन
- परीक्षा केंद्र जपला में ही रखने की मांग को लेकर वीसी से मिले थे विधायक प्रतिनिधि

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला एके सिंह कालेज में अध्यनरत विभिन्न संकायों में स्नातक के विद्यार्थियों के सेमेस्टर की परीक्षा समय-समय पर ली जाती है। एक मार्च से शुरू होने वाली परीक्षा का केंद्र इस बार नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा छतरपुर गुलाबचंद प्रसाद डिग्री कालेज कर दिया गया है। इस बाबत विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह व एके सिंह कालेज के दानदाता पूर्व सचिव रौनक सिंह ने वीसी से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि जपला के विभिन्न गांव से छतरपुर की दूरी करीब 40 किलोमीटर है। दूसरी समस्या यह है कि जपला से छतरपुर आने जाने का समुचित साधन नहीं है। जिससे छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अधिकांश गरीब विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रह सकते हैं। विद्यार्थियों व उनके अभिभावको द्वारा विधायक से छतरपुर की जगह जपला के किसी कालेज या विद्यालय में परीक्षा केंद्र कराने की मांग की जा रही है। विधायक प्रतिनिधि ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के वाइसचांसलर से जपला एके सिंह कालेज के विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए परीक्षा केंद्र जपला के ही इंटर उच्च विद्यालय या बीएड कालेज में करने की मांग की है। विधायक ने भी वीसी व परीक्षा नियंत्रक से फोन पर इस संबंध में बात की। वीसी ने बताया कि विभिन्न परीक्षाओं की वजह से हुसैनाबाद के एक भी शैक्षणिक संस्थान परीक्षा की व्यवस्था कराने की स्थिति में नहीं हैं। मगर सेमेस्टर 2 की परीक्षा हुसैनाबाद में ही कराने की व्यवस्था की जाएगी।

# चुनावी शंखनादः कुम्हार महाकुंभ के लिए हुआ मैराथन मंथनः अविनाश




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। इसी बीच झारखंड विधानसभा का बिगुल फूंका जायेगा। हम सभी कहीं न कहीं वोट मागेंगें लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद हम कहां खड़े रहेंगे। सरकार हमें किस तरह के लाभ पहुंचाएगी और क्या मिलेगा अहम सवाल है। इसीलिए राज्यभर से समाज के बुद्धिजीवियों की बैठक मेदिनीनगर में हुई। मैराथन मंथन के बाद राज्यभर से आए बुद्धिजीवियों के बीच सरकार व सरकारी लाभ के लिए आपसी समन्वय बनाने पर सहमति बनी। मातृ संगठन के साथ जो जहां है वह वहीं रहे। पर समाजहित में वक्त पर समन्वय समिति के साथ कदम ताल करें। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजधानी रांची में चुनावी बसंत के बज्रनाद करने के लिए कुम्हार महाकुंभ लगाने का एजेंडा पास हुआ। झारखंड माटीकला बोर्ड पुनर्गठन के लिए आंदोलन करने, छात्रावास एवं राज्य कार्यालय निर्माण पर सहमति बनी। मैराथन मंथन में धनबाद से प्रकाश, दक्षिणेश्वर, रांची से दिनेश, बोकरो से बैजनाथ, गोमिया से कुलदीप, हजारीबाग से महेंद्र, रामगढ़ से नमिता, लातेहार से आनंद, चंदवा से डब्ल्यू, बालूमाथ से अनिल, गढ़वा से कन्हैया, योगेंद्र, पलामू से प्रदीप नारायण के नेतृत्व में दर्जनों क्रांतिकारी बुद्धिजीवी साथी मौजूद रहे। सम्मानित साथी संजय, संतोष, शोभा, विनोद, अच्छेलाल, सत्येंद्र, मदन, चंदन, कमलेश गुरुजी, त्रिपुरारी गुरुजी, संतोष गुरुजी, शंकर जी, भीम, परमानंद, परमेंद्र, अरुण, लखु जी, ब्रह्मदेव, बालेश्वर, राजू, भुनेश, अनूप, पीतांबर, शत्रुघ्न, आचार्य रामनरेश आदि उपस्थिति थे।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (पर्यटन शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

कोडरमा जिला अन्तर्गत चन्दवारा प्रखण्ड के तिलैया डैम एवं झील रेस्टुरेन्ट उरवाँ के समीप पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु पार्क एवं विभिन्न संरचनाओं का विकास हेतु दिनांक 23/24–02–2024 को अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित कि गई थी, जिसका PR सं0 320108 है। उक्त सूचना में निम्नवत् आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| क्रमांक | निविदा संबंधित विवरण | पूर्व में निर्धारित तिथि | संशोधित निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | Last date & Time for BID submission | 03-03-2024 till 12:00 PM | 04-03-2024 till 12:00 PM |
| 02 | Date & Time for BID opening | 03-03-2024, 03:00 PM | 04-03-2024, 03:00 PM |
| 03 | Technical Solution Presentation & Evaluation | 03-03-2024, 03:00 PM | 04-03-2024, 03:00 PM |
| 04 | Opening of Financial Bids and finalevaluation | 03-03-2024, 03:00 PM | 04-03-2024, 03:00 PM |

अल्पकालीन निविदा सूचना की शेष कंडिकाएँ यथावत् रहेगी।

ह0/–
जिला पर्यटन पदाधिकारी, कोडरमा

PR 320467 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs(23-24)#D


# उंटारी पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**उंटारी रोड/पलामू।** एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर पलामू जिले के उंटारी रोड थाना के समीप चेकपोस्ट पर मंगलवार को वाहन जांच और सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व मुन्नालाल जमुदा कर रहे थे। उन्होनें बताया कि वाहन के सभी कागजात, हेलमेट सहित सिटबेल्ट की जांच की जा रही है। सभी वाहनों की गहनता से जांच हो रही है। यातायात संबंधित जानकारी भी दी जा रही है।


**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (2nd Call)**
ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/188/2023-24
दिनांक : 27.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | वित्तीय वर्ष 2023–24 में पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत 'महतो–अहरा–रामपुर–बसिरया–चौपारण पथ के कि॰मी॰ 0.00 से कि॰मी॰ 32.85 तक (कुल लम्बाई–32.85 कि॰मी॰) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य ' |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू॰ 25,63,97,000.00 (पच्चीस करोड़ तिरेसठ लाख संतानबे हजार रूपये) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छ:) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 29.02.2024 10:30 A.M |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 06.03.2024 12:00 P.M |
| 6. | निविदा खोलने तिथि एवं समय | 07.03.2024 12:00 P.M |
| 7. | Pre-Bid बैठक | 05.03.2024 12:00 P.M |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 8709320541 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :–
http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 320538 Road (23-24)_D


# इलेक्ट्रॉनिक एवं डीजल गाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महिंद्रा आनंद मोटर्स सर्विस सेंटर की ओर से गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेज रेड़मा में इलेक्ट्रिकल और डीजल इंजन गाड़ियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेज के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस आयोजन में महिंद्रा से आए कस्टमर केयर मैनेजर सीसीएम श्रीराम सिंह और उनके साथ टेक्निकल स्पेशलिस्ट मो मुशर्रफ हुसैन, आनंद मोटर्स के जीएम रविंद्र सिंह, अगस्त तिवारी, टेक्निकल मैनेजर रणविजय सिंह मौजूद थे। इसमें आनंद मोटर सर्विस सेंटर के रविंद्र सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं सहित सभी लोगों को देश में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए इलेक्ट्रिक कारों की गुणवत्ता के बारे में बताया गया। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा इलेक्ट्रिक गाड़ियां ही खरीदे, ताकि देश में प्रदूषण वृद्धि में कमी लायी जा सके। यह भी बताया कि इलेक्ट्रिक गाड़ियां लोगों को कम बजट में ही रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है। इस प्रशिक्षण समारोह में गवर्नमेंट आईटीआई के प्रिंसिपल चनर्धन बैठा और सारे टीचर मौजूद थे और सारे स्टूडेंट ने इस अवसर का काफी लाभ उठाया।

# भवन निर्माण में भ्रष्टाचार को लेकर मंत्री बसंत सोरेन से मिले पांकी विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सूचना के माध्यम से पलामू जिला के भवन निर्माण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने सदन में आवाज उठाया कि किस प्रकार कार्यपालक अभियंता की जानकारी के बिना प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त किए पशुपालन विभाग के भवनों और चहारदीवारी निर्माण कराने और जीर्णोद्धार के कार्यों की निविदा निकाल दी गई। चौंकाने वाली बात है कि ना सिर्फ



बिना प्रशासनिक स्वीकृति के निविदा निकाली गई, बल्कि कार्यालय में क्रमशः पिछले बारह एवं पांच वर्षों से जमे कैशियर एजाज एवं लेखापाल नीरज कुमार राय द्वारा चहेते संवेदकों के पक्ष में निविदा मैनेज करने का प्रयास किया गया। उक्त दोनों कर्मचारी टेंडर मैनेज करने एवं कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की मुख्य कड़ी हैं। जब यह मामला सदन के संज्ञान में कल शून्यकाल के माध्यम से सरकार के संज्ञान में आया तब आनन फानन में निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया। करीब तीन माह पूर्व में भी इन लोगों द्वारा हाल ही में 15वीं वित्त की राशि से जीर्णोद्धार कराए गए पंचायत भवनों का पुनः कार्य कराने की निविदा निकाल दिया गया। जिसे विधायक द्वारा सरकार के संज्ञान में लाए जाने पर आनन फानन में स्थगित कर दिया गया था। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने राज्य सरकार के भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन को लिखित रूप से अवगत कराया। मंत्री बसंत सोरेन ने अविलंब दोषियों पर विभागीय कार्रवाई करने का अश्वशन दिया।

## डीसी ने की अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास और भीमराव अंबेडकर आवास योजना की समीक्षा

# अबुआ आवास के जिन लाभुकों के सभी कागजातों की जांच हो गयी है, उन सभी को दो दिनों में जारी हो पहली किस्त : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को एनआईसी सभागार से वर्चुअल जिले के सभी बीडीओ व आवास के ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों के साथ बैठक की। इस दौरान आबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, भीमराव अंबेडकर आवास योजना की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए लंबित आवासों को पूर्ण करने व जिन लाभुकों के सभी दस्तावेजों की जांच हो गयी है उनको त्वरित गति से प्रथम किस्त भुगतान करने का निर्देश दिए। आबुआ आवास योजना




अंतर्गत प्रखंडवार प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवेदन तथा जियोटैगिंग का बिंदुवार समीक्षा की गयी। इस दौरान डीसी ने सभी बीडीओ को फर्स्ट इंस्टॉलमेंट निर्गत करने को शत प्रतिशत लाभुकों का प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कहा कि जिसका खाता नंबर, आधार व जॉब कार्ड की जांच हो गयी है उन सभी को दो दिनों के भीतर प्रथम किस्त का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लंबित आवासों की समीक्षा करते हुए युद्ध स्तर पर सभी आवासों को पूर्ण करने के निर्देश दिया। इसी तरह मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना की समीक्षा की। बताया गया कि जिले में 6,460 लक्ष्य के विरुद्ध 4,604 का काम जारी है, जबकि 1856 लंबित है। इस पर डीसी ने सभी बीडीओ व बीपीओ को लंबित बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना को अगले दो दिनों के भीतर ऑनगोइंग करने का निर्देश दिया। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये बागवानी हेतु 1500 एकड़ का लक्ष्य जिले को प्राप्त है जिसमें अभी तक 355 एकड़ में बागवानी हेतु लाभुकों का चयन किया गया है। इस पर डीसी ने चयन लाभुकों को 24 घंटे के भीतर स्वीकृत करते हुए ओंनगोइंग करने का निर्देश दिया। इसके अलावे प्राप्त लक्ष्य के दोगुना क्षेत्र में बागवानी करने का निर्देश दिया। इस मौक डीडीसी रवि आनंद, मनरेगा के परियोजना पदाधिकारी उपेंद्र पासवान, आवास के परियोजना पदाधिकारी विमलेश विश्वकर्मा, आवास के जिला कोऑर्डिनेटर मुफ्ती अनवर व प्रशिक्षण समन्वयक अभय चौरसिया उपस्थित रहे, जबकि सभी बीडीओ, बीपीओ व आवास के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर वर्चुअल मोड से जुड़े रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**जल पथ प्रमंडल सं0–2 हजारीबाग।**
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 04/2023–2024**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखंड बरही अन्तर्गत अग्निषमन वाहनों में पानी भरने के लिए डीप बोरिंग, पम्प, स्टेटिक टैंक एवं विभिन्न निर्माण कार्य। | 9,85,359 | 19,800 | 1250 | 1 Months |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 05.03.2024 अपराहन 3:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 06.03.2024 पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय : दिनांक 06.03.2024 को अपराहण 3:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0– 7903709450 : कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है ।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2,
हजारीबाग।

PR 320395 Water Resource(23-24)D

## गिरिडीह नगर भवन में जेएसएलपीएस की ओर से जिलास्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

# रोजगार मेले में 1229 युवाओं को मिला नियुक्तिपत्र

## जिनका चयन नहीं हुआ, वे निराश ना हों, फिर मिलेगा मौकाः डीडीसी



रोजगार मेले में उपस्थित डीडीसी व अन्य गणमान्य लोग।


रोजगार मेले में विभिन्न जगहों से आए अभ्यार्थी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** नगर भवन में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशनल सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की ओर से मंगलवार को जिलास्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। क्जिसका उद्घाटन डीडीसी दीपक कुमार दूबे, जिला परिषद अध्यक्षा मुनिया देवी व जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीडीसी ने कहा कि गिरिडीह जिले के युवाओं को बेहतर रोजगार के विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि जिले में बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा युवाओं को चिन्हित कर रोजगार मुहैया कराया जा सके। जेएसएलपीएस का यह प्रयास सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और उनको रोजगार का अवसर मिलेगा। रोजगार सृजन मेले से आज सैकड़ों युवक-युवतियां अपने चेहरे पर मुस्कान लेकर लौटेंगें। लेकिन, वैसे अभ्यर्थी जिनका किसी कारण चयन नहीं हो सका, वह निराश नहीं होंगे। पुनः रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ज्यादा से ज्यादा युवाओं/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को प्रयासरत है। वहीं, डीपीएम ने कहा कि जिले में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने रोजगार मेले में शामिल सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि निबंधित छात्र-छात्राओं का डाटा संग्रह करते हुए प्रशासन ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर मुहैया करायेगा। उन्होंने अभ्यर्थियों से नियोक्ताओं द्वारा उपलब्ध कराएं गए रोजगार के अवसर को गंभीरता से लेने को कहा। इस दौरान दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा डीडीसी ने नगर भवन में आयोजित रोजगार सृजन मेला में लगाएं गए 20 कंपनियों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉल पर उपलब्ध नियोक्ताओं व अभ्यर्थियों से जानकारी ली। सांकेतिक रूप से मौके पर ही दर्जनों चयनित युवक-युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र सौंपा। मेले में गिरिडीह व देवघर जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे 2417 युवक-युवतियों ने निबंधन कराया, जिसमें विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा 1229 युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर प्लेसमेंट पदाधिकारी सांई दत्ता, जेएसएलपीएस की कौशल विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

संत रैदास की 647वी जयंती में शामिल हुए पूर्व मंत्री माधवलाल/ बेरमो (आजाद सिपाही)। गुजरकुंडा गांव में आयोजित संत रैदास जी की 647वी जयंती में पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने संत महाराज की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, कार्यक्रम के अध्यक्षता विजय सिंह और संचालन सचिव मोहन सिंह ने किया। माधवलाल सिंह ने कहा कि संत रैदास जी का जीवन समाज के उन वर्ग के लोगो के जीवन के उत्थान में लगा रहा जिस दबे, कुचले वर्ग की सदैव उपेक्षा होती थी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रधानमंत्री के धनबाद आगमन की तैयारियों को लेकर रागिनी सिंह की अगुवाई में बैठक




झरिया (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक मार्च को धनबाद आगमन पर तैयारियों को लेकर मंगलवार को झरिया-कतरास मोड़ स्थित बिहार बिल्डिंग कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) की महामंत्री रागिनी सिंह भी शामिल थीं। बैठक में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर चर्चा की गई और कार्यक्रम में झरिया विधानसभा में जश्रसं सह भाजपा कार्यकर्ताओं की अधिक से अधिक उपस्तिथि की रूपरेखा तैयार की गई। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर प्रदीप सिन्हा, गौरव वक्ष, सतेंद्र कुमार, दिलीप भारती, शिव कुमार यादव आदि मौजूद थे।

### गिरिडीह के 17वें जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में अंजना भारती ने संभाला पदभार



गिरिडीह (आजाद सिपाही)। जिले के 17वें जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में अंजना भारती ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रश्मि सिन्हा ने उन्हें पदभार सौंपा। इस दौरान अंजना भारती ने कहा कि जनसंपर्कीय कार्यों के लिए सरकार ने मुझे जो दायित्व सौंपा है, उस पर शतप्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगी। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के साथ मीडिया से बेहतर समन्वय की दिशा में कार्य करने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, साउंड ऑपरेटर आदि मौजूद थे।

### दो बाइक की टक्कर में चार लोग घायल

एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। चिरकुंडा थाना अंतर्गत चिरकुंडा-पंचेत रोड में मंगलवार को दो बाइक की टक्कर में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीन घायल को इलाज के लिए सरसापहाड़ी स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां नूतनगांव निवासी मिलन झाल, उसकी पत्नी लालमुनि झाल व भाई आकाश झाल का इलाज चल रहा है। आकाश परिवार के साथ डेढ़ माह के बच्चे का इलाज कराने बाइक से नूतनगांव से चिरकुंडा की ओर आ रहे थे। तभी हादसा हुआ।

# झारखंड सरकार ने पेश किया चहुमुखी विकास का बजट : ब्रजेंद्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने मंगलवार को झारखंड सरकार द्वारा पेश बजट की सराहना की। कहा कि झारखंड में जो बजट वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने पेश किया गया है वह किसानों, मजदूरों और नौजवानों के हितों को ध्यान में रखकर किया है। खासकर किसान वर्गों का पूरा ध्यान रखा गया है। बेरोजगारों का ख्याल विशेष रूप से रखा गया है। झारखंड को चौमुखी विकास की ओर ले जाने वाला बजट है। किसी नए टैक्स का बोझ जनता पर नहीं थोपना सराहनीय कदम है।

## आरटीइ एक्ट में धनबाद के डीएसइ का चलता है अपना कानून : अनूप




धनसार (आजाद सिपाही)। बीपीएल नामांकन प्रक्रिया को जटिल करने से अभिभावकों में आक्रोश है। इसके निमित्त मंगलवार को झरिया-बाटा मोड़े पर गणेश चौक के समक्ष अभिभावकों ने धनबाद के जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार का पुतला दहन कर विरोध जताया। साथ ही झरिया सीओ के विरुद्ध भी नाराजगी जाहिर की। कहा कि हम लोगों के पास बीपीएल कार्ड भी है जिसे सरकार न्यूनतम आय के रूप में मानती है। बावजूद इसके जिला शिक्षा अधीक्षक बच्चों के बीपीएल नामांकन में 72000 से नीचे का आय प्रमाण पत्र मांग रही है, जिसे सीओ निर्गत नहीं कर रही है, जबकि रांची में ऐसा कोई प्रावधान लागू नहीं किया गया है। एक ही राज्य में अलग-अलग नियम यह एक अजीब विडंबना है। वहीं पूर्व पार्षद अनूप साव ने कहा कि आरटीई एक्ट में गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर करने वाले बीपीएल कार्ड धारी को पूर्व से अपने बच्चों के नामांकन के लिए आवेदन करने का अधिकार था पर इस वर्ष जिला शिक्षा अधीक्षक किन कारणों से गरीब अभिभावकों को परेशान कर रही हैं पता नहीं चल रहा। ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी भ्रष्टाचार का खेल होगा। जिसका हम लोग विरोध करते हैं। मांग करते हैं कि दो मार्च का निर्धारण आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाया जाए, ताकि हम अभिभावक अपने जनप्रतिनिधि से बीपीएल कार्ड या आय प्रमाण पत्र दोनों में से किसी एक को मान्यता देने अथवा झरिया अंचल अधिकारी को 72000 से नीचे का आय प्रमाण पत्र निर्गत करने को कह कें। इस मौके पर मिथिलेश यादव, टुनटुन रजक, मिनी साव, टुन्नू गुप्ता, नरेश साव, बबलू वर्मा, सूरज वर्मा, शेखर रजक, बिहार बर्मन आदि उपस्थित थे।

## चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि

कतरास (आजाद सिपाही)। रामकनाली स्थित पार्श्वनाथ उद्यान में बीसीकेयू के केंद्रीय सचिव कंचन महतो एवं झामुमो के वरीय नेता राजेंद्र प्रसाद राजा के संयुक्त तत्वावधान में क्रांतिकारी व स्वतंत्रता सेनानी शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। सर्वप्रथम शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दर्जनों लोगों ने नमन किया। वहीं, वक्ताओं ने उनके आंदोलन एवं उद्देश्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए देश की आजादी को क्रांतिकारीयों के बलिदान की देन बताया। मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष साजन महतो, संजय महतो, पंचायत सचिव प्रदीप महतो, दिनेश महतो, शक्ति महतो, शंकर महतो, राजू महतो, बिनोद महतो, विवेक महतो, कमल दास, सोमनाथ महतो, अमर बाउरी, सोम बाउरी, अजीत दास, फुलचंद कुम्हार, मिथुन कुम्हार, सुनील दास आदि मौजूद थे।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(जिला विकास शाखा)

2nd Call इच्छा की अभिव्यक्ति
(Expression of Interest)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए DMFT मद से 1. HbA1c Machine 2. Hemoglobin Meter 3. CBC Machine (5 Parameter) क्रय किया जाना है।उक्त कार्य के दर निर्धारण हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूची बद्ध जिला विकास शाखा, कोडरमा में किया जायेगा। 1. HbA1c Machine 2. Hemoglobin Meter 3. CBC Machine (5 Parameter) क्रय किये जाने निमित आवयक कार्य/ Specificationसूची संलग्न।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)का आवेदन मुहर बन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान–जिला विकास शाखा,कोडरमा में दिनांक–05/03/2024 को अपराह्न 12:00 बजे तक हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक–05/03/2024 को 03:00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा।
नोटः–उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है। उपायुक्त, कोडरमा

PR 320515 (District)23-24*D

हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं 52/2023–24

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of P.C.C Road from H/O Chanrashekhar Kumar to Baleshwar Prasad in New Colony Babugaon in Ward No. 08 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,96,600/- | 20,000/- | 5,900/- | 60 Days |
| 2. | Construction of R.C.C Drain from Jibraltor Chowk Canary Jabra Road to Nala via H/O Murli Singh in Ward No. 08 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,92,939/- | 20,000/- | 5,900/- | 60 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग<br>दिनांक 05.03.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम, हजारीबाग<br>दिनांक 07.03.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम, हजारीबाग<br>दिनांक 07.03.2024 को 2.00 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक |
| 4. विज्ञापनदाता का पदनाम | : | नगर आयुक्त–सह–प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग। |

ह०/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 320499 Urban Development and Housing(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची

Un-Tied मद अन्तर्गत
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 44/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि/स्थान :– दिनांक 04.03.24 को 3.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि/स्थान :– दिनांक 05.03.24 को 3.00 बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 05.03.24 को 3.00 बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 स0/ ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि/ प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | शहरी क्षेत्र | शहरी क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड सं0 01 न्यू हॉट लिप्स के सामने मुख्य पथ से चर्च गली में पी0सी0सी0 पथ के साथ ढ़क्कन सहित नाली निर्माण। | 17,70,000.00 | 35,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :
1-Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0 प0नि0वि0/विविध 06–33/2007 (अंश – 1) 2146 (5) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 – 1, राँची

PR 320480 (NREP) 23-24 (D)

कार्यालय जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 21/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– जिला अभियन्ता जिला परिषद, गुमला
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 05.03.2024 (अप0 3.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 06.03.2024 (अप0 3.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 06.03.2024 (अप0 3:30 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला अभियन्ता जिला परिषद, गुमला
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला अभियन्ता जिला परिषद, गुमला
7. कार्य का विवरण मदवार :– विभिन्न भवनों परिसम्पतियों का निर्माण, मरम्मति एवं नवीकरण

| क्रम | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | कुल आवंटित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Sisai | Bhurso | Reparing work for Rajeev Gandhi Sewa Kendra (Panchayat Bhawan) | 2278900 | 5000 | 45578 | तीन माह |
| 2 | Gumla | Kulabira | Reparing work for Rajeev Gandhi Sewa Kendra (Panchayat Bhawan) | 2242900 | 5000 | 44858 | तीन माह |
| 3 | Dumri | Nawadih | Reparing work for Rajeev Gandhi Sewa Kendra (Panchayat Bhawan) | 2266000 | 5000 | 45320 | तीन माह |
| 4 | Gumla | Karti | Reparing work for Rajeev Gandhi Sewa Kendra (Panchayat Bhawan) | 2300500 | 5000 | 46010 | तीन माह |
| 5 | Ghaghra | Dirgaon | Reparing work for Rajeev Gandhi Sewa Kendra (Panchayat Bhawan) | 2395200 | 5000 | 47904 | तीन माह |
| 6 | Dumri | Khetli | Reparing work for Rajeev Gandhi Sewa Kendra (Panchayat Bhawan) | 2242900 | 5000 | 44858 | तीन माह |
| 7 | Chainpur | Chichhwani | Reparing work for Rajeev Gandhi Sewa Kendra (Panchayat Bhawan) | 2274600 | 5000 | 45492 | तीन माह |
| 8 | Chainpur | Buweynagar | Reparing work for Rajeev Gandhi Sewa Kendra (Panchayat Bhawan) | 2242900 | 5000 | 44858 | तीन माह |
| 9 | Bishunpur | Nirasi | Reparing work for Rajeev Gandhi Sewa Kendra (Panchayat Bhawan) | 2237100 | 5000 | 44742 | तीन माह |
| 10 | Bishunpur | Ghaghra | Reparing work for Rajeev Gandhi Sewa Kendra (Panchayat Bhawan) | 2214900 | 5000 | 44298 | तीन माह |
| 11 | Bishunpur | Narma | Reparing work for Rajeev Gandhi Sewa Kendra (Panchayat Bhawan) | 2295700 | 5000 | 45914 | तीन माह |
| 12 | Bharno | Duria | Reparing work for Rajeev Gandhi Sewa Kendra (Panchayat Bhawan) | 2287200 | 5000 | 45744 | तीन माह |
| 13 | Gumla | Thana road Gumla | Reparing work for Market Complex Building | 4969500 | 5000 | 99390 | पांच माह |

NIT के नियम एवं शर्तें :–
1.निविदा की विस्तृत शर्तों का अवलोकन जिला परिषद, गुमला के सूचना पट्ट एवं gumla.nic.in पर किया जा सकता है।

जिला अभियन्ता, जिला परिषद,गुमला

PR 320466 Rural Development(23-24)D

## विधायक पर जबरन मंदिर ट्रस्ट को जमीन देने के लिए ग्रामीणों पर दबाव बनाने का आरोप

# विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे सात परिवार के सदस्य, बिजली-पानी कटवाने का आरोप


बाघमारा विधायक के खिलाफ रणधीर वर्मा चौक पर धरने पर बैठे लोग।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**महुदा।** बाघमारा प्रखंड के टुंडो पंचायत स्थित चिटाही के ग्रामीणों ने विधायक ढुल्लू महतो पर कथित रूप से शोषण एवं अत्याचार का आरोप लगाते हुए धनबाद स्थित रणधीर वर्मा चौक के समीप अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये। बतातें चलें कि चिटाही धाम के राम राज मंदिर के समीप रहने वाले ग्रामीणों ने विधायक पर रैयती व पुश्तैनी जमीन को जबरन मंदिर ट्रस्ट को दान देने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। इससे पहले भी विधायक के खिलाफ ग्रामीण धरना दें चुके हैं। तब जिला प्रशासन ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था। लेकिन अब तक उचित कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीण फिर से धरने पर बैठ गये। गौरतलब हो कि चिटाही धाम में वर्तमान में सात परिवारों के घरों की बिजली काट दी गयी है। उन्हें पानी भी नहीं मिल रहा है। आरोप है कि बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा यह सब विधायक ढुल्लू महतो के इशारे पर किया जा रहा है। जबकि प्रावधान के मुताबिक बीसीसीएल क्षेत्र में बसे लोगों को सीएसआर के तहत मूलभूत सुविधाएं दी जानी चाहिए। उधर, स्थानीय ग्रामीण सुरेश महतो ने बताया कि मंदिर प्रांगण के बाहर उन लोगों की जमीन हैं जिसपर दुकान लगाकर अपने परिवार की आजीविका चलाते हैं। पर उस जमीन को विधायक मंदिर ट्रस्ट को जबरन दान में देने का दबाव बना रहे हैं। उनकी गुंडागर्दी से परेशान होकर धरने पर बैठे हैं, क्योंकि मंदिर ट्रस्ट को जमीन दान देने से मना करने पर विधायक द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा हैं। 25 जनवरी से अबतक हमारे घरों में बिजली नहीं हैं। जिस रास्ते से वे लोग आते-जाते हैं, उस पर मिट्टी गिरा दिया गया हैं। इसके अलावे दुकानों के आगे बांस व कपड़े से दीवालनुमा घेराव कर दिया गया जिससे श्रद्धालु उनकी दुकान पर नहीं आ सके। विधायक उन्हें 2019 से ही परेशान कर रहे हैं। वहीं सुनीति महतो ने आरोप लगाया कि ढुल्लू महतो अपने विधायक पद का गलत प्रयोग कर रहे हैं। हम ग्रामीणों की जमीन को जबरन छिनना चाहता हैं। पर अब उनके अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने लगे हैं। आरोप लगाया कि प्रशासन भी विधायक के दबाव में काम कर रही है। हमें जमीन नापी का नोटिस जिस दिन दिया गया। उससे दो दिन पहले ही अचानक नापी कर दी गई। इसका प्रथम पक्ष कौन हैं इसका अता-पता ही नहीं हैं। उनकी दबंगई के खिलाफ डीसी और मुख्यमंत्री सहित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भी लिखित शिकायत की हैं। जबतक हमें न्याय नहीं मिलता तबतक धरने पर बैठे रहेंगे। इस बार हमें आश्वासन नहीं न्याय चाहिए।

## न्यूज रील्स

### रास चुनाव : कर्नाटक में कांग्रेस को तीन, भाजपा को एक सीट मिली

बंगलुरु। कर्नाटक में मंगलवार को राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने तीन सीट, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने एक सीट जीती। उच्च सदन के लिए निर्वाचित नेताओं में कांग्रेस के उम्मीदवार अजय माकन, जीसी चंद्रशेखर और सैयद नसीर हुसैन. जबकि भाजपा के नारायणसा के भांडगे शामिल हैं। कांग्रेस उम्मीदवारों में अजय माकन 47, डॉ. सैयद नसीर हुसैन 46 और जीसी चंद्रशेखर 46 वोटों से जीते। राज्यसभा चुनाव में चार सीट के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें जनता दल (सेक्युलर) के उम्मीदवार डी कुपेंद्र रेड्डी भी शामिल थे। चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई। भाजपा विधायकों में से एक, एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस के अजय माकन के लिए मतदान किया, जबकि अन्य विधायक ए शिवराम हेब्बार ने मतदान में भाग नहीं लिया। राज्यसभा चुनाव में जीत के लिए डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कार्यकताओं को धन्यवाद दिया है।

### महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ने 103.58 करोड़ की लागत से बनवाया अस्पताल

# सीएम ने झारसुगुड़ा में कार्डिएक केयर अस्पताल का किया उद्घाटन

**एमसीएल ने इलाके में हृदय रोग चिकित्सा होगी सुलभ, लोगों को होगी सुविधा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने झारसुगुड़ा में कार्डिएक केयर अस्पताल के माध्यम से सामाजिक कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है, जिसका उद्घाटन मंगलवार को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा किया गया। झारसुगुड़ा में आयोजित उद्घाटन समारोह में अक्षय एस बापट, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) एमसीएल भी उपस्थित रहे।




ओडिशा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से एमसीएल ने झारसुगुड़ा में निर्मित अत्याधुनिक एक सौ बिस्तरीय कार्डिएक केयर अस्पताल ओडिशा सरकार को प्रदान किया। एमसीएल द्वारा सीएसआर पहल के तहत 103.58 करोड़ रुपये के निवेश से अस्पताल के बुनियादी ढांचे का निर्माण, चिकित्सा उपकरणों की खरीद और चिकित्सा कर्मियों के लिए आवासीय परिसर की स्थापना शामिल है। यह कार्डियक केयर अस्पताल पश्चिमी ओडिशा के अपेक्षाकृत कम उन्नत क्षेत्रों के लिए स्वास्थ्य सेवा में उन्नति के प्रतीक के रूप में उभरेगा। उन्नत चिकित्सा प्रौद्योगिकियों से सुसज्जित, इस अस्पताल में पश्चिमी ओडिशा के निवासियों को कम कीमत पर गुणवत्ता हृदयरोग चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होगी।

# विपक्षी गठबंधन ने चुनाव से पहले मानी हार: पीएम मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**तिरुपुर (तमिलनाडु)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सार्वजनिक बैठक में हिस्सा लेने के लिए तमिलनाडु में तिरुपुर के पल्लदम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के विकास से लेकर विपक्षी गठबंधन पर बात की। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने जो गठजोड़ बनाया है, उसने पहले ही हार मान ली है। पीएम ने कहा कि आज जहां भी मेरी नजर पड़ रही है, वहां पर लोग ही लोग नजर आ रहे हैं। इतना बड़ा विराट सम्मेलन, आप सब इतनी बड़ी तादाद हम सबको आशीर्वाद देने के लिए आए मैं आपका हृदय से अभिनंदन करता हूं।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो लोग दिल्ली के एयर कंडीशन कमरों में बैठकर देश को टुकड़ों में देखने की कोशिश करते हैं, देश को टुकड़ों में बांटने की कोशिश करते हैं, वो जरा आकर के देख लें कि तमिलनाडु हिंदुस्तान का भाग्य बनाने वाला ये राज्य आज आपके आंखों के सामने है। जिन्होंने दशकों तक तमिलनाडु को लूटा, वो लोग भाजपा की बढ़ती ताकत से घबराये हुए हैं। वो लोग झूठ बोलकर, जनता को आपस में बांटकर, लोगों को लड़वाकर अपनी कुर्सी बचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जो राजनीति के समीकरण बनाते हैं, वे लिख लें कि इस बार देश का भाग्य पक्का करने में तमिलनाडु सबसे आगे होगा। 2024 में आज तमिलनाडु की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, क्योंकि तमिलनाडु देश में विकास की राजनीति का, नयी राजनीति का सबसे नया सेंटर बनने जा रहा है। 2024 में तमिलनाडु एक नया इतिहास रचने जा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि आप ये भी याद रखिए कि द्रमुक और कांग्रेस लंबे समय से एक दूसरे के सहयोगी हैं। 2004-14 तक द्रमुक के लोग कांग्रेस की यूपीए सरकार के बड़े मंत्रालयों में मंत्री थे, लेकिन इसके बाद भी इन लोगों ने तमिलनाडु के लोगों के विकास को प्राथमिकता नहीं दी। उन्होंने कहा कि एमजीआर ने परिवार के आधार पर नहीं, बल्कि प्रतिभा के आधार पर लोगों को आगे बढ़ाया। लेकिन दुर्भाग्य से आज तमिलनाडु में द्रमुक के कारण जो राजनीति हो रही है, वो एमजीआर साहब के लिए अपमान जैसी है। अगर एमजीआर के बाद कोई था, तो वो अम्मा जयललिता जी थीं, जिन्होंने तमिलनाडु के जनहित और जनकल्याण के लिए अपना पूरा जीवन दिया।

# चार दिवसीय यात्रा पर आज ओड़िशा आयेंगी राष्ट्रपति, तैयारी पूरी

**भुवनेश्वर में किया गया कारकेड रिहर्सल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को ओड़िशा के चार दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस की ओर से मंगलवार को कारकेड रिहर्सल किया गया। एयरपोर्ट से राजभवन और वहां से उत्कल यूनिवर्सिटी परिसर तक कारकेड रिहर्सल किया गया। कारकेड रिहर्सल में 28 गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। राष्ट्रपति बुधवार को विशेष विमान से बीजू पटनायक हवाई अड्डे पर पहुंचेंगी। प्रोटोकॉल के मुताबिक राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य लोग उनका स्वागत करेंगे। फिर एयरपोर्ट परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। वहां से राष्ट्रपति राजभवन जायेंगी। वह वायुसेना के विशेष हेलीकॉप्टर से मयूरभंज, क्योंझर, ब्रह्मपुर, कटक और संबलपुर जायेंगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा की निगरानी के लिए कमिश्नरेट पुलिस द्वारा 30 प्लाटून बलों के साथ 150 से अधिक अधिकारियों को तैनात किया गया है।



**क्योंझर में नो-फ्लाइंग जोन की घोषणा**

राष्ट्रपति की 29 तारीख को क्योंझर जिले की एक दिवसीय यात्रा की तैयारी चल रही है। पुलिस प्रशासन ने राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान कार्यक्रम स्थल से 700 मीटर के दायरे में नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया है।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति सबसे पहले 11.40 बजे क्योंझर जिले के गोनासिका पहुंचेंगी और जनजातीय लोगों के साथ बातचीत करेंगी। इसके बाद वह दोपहर तीन बजे धरणीधर विश्वविद्यालय उत्तर परिसर में राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेंगी। इस सेमिनार में क्योंझर में रहने वाले आदिवासियों की संस्कृति और विरासत पर चर्चा की जायेगी और वह छात्रों को संबोधित करेंगी। इसमें जिले के लगभग 150 आदिवासी समुदाय के लोग भाग लेंगे और अपनी पारंपरिक कला, कपड़े, आभूषण आदि का प्रदर्शन करेंगे। इस धरणीधर विश्वविद्यालय के कुल छात्रों में से 28 प्रतिशत छात्र आदिवासी समुदाय से हैं। जब राष्ट्रपति आयेंगी, तो उनका स्वागत आदिवासी लोग अपने पारंपरिक संगीत नृत्य से करेंगे। दोपहर 3:00 बजे से 3:45 बजे तक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति भुवनेश्वर के लिए रवाना हो जायेंगी।

# जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन ने धुबेनछापल गांव में खुले में शौच और कचरा मुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन द्वारा संबलपुर के ठेलकोलोई ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले धुबेनछापल गांव के गौंतियापड़ा और पाउलेपड़ा ने गांव के कल्याण के लिए खुले में शौच और कचरा मुक्त कार्यक्रम की गौरव यात्रा निकाली । इसका आयोजन ग्राम निग्रानी समिति, ग्राम जल स्वच्छता समितियां और



फीडबैक फाउंडेशन द्वारा किया गया था । समारोह में जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल के सीएसआर प्रमुख, रेंगली ब्लॉक बीडीओ, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक और ब्लॉक समन्वयक, ब्लॉक जूनियर जंत्री, ठेलकोलोई ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचायत विस्तार अधिकारी, वार्ड सदस्य, स्थानीय विद्यालय के शिक्षक, एमबीके सीआरपी, ग्राम जल स्वच्छता समिति, स्वयं सहायता समूह और आम जनता ने भाग लिया।


RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in


# वेदांता एल्युमीनियम एनजीओ भागीदारी के माध्यम से लगभग 5 लाख लाभार्थियों के जीवन को उज्ज्वल करता है

**दो लोगों के लाइफ कवर और तीन पीढ़ियों तक मिलने वाली आय को एक ही उत्पाद में पैक किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विश्व एनजीओ दिवस पर भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने घोषणा की कि गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ साझेदारी में उसके प्रभावशाली आउटरीच प्रयासों के परिणामस्वरूप लगभग 5 लाख व्यक्तियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। संचयी रूप से, कंपनी के सामाजिक हस्तक्षेपों ने पिछले वित्तीय वर्ष में 6.3 लाख से अधिक व्यक्तियों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। कंपनी सामुदायिक आवश्यकताओं, सरकार की विकासात्मक पहलों और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप सामाजिक-आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए 20 से अधिक गैर सरकारी संगठनों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है।

वेदांता एल्युमीनियम के परिचालन में झारसुगुड़ा में दुनिया के सबसे बड़े एल्युमीनियम स्मेल्टरों में से एक, ओडिशा के लांजीगढ़ में एक विश्व स्तरीय




एल्यूमिना रिफाइनरी, छत्तीसगढ़ के कोरबा में भारत का प्रतिष्ठित एल्युमीनियम उत्पादक बाल्को और बढ़ती खदानें शामिल हैं। साथ मिलकर, वे बहुआयामी ग्रामीण गरीबी को कम करके, उद्यम और रोजगार के अवसर पैदा करके ग्रामीण भारत के कई क्षेत्रों को सामाजिक-आर्थिक मुख्यधारा में ला रहे हैं। कंपनी के सामाजिक कल्याण हस्तक्षेप महिला एवं बाल विकास पर ध्यान देने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आजीविका, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और जमीनी स्तर के खेल, कला और संस्कृति तक फैले पांच विषयगत क्षेत्रों पर आधारित हैं।

एनजीओ इस पूरे प्रयास में महत्वपूर्ण हैं, जिसमें ग्रामीण समुदायों में गहरी पैठ, कार्यक्रम विकास विशेषज्ञता और सामाजिक संरचनाओं और रीति-रिवाजों पर अंतर्दृष्टि जैसी ताकतें शामिल हैं। वे वैज्ञानिक आधार पर कार्य करते हैं, वेदांत एल्युमीनियम के सामाजिक समर्थन से लाभान्वित होने वाले समुदायों की जरूरतों का पता लगाने के लिए आवश्यकता आकलन करते हैं, कल्याण पहल के लिए एक प्रोग्रामेटिक दृष्टिकोण विकसित करते हैं, और कल्याण कार्यक्रमों की प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए नियमित प्रभाव आकलन करते हैं। एनजीओ बाद में इन निश्चित निष्कर्षों के आधार पर चल रहे कार्यक्रमों को पुनः अंशांकित या बढ़ाते हैं।

वेदांता एल्युमीनियम के सीइओ जॉन स्लेवेन ने कहा, वित्त वर्ष 2011 और वित्त वर्ष 23 के बीच हमारे सामुदायिक निवेश में 45% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो उन समुदायों के समग्र विकास के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को दशार्ता है जिनके भीतर हम काम करते हैं। प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठनों के साथ रणनीतिक साझेदारी स्थापित करके, हम अपने समुदाय के सदस्यों के लिए प्रभावशाली सामाजिक कल्याण पहलों को डिजाइन करने और वितरित करने के लिए अपनी साझा शक्तियों का लाभ उठाते हैं। वेदांत एल्युमीनियम में, हम मानते हैं कि समावेशी विकास समाज के सभी वर्गों को सशक्त बनाने से होता है। हमारी एनजीओ भागीदारी परिवर्तनकारी, सतत विकास को उत्प्रेरित करके इस मोर्चे पर काम करती है।

इन पहलों के प्रभाव को साझा करते हुए, डॉ. एक्शन फॉर फूड प्रोडक्शन (एएफपीआरओ) के कार्यकारी निदेशक, जैकब जॉन ने कहा, वेदांत एल्युमीनियम के साथ हमारी साझेदारी के माध्यम से, हम हजारों किसानों पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव सुनिश्चित कर रहे हैं और युवा पीढ़ियों के लिए एक स्थायी आजीविका विकल्प के रूप में खेती को फिर से स्थापित कर रहे हैं।₹ महाशक्ति फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक, श्री जुगल पटनायक ने कहा, हमने उद्यमिता पहल पर वेदांत एल्युमीनियम के साथ साझेदारी की है जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को अपने परिवार की भलाई के बारे में सूचित विकल्प चुनने में मदद कर रही है और अपने समुदाय के विकास में अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही है।


बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring,
405" 6" 8" Dia All Motor
& Pump Fitting, Building Material



Mob : 9973853279, 9031249105
कृष्णा ज्वेलर्स
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची



FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand),Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com



S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569


# रवींद्र कुमार बने एनटीपीसी के निदेशक (संचालन)

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रवींद्र कुमार ने 26 फरवरी को एनटीपीसी के निदेशक (संचालन) के रूप में कार्यभार संभाला है। उन्होंने बीएससी के बाद (इंजीनियरिंग) 1988 में बीआइटी सिंदरी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पूरा किया। एनटीपीसी लिमिटेड में निदेशक (संचालन) के रूप में शामिल होने से पहले वह एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (संचालन) के ओएसडी (विशेष कार्य अधिकारी) थे। श्री कुमार 1989 में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी अधिकारी के रूप में एनटीपीसी लिमिटेड में शामिल हुए और उनके पास कमीशनिंग, ओएंडएम, इंजीनियरिंग और प्रोजेक्ट प्रबंधन में 34 वर्षों से अधिक का विविध और बहुमुखी अनुभव है।



श्री कुमार ने एनटीपीसी कहलगांव परियोजना में ओएंडएम कार्य में विभिन्न पदों पर काम किया है। उन्हें इंजीनियरिंग विभाग में कॉरपोरेट सेंटर में काम करने और निदेशक (तकनीकी) के लिए तकनीकी सहायता के रूप में काम करने का अनुभव है। वह बांग्लादेश इंडिया फ्रेंडशिप पावर कंपनी लिमिटेड (बीआइएफपीसीएल), बांग्लादेश की पहली मैत्री सुपरक्रिटिकल बिजली परियोजना के विकास में सक्रिय रूप से शामिल थे। मुख्य तकनीकी अधिकारी (सीटीओ) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बीआइएफपीसीएल की 660 मेगावाट की पहली इकाई की सभी इंजीनियरिंग, कमीशनिंग और ओएंडएम गतिविधियों का नेतृत्व किया। पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) के रूप में उन्होंने विभिन्न निर्माण और गतिविधियों में तेजी लायी। वह कॉरपोरेट और साइट अनुभव, जन-केंद्रित दृष्टिकोण, ज्ञान और पूरे बिजली क्षेत्र के अनुभव के साथ एक पेशेवर हैं।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

# खनन उद्योग का देश के विकास में योगदान



## गोंदलपुरा खनन परियोजना के शुरू होने से सरकार को मिलेगा 600 करोड़ का राजस्व



**बड़कागांव।** झारखंड के पास इतना कोयला है कि यह राज्य ओडिशा और छत्तीसगढ़ को कमाई में पीछे छोड़ सकता है। लेकिन यह तभी संभव है, जब यहां कोयले का उत्पादन बढ़ाया जाये और आवंटित कोल ब्लॉकों में जल्द से जल्द खनन शुरू किया जाये। झारखंड में अगर कोयला के उत्पादन की बात करें, तो वर्ष 2022 में यहां 130.104 मिलियन टन कोयले का उत्पादन हुआ था, जबकि वर्ष 2021 में 123.428 मिलियन टन कोयला निकाला गया था। वर्ष 2019 में कोयले का उत्पादन 134.666 मिलियन टन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) और उसकी सहायक कंपनियों ने 2020-21 में 596.22 मीट्रिक टन और वर्ष 2021-22 के दौरान 4.4% की वृद्धि करते हुए 622.63 मीट्रिक टन का उत्पादन किया। 2022-23 के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड का कोयला उत्पादन 12.94% की वृद्धि के साथ 703.21 मीट्रिक टन रहा।

## एक कोयला खान से पांच से 10 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

कोयला बाहुल क्षेत्र हजारीबाग के बड़कागांव में आवंटित कोल ब्लॉकों में जल्द खनन शुरू होने से राज्य सरकार को राजस्व का अतिरिक्त लाभ होगा, जबकि यहां रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। खान विभाग के अधिकारियों के अनुसार, एक कोल ब्लॉक से औसतन पांच से दस हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का अवसर मिलता है। जिसमें आसपास खुलने वाली दुकानें, डंपर संचालक और अन्य व्यवसाय आदि शामिल हैं। बड़कागांव में एनटीपीसी, एनएमडीसी, अदाणी और जेएसडब्ल्यू समेत अन्य निजी कंपनियों को भारत सरकार की ओर से कोयला मंत्रालय ने कोयला खान आवंटित किया है। यहां खनन शुरू होने से इलाके की तस्वीर बदलेगी और विकास के नये आयाम दिखेंगे। स्थानीय स्तर पर रोजगार के असीम मौके मिलेंगे और राज्य सरकार को भी राजस्व का बड़ा लाभ होगा। सिर्फ अदाणी इंटरप्राइजेज के गोंदलपुरा खनन परियोजना के शुरू होने से राज्य सरकार को करीब 600 करोड़ रुपये का राजस्व हर साल मिलेगा। इतनी बड़ी रकम का इस्तेमाल स्थानीय स्तर पर आधारभूत संरचना को विकसित करने, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ बेहतर जीवन उपलब्ध कराने के लिए किया जा सकेगा। कोयला खनन शुरू होने से अवैध कोयले की तस्करी पर भी लगाम लगेगी। एक आंकड़े के मुताबिक, झारखंड से हर रोज करीब 530 ट्रक अवैध कोयला निकलता है। यह सारे कोयले की चोरी बंद पड़ी खदानों या उत्खनन की अधिकारिक रूप से बाट जोह रही खदानों से होती है, जिसमें फॉरेस्ट लैंड भी शामिल है। इससे सरकार को राजस्व की भारी होनी होती है।



### कोयले की कहानी:-

लगभग तीन सौ मिलियन वर्ष पूर्व पृथ्वी पर निचले जलीय क्षेत्रों में घने वन थे। बाढ़ जैसे प्राकृतिक प्रक्रमों के कारण ये वन मृदा के नीचे दब गए। उनके ऊपर अधिक मृदा जम जाने के कारण वे संपिडित हो गये।जैसे-जैसे वे गहरे होते गये उनका ताप भी बढ़ता गया। उच्च ताप और उच्च दाब के कारण पृथ्वी के भीतर मृत पेड़ पौधे धीरे धीरे कोयले में परिवर्तित हो गये। कोयले में मुख्य रूप से कार्बन होता है। मृत वनस्पति के धीमे प्रक्रम द्वारा कोयले में परिवर्तन को कार्बनीकरण कहते हैं। क्योंकि वह वनस्पति के अवशेषों से बना है अतः कोयले को जीवाश्म ईंधन भी कहते हैं।

### कोयले के स्रोत



खानों से निकाले जाने वाला यह शक्तिप्रदायक खनिज मुख्यतः चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी, पोलैंड, ऑस्ट्रेलिया तथा भारत में पाया जाता है। भारत में यह मुख्यतः झारखंड, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल आंध्र प्रदेश/तेलंगाना एवं तमिनाडु में पाया जाता है। जनवरी 2000 में किये गये आकलन के अनुसार भारत की खानों में कुल 211.5 अरब टन कोयले का भंडार है।

### पर्यावरण सुरक्षा और आधारिक संरचना का विकास



प्रस्तावित सुधारों के तहत राजस्व हिस्सेदारी में छूट के माध्यम से कोयला गैसीकरण/द्रवीकरण (को प्रोत्साहन दिया जाएगा। वर्ष 2023-24 तक 1 बिलियन टन वार्षिक कोयला उत्पादन के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये केंद्र सरकार द्वारा कोयला खनन से जुड़ी आधारभूत संरचना के विकास हेतु 50,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इस पहल के तहत खदानों से रेलवे लाइनों तक कोयले को आसानी से पहुँचाने के लिये 18,000 करोड़ के निवेश से कन्वेयर बेल्ट प्रणाली की स्थापना की जाएगी।

## देश को बिजली उत्पादन के लिए बाहर से मंगवाना पड़ता है कोयला



गर्मी के समय में झारखंड समेत देश भर में बिजली की खपत बढ़ी है। कोयला कंपनियों पर उत्पादन बढ़ाने का दबाव है। आंकड़ों के मुताबिक 2023-24 के लिए एक हजार मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य कोल इंडिया समेत अन्य कंपनियों ने रखा है। हालांकि, भारत सरकार को अभी भी सिर्फ बिजली की जरूरत पूरा करने के लिए 100 मिलियन टन के आसपास कोयला विदेशों से मंगवाना पड़ रहा है। झारखंड की बात करें तो यहां गर्मी आते ही पावर प्लांटों में कोयले की कमी हो जाती है, जिस कारण लोगों को बिजली की समस्या से परेशान होना पड़ता है। हजारीबाग में तो खासकर बिजली की समस्या विकराल रूप ले लेती है। ऐसे में जल्द खनन शुरू होने से बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी और आम लोगों को काफी राहत मिल सकेगी।

## यातायात के विकास के लिए पत्थर का कोयला परमावश्यक पदार्थ



आधुनिक युग में उद्योगों तथा यातायात के विकास के लिये पत्थर का कोयला परमावश्यक पदार्थ हैं। लोहे तथा इस्पात उद्योग में ऐसे उत्तम कोयले की आवश्यकता होती है जिससे कोक बनाया जा सके। भारत में साधारण कोयले के भंडार तो प्रचुर मात्रा में प्राप्त हैं, किंतु कोक उत्पादन के लिये उत्तम श्रेणी का कोयला अपेक्षाकृत सीमित है। गोंडवाना कोयला उच्च श्रेणी का होता है। इसमें राख की मात्रा अल्प तथा तापोत्पादक शक्ति अधिक होती है। तृतीय कल्प का कोयला घटिया श्रेणी का होता है। इसमें गंधक की प्रचुरता होने के कारण यह कतिपय उद्योगों में प्रयुक्त नहीं किया जा सकता। भारत में गोंडवाना युग के प्रमुख क्षेत्र झरिया (झारखंड) तथा रानीगंज (बंगाल) में स्थित है। अन्य प्रमुख क्षेत्रों में बोकारो, गिरिडीह, करनपुरा, पेंचघाटी, उमरिया, सोहागपुर, सिगरेनी, कोठा गुदेम आदि उल्लेखनीय हैं। भारत में उत्पादित संपूर्ण कोयले का 70 प्रतिशत केवल झरिया और रानीगंज से प्राप्त होता है। तृतीय कल्प के कोयले, लिग्नाइट और बिटूमिनश आदि के निक्षेप असम, कश्मीर, राजस्थान, तमिलनाडू और गुजरात राज्यों में है। मुख्य गोंडवाना विरक्षा तथा अन्य संबंधित कोयला निक्षेप प्रायद्वीपीय भारत में दामोदर, सोन, महानदी, गोदावरी और उनकी सहायक नदियों की घाटियों के अनुप्रस्थ एक रेखाबद्ध क्रम में वितरित हैं।

## डीएमएफटी से हुई है झारखंड को अच्छी आमदनी



देश के चार राज्यों में कोयला उत्पादन का आंकड़ा देखें तो 80 फीसदी कुल कोयला उत्पादन में से छत्तीसगढ़ की हिस्सेदारी करीब 22%, उड़ीसा की 21%, मध्य प्रदेश की 18% और झारखंड की लगङ्गाग 17% फीसदी है। डीएमएफटी (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड ट्रस्ट) की बात करें, तो देश में जितने पैसे इस फंड के तहत विभिन्न राज्यों को मिले हैं, उसमें सर्वाधिक आमदनी वाले शीर्ष तीन राज्यों में से झारखंड ड्डी शामिल है। कोकिंग कोल के उत्पादन में झारखंड शीर्ष पर है। हालांकि, ओवरऑल कोयला उत्पादन में झारखंड चौथे स्थान पर है। छत्तीसगढ़ पहले, दूसरे स्थान पर ओडिशा और तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश है। झारखंड ने पिछले वर्ष 119.226 मीट्रिक टन कोयला उत्पादन किया है और चौथे नंबर पर है।



**निष्कर्ष:** हाल के वर्षों में भारत ने अपनी विनिर्माण और निर्यात क्षमता बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है। भारतीय औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु स्थानीय स्तर पर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना एवं इसकी लागत में कमी लाना बहुत ही आवश्यक है। वर्तमान में भारत में विश्व का 5वां सबसे बड़ा कोयला भंडार है, कोयला क्षेत्र में अन्य उद्योगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ बड़ी मात्रा में रोजगार सृजन की भी संभावनाएं हैं। पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिये नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा दिया जाना बहुत ही आवश्यक है परंतु वर्तमान में परिस्थिति में देश की कुल ऊर्जा जरूरतों को नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से पूरा कर पाना एक बड़ी चुनौती होगी। ऐसे में निजी क्षेत्र के सहयोग के साथ कोयला खनन में आत्मनिर्भरता को बढ़ाना देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम होगा।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**